

■ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप हैं भाई भतीजावाद और खुदगर्जी : शीर्ष कोर्ट - 12




■ शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 283 अंक चढ़ा - 12



■ दोनों पक्षों के बीच बनी आम सहमति अब तैयार होगा समझौते का मसौदा - 13



■ जम्मू-कश्मीर ने रणजी के फाइनल में पहुंचकर रचा इतिहास - 14


आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.48
सूर्यास्त 06.04

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वितीया 03:59 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 19 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 360, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारत एआई में असाधारण सफर की ओर, हम इसमें भागीदार बनने को प्रतिबद्ध : पिचाई

- गूगल सीईओ ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव की घोषणा की

AI IMPACT SUMMIT भारत 2026 INDIA

नई दिल्ली, एजेंसी

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बुधवार को कहा कि भारत एआई के क्षेत्र में एक 'असाधारण सफर' पर अग्रसर है और कंपनी देश के इस एआई बदलाव में भागीदार बनने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पिचाई ने कहा, एआई हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा बदलाव है। उन्होंने स्वास्थ्य जांच में सुधार से लेकर किसानों को वास्तविक समय में जानकारी व चेतावनी देने जैसी बड़ी चुनौतियों का व्यापक स्तर पर समाधान करने की इसकी क्षमता पर भी प्रकाश डाला।



नई दिल्ली में गूगल के सीईओ के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

उन्होंने उल्लेख किया कि भारत की विविधता, भाषाई परिवेश और मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा इसे नवाचार के लिए एक शक्तिशाली आधार और वैश्विक स्तर पर एआई के लोकतंत्रीकरण के लिए एक ठोस खाका बनाता है। पिचाई ने इस बात पर जोर दिया कि एआई को अपनाते समय विश्वास, सुरक्षा और समावेशन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एआई को विभिन्न भाषाओं व स्थानीय संदर्भों में काम करना चाहिए। इसे ऐसे वास्तविक लाभ प्रदान करने चाहिए जिन पर लोग भरोसा कर सकें। विश्वास तब बढ़ता है जब प्रौद्योगिकी पारदर्शी, जिम्मेदार व परिणामों पर आधारित होती है। (संबंधित कारोबार पेज पर)

### गूगल के सीईओ बोले-अगला वैश्विक एआई दिग्गज भारत से निकलने में कोई बाधा नहीं

**नई दिल्ली।** सुंदर पिचाई ने कहा कि भारत में ऐसा बदलाव हो रहा है जिससे अगला वैश्विक एआई दिग्गज यहीं से निकल सकता है। देश में एआई के लिए अनुकूल परिवेश विकसित हो चुका है और भारत असाधारण स्वदेशी कंपनियां बना रहा है। उन्होंने फ्लिपकार्ट और ओयो जैसी स्टार्टअप कंपनियों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत सफल और असाधारण कंपनियां तैयार कर रहा है। पिचाई ने कहा, यह पहले ही बदल चुका है। जब आप फ्लिपकार्ट और ओयो जैसी कंपनियों को देखते हैं, तो ये सभी यहीं की स्वदेशी कंपनियां हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। बेंगलुरु जैसे केंद्रों में डेवलपर की ऊर्जा अद्वितीय है और यहां का उद्यमिता परिवेश फलता-फूलता है। पिचाई ने एआई क्षेत्र में प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि सर्वम जैसी कंपनियों द्वारा स्थानीय एआई मॉडल विकसित करना यह दर्शाता है कि उन्नत नवाचार अब घरेलू स्तर पर हो रहा है।

### भारत-अमेरिका के बीच समुद्री केबल बिछाएगी गूगल, 3 करोड़ डॉलर के साइंस चैलेंज की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत की एआई क्षमता पर बड़ा दांव लगाते हुए गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बुधवार को भारत, अमेरिका और अन्य स्थानों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए समुद्र के भीतर केबल बिछाने की एक नयी पहल की घोषणा की। इसके साथ ही 800 जिलों के दो करोड़ से अधिक लोक सेवकों को क्लाउड अवसंरचना मंच सहायता प्रदान करने के लिए साझेदारी की भी घोषणा की। एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए पिचाई ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद कहा, एआई हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा बदलाव है। भारत जैसे देशों के लिए यह पुरानी कमियों को दूर करने और नए अवसर पैदा करने का एक बड़ा मौका है। शोध एवं वैज्ञानिक नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए गूगल ने तीन करोड़ डॉलर के एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चैलेंज की घोषणा की। यह पहल अगली पीढ़ी की वैज्ञानिक खोजों में लगे एआई शोधकर्ताओं का समर्थन करेगी।

### रोबोटिक डॉग विवाद के बाद गलगोटिया समिट से बाहर

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के गलगोटिया विश्वविद्यालय को समिट में प्रदर्शित एक चीन-निर्मित रोबोटिक डॉग को अपना नवाचारी उत्पाद कहकर पेश किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर उठे विवाद के बीच बुधवार को अपना स्टॉल खाली करने के लिए कह दिया गया। ग्रेटर नोएडा स्थित विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में इस रोबोटिक डॉग को अपने स्तर पर विकसित उत्पाद बताया था, जबकि वह असल में चीन की कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स का उत्पाद निकला। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

## ब्रीफ न्यूज

### आई-पैक छापेमारी ईडी की याचिका पर सुनवाई 18 मार्च को

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने मंगलवार को ईडी की उस याचिका पर सुनवाई 18 मार्च तक स्थगित कर दी जिसमें आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल सरकार, जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी शामिल हैं, ने आई-पैक कार्यालय और उसके निदेशक के परिसर में कथित कोयला चोरी घोटाले के संबंध में ईडी के छापे के दौरान बाधा डाली। पीठ ने उस वक्त मामले की सुनवाई स्थगित की जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि दिन के दौरान जवाब दाखिल किया जाएगा।

### पुलिस ने रुद्रपुर में सीएससी संचालक को किया गिरफ्तार

**रुद्रपुर।** एसटीएफ और ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए फर्जी आधार कार्ड सहित दस्तावेज बनाने के आरोपी सीएससी संचालक चेतन गंगवार निवासी रामपुर (यूपी) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 40 आधार कार्ड, 53 पैनकार्ड, हाईस्कूल की 9 व इंटर की 1 अंकतालिका, 11 फोटो पेपर शीट, फिंगर प्रिंट और बॉयोमेट्रिक स्कैनर सहित कई उपकरण बरामद किए हैं। (विस्तृत पेज-6)

### बच्चों के साथ खेल रही 6 वर्ष की मासूम को कूड़ा वाहन ने कुचला

**रामनगर।** गांव पूछडी बिहारी टप्पर इलाके में बच्चों के साथ घर के पास खेल रही छह वर्ष की मासूम आलिया को कूड़ा वाहन ने कुचल दिया। घटना में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने कूड़ा वाहन चालक को नाबालिग बताकर हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस से तीखी नोकझोंक हो गई और भीड़ ने पुलिस के वाहन को घेर लिया। पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया। (विस्तृत पेज-3)

# निजी अंग पकड़ना व पायजामे का नाड़ा खींचना रेप का प्रयास ही माना जाएगा

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इसे रेप की तैयारी बताया था, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला पलटा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक विवादास्पद आदेश को रद्द करते हुए कहा है कि निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार का प्रयास है। हाईकोर्ट ने अपने विवादित आदेश में कहा था कि निजी अंग पकड़ना व पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार करने की केवल तैयारी हैं।

सीजेआई सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि विवादित आदेश को आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांतों के स्पष्ट रूप से गलत प्रयोग के कारण रद्द किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेकर दायर याचिका पर 10 फरवरी को यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने याचिका में इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस आदेश का संज्ञान लिया है कि केवल निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार के अपराध के बराबर नहीं है। उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत ने रद्द कर दिया और मामले के दो आरोपियों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दर्ज बलात्कार के प्रयास के मूल कड़े आरोपों को बहाल कर दिया। पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालय के इस निष्कर्ष से सहमत नहीं हो सकते कि इस मामले में आरोप केवल तैयारी से संबंधित थे और वे बलात्कार करने का प्रयास का नहीं थे। उसने कहा, आरोपियों द्वारा किया गया प्रयास हमें स्पष्ट और अनिवार्य रूप से इस निष्कर्ष पर पहुंचाता है कि शिकायतकर्ता और अभियोजन पक्ष द्वारा बलात्कार के प्रयास से संबंधित प्रावधान लागू किए जाने का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। विवादित निर्णय आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांतों के स्पष्ट रूप से गलत प्रयोग के कारण रद्द किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि इन आरोपों को सरसरी तौर पर देखने पर भी इस बात को लेकर रत्ती भर संदेह की गुंजाइश नहीं रहती कि जो मामला बनता दिख रहा है, वह यह है कि आरोपियों ने आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) के तहत अपराध करने के पूर्व निर्धारित इरादे से ये हरकतें कीं। पीठ ने कहा, 17 मार्च, 2025 का विवादित फैसला रद्द किया जाता है और 23 जून, 2023 का वह मूल समन आदेश बहाल किया जाता है जो विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो), कासगंज ने पारित किया था। उसने साथ ही कहा, यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि इस न्यायालय ने इस फैसले में जो टिप्पणियां की हैं, वे केवल शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत मामले के प्रथम दृष्टया परिप्रेक्ष्य में की गई हैं और इन्हें आरोपियों की दोषसिद्धि को लेकर किसी प्रकार की राय नहीं समझा जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने 17 मार्च 2025 को कहा था कि किसी लड़की के निजी अंग पकड़ना व पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार का मामला नहीं है।



### न्यायाधीशों के नजरिये पर दिशानिर्देश बनाने के लिए समिति गठित करे राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी : शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक दृष्टिकोण में संवेदनशीलता विकसित करने की जरूरत का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी को निर्देश दिया कि वह यौन अपराध के मामलों की सुनवाई करने वाले न्यायाधीशों के नजरिये को लेकर दिशानिर्देश तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करे। शीर्ष अदालत ने भोपाल स्थित अकादमी को 'यौन अपराधों और अन्य संवेदनशील मामलों के संदर्भ में न्यायाधीशों और न्यायिक प्रक्रियाओं में संवेदनशीलता और करुणा विकसित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करना' विषय पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने 10 फरवरी को पारित आदेश में कहा कि संवैधानिक अदालतों ने विभिन्न कदम उठाए हैं लेकिन अब तक के प्रयासों से कोई लाभ नहीं हुआ है।

# शिक्षा-स्वास्थ्य सबको सुलभ हो, ये व्यवसाय नहीं : भागवत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पश्चिमी शिक्षा मॉडल ने भारत की मौलिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया
- शोध, संस्कृति धर्म और पर्यावरण पर संघ प्रमुख का व्यापक दृष्टिकोण

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य समाज की मूलभूत आवश्यकताएं हैं और इन्हें व्यवसाय नहीं बनाया जा सकता। ये सुविधाएं सबके लिए सुलभ होनी चाहिए। वे बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित शोधार्थी संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे।

डॉ. भागवत ने कहा कि पश्चिमी देशों ने भारत की पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था को हटाकर अपनी प्रणाली थोपी, जिससे उनके लिए काम करने वाले काले अंग्रेज तैयार हो सकें। अंग्रेजों द्वारा शिक्षा व्यवस्था में जो विकृति लाई गई, उसे ठीक करना आज की आवश्यकता है। वैश्वीकरण पर टिप्पणी करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि आज वैश्वीकरण का अर्थ बाजारीकरण तक सीमित हो गया है, जो खतरनाक प्रवृत्ति है। भारत की सोच वसुधैव कुटुंबकम् की है, जहां पूरे विश्व को एक परिवार माना जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक सभी सुखी नहीं होंगे, तब तक कोई एक व्यक्ति भी सुखी नहीं हो सकता। उपभोगवादी जीवन के बजाय संयम और त्याग का जीवन ही भारतीय संस्कृति का मूल है। पश्चिमी देशों ने जड़वाद फैलाया है, जहां बलशाली बनकर जीने और बाधा बनने वालों को मिटाने की सोच हावी है। उन्होंने कहा कि आज विश्व की समस्याओं का समाधान भारत के पास है, लेकिन विश्व गुरु बनने के लिए सभी क्षेत्रों में शक्तिशाली बनना होगा। संघ के उद्देश्य पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य भारत को परम वैभव सम्पन्न बनाना है।

### शोध की भूमिका अहम

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत की दिशा और दशा बदलने में शोध की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सत्यपरक और प्रामाणिक शोध के बिना देश को सही मायनों में समझा नहीं जा सकता। उन्होंने शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे तन-मन-धन से, निःस्वार्थ भाव से और पूर्ण प्रामाणिकता के साथ देशहित में शोध करें। उन्होंने कहा कि संघ को लेकर बहुत दुष्प्रचार होता है, ऐसे में शोधार्थियों का दायित्व है कि वे सत्य को सामने लाएं।

### धर्म शाश्वत और सर्वव्यापी

भागवत ने कहा कि धर्म का स्वरूप शाश्वत है और सृष्टि जिन नियमों से चलती है, वही धर्म है। कोई भी कण धर्मनिरपेक्ष नहीं हो सकता। धर्म सभी को सुख पहुंचाने वाला है। आचरण देश, काल, परिस्थितियों के अनुसार बदलता है, धर्म का मूल भाव अपरिवर्तित रहता है सबके साथ मिलकर जीना।

# हाईकोर्ट ने एमडी पिटकुल की नियुक्ति को रद्द किया

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे प्रकाश चंद्र ध्यानी की नियुक्ति को निर्धारित नियमों के विपरीत बताते हुए बुधवार को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति आशीष नैथानी और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

मुख्य अभियंता राजीव गुप्ता और अन्य की ओर से दायर याचिका में 10 सितंबर 2022 को जारी सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें ध्यानी को प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार का आदेश दिया गया था। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, नियमित चयन प्रक्रिया लंबित होने के कारण यह पदभार सबसे वरिष्ठ पात्र अधिकारी को सौंपा जाना चाहिए था। उन्होंने दलील दी कि उत्तराखंड प्रबंध निदेशक एवं निदेशकों के चयन एवं नियुक्ति प्रक्रिया निर्धारण नियम, 2021 के नियम 9-ए के तहत इस पद के लिए इंजीनियरिंग स्नातक की योग्यता अनिवार्य है, जो कथित तौर पर ध्यानी के पास नहीं है। याचिका स्वीकार कर पीठ ने माना कि नियुक्ति में नियम 9-ए का उल्लंघन हुआ।

# दून और पौड़ी कोर्ट में धमाके की धमकी

**देहरादून।** बुधवार को देहरादून और पौड़ी गढ़वाल के जिला कोर्ट परिसर में विस्फोटक लगाने संबंधित ई-मेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। धमाके की धमकी मिलने के बाद दोनों जनपद कोर्ट परिसरों को सील कर तलाशी ली गई। हालांकि दोनों जनपदों में किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की सूचना नहीं है। आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि न्यायालयों को धमकी भरे संदेश के स्रोत का पता लगाने के लिए एसटीएफ और साइबर सेल की विशेष टीमों की सहायता लेकर घटना के शीघ्र अनावरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। (संबंधित पेज-2)

# दंपती के बीच विवाद में सास की हत्या

**दिनेशपुर।** दिनेशपुर में दंपती के बीच विवाद ने वृद्ध सास की जान ले ली। आरोप है कि पुत्रवधू ने पति से विवाद के बाद अपने मायके पक्ष के लोगों को बुलाकर पति और सास पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हिंसक हमले में 70 वर्षीय सास संध्या साहा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हत्या और जानलेवा हमले की धाराओं में अभियोग दर्ज कर पुत्रवधू समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



मृतका संध्या साहा

- पुत्रवधू ने मायके वालों संग मिलकर ली जान
- दिनेशपुर में खूनी संघर्ष में बदली कलह

पुलिस के अनुसार, वार्ड संख्या-4 दिनेशपुर ऊधमसिंह नगर निवासी प्रसन्नजीत साहा पुत्र स्व. सुधीर साहा ने तहरीर में बताया कि उसका विवाह चार वर्ष पूर्व श्यामपुरम कॉलोनी, थाना आईटीआई, काशीपुर निवासी सुरभि साहा से हुआ था। दोनों के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। मंगलवार शाम फिर झगड़ा हुआ तो सुरभि ने उसे और उसकी मां को देख लेने की धमकी दी। रात 11:15 बजे पत्नी सुरभि ने काशीपुर से अपने भाई अमन साहा, मां सुजाता, बहन दिशा और दो अन्य अज्ञात लोगों को घर बुला लिया। आरोप है कि घर पहुंचते ही इन लोगों ने हम मां-बेटे पर जानलेवा हमला बोल दिया था। सूचना पर सीओ दौलत राम और थानाध्यक्ष रविंद्र मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। बुधवार को एसएसपी अजय गणपति, एसपी सिटी उत्तम सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# राज्यसभा की 37 सीटों पर चुनाव 16 मार्च को

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की 37 सीट पर 16 मार्च को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत रहने की संभावना है क्योंकि जिन 10 राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं, उनमें से छह में पार्टी की सरकार है या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है। कुल 37 सीट दो और नौ अप्रैल को रिक्त होने वाली हैं।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं उनमें महाराष्ट्र (7सीट), ओडिशा (4), तेलंगाना (2), तमिलनाडु (6), छत्तीसगढ़ (2), बंगाल (5), असम (3), हरियाणा (2), हिमाचल प्रदेश (1) व बिहार (5) शामिल हैं। चुनाव के लिए अधिसूचनाएं 26 फरवरी को जारी की जाएंगी। स्थापित परंपरा के अनुसार, 16 मार्च को मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच होगा और उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना की जाएगी। महाराष्ट्र, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा और असम में भाजपा की सरकारें हैं या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है। इससे पार्टी को उच्च सदन में बहुमत हासिल करने में मदद मिलेगी।

वहीं, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में, विपक्षी पार्टियां सत्ता में हैं। महाराष्ट्र में, यदि विपक्षी महाविकास आघाडी एकजुट होकर चुनाव लड़ता है।

**खेल-खिलाड़ी** | सीएम धामी ने राजधानी में मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी के समापन समारोह को किया संबोधित, देहरादून को विजेता ट्रॉफी व 5 लाख का चेक प्रदान किया

# उत्तराखंड अब अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी में सक्षम : मुख्यमंत्री

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, उत्तराखंड आधुनिक और विश्वस्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण देश के अग्रणी राज्यों में पहचान बना रहा है। हमारे स्टेडियम, प्रशिक्षण केंद्र और सुविधाएं अब अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए भी सक्षम हो चुकी हैं। स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान पर काम हो रहा है जिसके तहत राज्य के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी।

बुधवार को राजधानी में मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी 2025-26 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने देहरादून जनपद को विजेता ट्रॉफी एवं पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया। कहा कि यह भव्य समापन केवल एक प्रतियोगिता का अंत नहीं बल्कि उत्तराखंड के उज्ज्वल खेल भविष्य की नई शुरुआत है। खेल आयोजन आज हमारे गांव-गांव, न्याय पंचायतों और दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। उत्तराखंड में खेल प्रतियोगिताएं अब जनचेतना का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी हैं। उत्तराखंड अब देवभूमि के साथ-साथ खेलभूमि भी बन चुका है। इस आयोजन में 11 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे खिलाड़ियों के खातों में भेजी जा रही है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज भारत खेल जगत में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। खेलो इंडिया व फिट इंडिया मूवमेंट जैसे अभियानों के माध्यम से देश में खेलों की संस्कृति को नई ऊर्जा मिली है। देश में फिटनेस एक जन आंदोलन बन चुकी है। युवा पीढ़ी खेलों के प्रति उत्साह व समर्पण से आगे बढ़ रही है।




विजेता टीम को चैम्पियनशिप ट्रॉफी व चेक प्रदान करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### राज्य सरकार दे रही विशेष ध्यान

धामी ने कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। उत्तराखंड को देवभूमि के साथ खेलभूमि के रूप में स्थापित करने की दिशा में सरकार निरंतर आगे बढ़ी है। 38वें राष्ट्रीय खेलों का सफल और भव्य आयोजन इसका सशक्त प्रमाण बना है, जिसने उत्तराखंड का मान पूरे देश में बढ़ाया है। इन खेलों में हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर 7वां स्थान हासिल किया।

### 26 स्पर्धाएं, 1.62 लाख खिलाड़ी

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि 23 नवम्बर 2025 से न्याय पंचायत स्तर से शुरू हुई खेल प्रतियोगिताओं का समापन आज मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी के साथ किया गया है। इसमें हर खिलाड़ी और जनप्रतिनिधि को जोड़ा गया।

अमृत विचार

हल्द्वानी, गुरुवार, 19 फरवरी 2026



# ‘विकास और विरासत’ के साथ चम्पावत बनेगा आदर्श जिला

## मुख्यमंत्री धामी ने किया चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सव-2026 का शुभारम्भ, भारत-नेपाल सीमा पर 177 करोड़ के ड्राई पोर्ट से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी ताकत

संवाददाता, चम्पावत/देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय, देहरादून से वर्चुअल माध्यम से ‘चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव-2026’ का शुभारम्भ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद चम्पावत को आदर्श एवं श्रेष्ठ जिला बनाने के उद्देश्य से अनेक विकासपरक परियोजनाओं पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिला अस्पताल में 20 करोड़ रुपये की लागत से 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण कराया जा रहा है। विभिन्न मोटर मार्गों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के साथ जाम की समस्या के समाधान हेतु मल्टीस्टोरी पार्किंग का निर्माण भी किया जा रहा है।

मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत देवीधूरा वाराही मंदिर का विकास कार्य किया जा रहा है तथा मां पूर्णागिरी मंदिर के लिए लगभग 45 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे निर्माणाधीन है। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शारदा कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत टनकपुर से बनबसा तक शारदा रिवर फ्रंट का विकास किया जाएगा। इस परिक्रमा मार्ग से मां पूर्णागिरी धाम, चूका, श्यामलाताल और शारदा घाट जैसे प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को जोड़ा जाएगा।



चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव को वर्चुअल संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### काली कुमाऊं की होली सबसे अलग

सीएम ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि चम्पावत के प्रत्येक घर में इन दिनों उत्साह और उमंग का वातावरण है। उन्होंने उल्लेख किया कि होली का पर्व समीप है और काली कुमाऊं की होली अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान के कारण पूरे देश में अलग स्थान रखती है। बैठकी होली, खड़ी होली, चौफुला, सुर-ताल और लोकसंस्कृति का ऐसा अद्भुत संगम देश में विरल ही देखने को मिलता है।

### यह संकल्प का जीवंत उत्सव

सीएम ने कहा कि चम्पावत की पुण्य भूमि इतिहास, अध्यात्म और संस्कृति की धरोहर रही है। चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव केवल सात दिनों का आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक गरिमा, प्राकृतिक सौंदर्य, मातृशक्ति के सामर्थ्य, युवाओं के उत्साह और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के संकल्प का जीवंत उत्सव है। इस वर्ष महोत्सव को शीतकालीन कॉर्बेट महोत्सव के रूप में भी आयोजित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश में शीतकालीन पर्यटन को नई गति मिलेगी।

### साहसिक पर्यटन के मानचित्र पर उपस्थिति है लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि महोत्सव के अंतर्गत पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग, हॉट एयर बलून, रिवर राफ्टिंग, पैरामोटरिंग, पक्षी अवलोकन और ट्रेकिंग जैसी साहसिक गतिविधियों के माध्यम से चम्पावत को राष्ट्रीय स्तर पर साहसिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से युवाओं को नए अवसर मिलेंगे तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन विकसित होंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए चम्पावत में वे-साइड एमेनिटीज केंद्र का निर्माण किया गया है तथा चूका क्षेत्र को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य जारी है। अमोड़ी पीएचसी का निर्माण कराया गया है और अमोड़ी में हाउस ऑफ हिमालया के विपणन केंद्र की स्थापना की गई है। सूखीढांग से डाडामीनार मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं डामरीकरण के साथ हनुमानगढ़ी से खेतखेड़ा के बीच स्पान आर्च पुल का निर्माण कराया गया है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि टनकपुर से जौलजीबी मार्ग पर लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत से स्पान आर्च पुल का निर्माण किया जा रहा है तथा 33 करोड़ रुपये की लागत से मार्ग का सुधारीकरण भी हो रहा है। भारत-नेपाल सीमा पर 177 करोड़ रुपये की लागत से ड्राई पोर्ट का निर्माण क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगा। विज्ञान और नवाचार को प्रोत्साहन देने के लिए 57 करोड़ रुपये की लागत से साइंस सेंटर का निर्माण भी प्रगति पर है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विकास कार्यों की सूची अत्यंत विस्तृत है और सभी का उल्लेख करना संभव नहीं, किंतु वे चम्पावत को आदर्श जिला बनाने के अपने संकल्प को पूर्ण किए बिना विश्राम नहीं करेंगे। राज्य सरकार विकास के साथ-साथ प्रदेश की पहचान, संस्कृति और सामाजिक संतुलन की रक्षा के लिए संकल्पित है। ‘विकास भी और विरासत भी’ के विकल्प रहित संकल्प के साथ उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में सरकार प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



टनकपुर में चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

# लोक संस्कृति, साहसिक पर्यटन और संगीत से गुलजार हुआ कॉर्बेट महोत्सव

संवाददाता, टनकपुर

- दीप प्रज्वलन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई सात दिवसीय उत्सव की शुरुआत

**अमृत विचार:** जनपद चम्पावत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक लोक कला एवं पर्यटन की असीम संभावनाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से बुधवार को चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव का टनकपुर में भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव का विधिवत उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया।

टनकपुर स्थित केंद्रीय जल आयोग कार्यालय के निकट मैदान में पारंपरिक स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सात दिवसीय उत्सव की औपचारिक शुरुआत हुई। महोत्सव में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित 10 से अधिक राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया है। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए 37 से अधिक स्वयं सहायता समूहों एवं उद्यमियों द्वारा स्थानीय उत्पादों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं। पुस्तक मेले में 15 से अधिक प्रकाशकों की सहभागिता रही। बनारसी साड़ी, कश्मीरी हस्तशिल्प, पारंपरिक आर्ट एवं हस्तनिर्मित उत्पादों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार व प्रकाश तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार, पूर्व पालिका अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रावत, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन भानी चन्द अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद चम्पावत में मुख्यमंत्री योग सखी दीदी अभियान का भी शुभारम्भ किया गया। इस अभियान के माध्यम से महिलाओं को योग से जोड़कर स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता एवं सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालयी बच्चों द्वारा उत्तराखंड की पारंपरिक वीर नृत्य शैली छोलिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने विशेष आकर्षण बटोरा। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच के माध्यम से नशा मुक्त भारत, टीबी मुक्त अभियान एवं एनसीडी व एनवीडीबी जैसे विषयों पर जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

महोत्सव के प्रथम दिवस पर पतंगबाजी (काइट फ्लाइंग) एवं भव्य रंगोली प्रतियोगिता ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया। सात दिवसीय पुस्तक मेला, फोटो प्रदर्शनी, पारंपरिक वाद्य यंत्रों तथा चम्पावत के दुर्लभ पारंपरिक बर्तनों की प्रदर्शनी का भी शुभारंभ हुआ।

साहसिक गतिविधियों के अंतर्गत चूका क्षेत्र में फील द टेंट कैम्पिंग, उचोलीगोंठ में पैरामोटरिंग, डंडाककई में पैराग्लाइडिंग तथा नंधौर वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी में वाइल्डलाइफ सफारी जैसी रोमांचकारी गतिविधियों ने साहसिक पर्यटन को नई ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक त्रिलोचन जोशी, भैरव दत्त राय व कल्पना आर्य ने किया।

## स्टेट ब्रीफ

### नियमावली को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई

**नैनीताल:** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने पुलिस विभाग में टेली कम्युनिकेशन में कार्यरत असिस्टेंट ऑपरेटरों की पदोन्नति नियमावली 2 वर्ष की जगह 5 वर्ष करने और पदों की संख्या कम किए जाने की नियमावली 2021 को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद खंडपीठ ने राज्य सरकार से 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 4 सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

### उस्मान को हाईकोर्ट से राहत नहीं

**नैनीताल:** नैनीताल में किशोरी से दुष्कर्म और यौन शोषण के आरोपी ठेकेदार उस्मान खान के जमानत प्रार्थनापत्र पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति आलोक कुमार महरा की पीठ ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी को फिलहाल कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई के लिए 24 फरवरी की तिथि नियत की है।

### हरिद्वार में विजिलेंस टीम पर हमला

**हरिद्वार:** पथरी क्षेत्र स्थित बहादुरपुर जट गांव में बुधवार को बिजली चोरी की सूचना पर पहुंची ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम और स्थानीय पुलिस का कुछ युवकों ने विरोध करते हुए उन पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विरोध कर रहे युवकों और सतर्कता टीम के बीच तीखी नोकझोंक के बाद धक्का-मुक्की और हाथापाई की स्थिति बन गई। आरोप है कि कुछ लोगों ने विजिलेंस टीम पर हमला कर दिया, जिससे टीम को आंशिक नुकसान पहुंचा।

# ‘पैरामोटर क्रॉस कंट्री’ उड़ान का शुभारंभ, दर्शक रोमांचित

संवाददाता, टनकपुर

- 120 किलोमीटर लंबी क्रॉसकंट्री में सत पायलटों ने एक साथ भरी उड़ान

**अमृत विचार:** चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव 2026 के अंतर्गत ‘पैरामोटर क्रॉस कंट्री चम्पावत 2026’ का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर टनकपुर की शांत वादियों में साहस, संकल्प और रोमांच का अद्भुत संगम देखने को मिला।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस अभिनव कार्यक्रम के तहत भारत में पहली बार चम्पावत जनपद में 120 किलोमीटर लंबी ‘पैरामोटर क्रॉस कंट्री’ उड़ान का आयोजन किया गया।




इस ऐतिहासिक उड़ान में सात साहसी पायलटों ने एक साथ आकाश में उड़ान भरते हुए दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों के ऊपर से रोमांचक यात्रा शुरू की। यह उड़ान उचौलिगोठ से प्रारंभ होकर डांडा, रीठा, लोहाघाट होते हुए चौथे दिन टनकपुर में संपन्न होगी। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन केवल एक साहसिक खेल गतिविधि नहीं, बल्कि जनपद में वर्षभर पर्यटन को प्रोत्साहित करने, शीतकालीन पर्यटन को नई पहचान दिलाने तथा पर्वतीय क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम से चम्पावत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



खाटू श्याम धाम में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### जीवन में कौशल के साथ समर्पण भी जरूरी: सीएम

**विकासनगर:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए कौशल के साथ समर्पण भी आवश्यक है। यदि हम किसी कार्य को समर्पित भाव से करेंगे तो उसमें निश्चित ही सफलता प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने बुधवार को विकासनगर में श्री खाटू श्याम धाम में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने धाम में पूजा-अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि, हमारे जीवन में जो कुछ भी होता है, वह भगवान की कृपा से होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा केदारनाथ धाम से 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बताया था, जिस पर राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा श्याम की कृपा से वे राज्य के मुख्य सेवक के रूप में प्रदेश की जनता की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि जनता के विश्वास और स्नेह को सदैव बनाए रखते हुए वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से राज्य की सेवा करते रहेंगे। इस अवसर पर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष मीता सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नीरू देवी, कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### सम्मनिंग आदेश के खिलाफ दायर याचिका हुई खारिज

**नैनीताल:** हाईकोर्ट ने चेक बाउंस होने से जुड़े मामले में निचली अदालत द्वारा जारी सम्मनिंग आदेश पर हस्तक्षेप न करते हुए सम्मनिंग आदेश के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है।

यह याचिका हरिद्वार की संस्था अंतरिक्ष इंटरप्राइजेज द्वारा दायर की गई थी। उनके खिलाफ पतंजलि आयुर्वेद द्वारा चेक बाउंस मामले में एक वाद हरिद्वार स्थित एसीजेएम कोर्ट में दायर किया जिसके बाद कोर्ट ने अंतरिक्ष इंटरप्राइजेज के खिलाफ सम्मनिंग आदेश अप्रैल 2022 में जारी किए थे। याची की ओर से कहा गया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट ने नियमों का पालन किए बिना सम्मनिंग आदेश जारी किया है जबकि प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता ने दलील दी कि चेक बाउंस के संपूर्ण साक्ष्य और अभिलेख निचली अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए गए हैं। इन तर्कों के आधार पर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ ने निचली अदालत के आदेश पर हस्तक्षेप नहीं किया।

# देहरादून कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने की जांच

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** प्रदेश में बीते सोमवार से हर दिन न्यायालय की आधिकारिक ई-मेल पर परिसर में विस्फोटक पदार्थ होने और रिमोट के जरिए एक निश्चित समय पर उड़ाने सम्बन्धी धमकी का सिलसिला बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा।

अज्ञात व्यक्ति ने इस बार राजधानी देहरादून स्थित जिला अदालत परिसर में विस्फोटक लगाने संबंधित ई-मेल अदालत के आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजी। सूचना मिलते ही एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल टीमों के साथ मौके पर पहुंचे। सभी न्यायाधीश और अधिवक्ताओं को कोर्ट से बाहर सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। परिसर खाली करा दिया गया जिसके बाद पूरे परिसर को सील कर सर्च अभियान चलाया गया। हालांकि किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की सूचना नहीं मिली।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिस आईडी से ई-मेल से आया है, इसके पीछे शुरुआती जांच में पाकिस्तानी संगठन के होने की आंशका है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल ने बताया कि जिला जज कार्यालय को धमकी भरा मेल मिला है। पुलिस टीम ने सघन जांच की। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के कई जिलों में न्यायालय परिसरों को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप मचा है। इससे पहले नैनीताल, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। नैनीताल कोर्ट को सोमवार और मंगलवार को ऐसी मेल भेजी गई। हालांकि जांच पड़ताल में कुछ संदिग्ध नहीं मिला। धमकी देने वाले का अभी तक पता नहीं चल सका है।



देहरादून कोर्ट परिसर में सर्च अभियान चलाती पुलिस टीम।



हरिद्वार जिला कोर्ट परिसर में चेकिंग अभियान चलाती पुलिस टीम।

- देहरादून कोर्ट को मिला विस्फोटक होने का ई-मेल, हड़कंप
- घंटों चले सर्च ऑपरेशन के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली

### रोशनाबाद जिला न्यायालय में चलाया गया सघन जांच अभियान

**हरिद्वार:** हरिद्वार में रोशनाबाद जिला न्यायालय में पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के निर्देश पर बुधवार को हरिद्वार पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा कदम उठाया गया। जिला एवं सत्र न्यायालय रोशनाबाद परिसर में सिडकुल पुलिस और बीडीएस टीम ने संयुक्त रूप से सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान न्यायालय परिसर में आने वाले सभी व्यक्तियों और वाहनों की गहन तलाशी ली गई। डॉग स्क्वॉड और मेटल डिटेक्टर की सहायता से संदिग्ध वस्तुओं की जांच की गई। वहीं, सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। पुलिस अधिकारियों ने न्यायालय परिसर में निर्धारित सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया, ताकि अधिवक्ताओं और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। एसएसपी नवनीत सिंह ने स्पष्ट किया है कि संवेदनशील स्थानों पर इस तरह के सघन जांच अभियान समय-समय पर जारी रहेंगे, जिससे कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे और किसी भी संभावित खतरे से समय रहते निपटा जा सके।

**उपलब्धि** | मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्पष्ट नीति को दिया इसका श्रेय

# सौर ऊर्जा में 01 गीगावाट का आंकड़ा पार

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राज्य में स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता को 1 गीगावाट (1000 मेगावाट) से अधिक के स्तर पर पहुंचा दिया है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार राज्य में कुल स्थापित सौर क्षमता लगभग 1027.87 मेगावाट से अधिक हो चुकी है, जो स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में सौर ऊर्जा क्षमता के 1 गीगावाट का आंकड़ा पार करने पर कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति उनकी स्पष्ट नीति का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी ने ‘आत्मनिर्भर भारत’ और हरित ऊर्जा के जिस विजन को देश के सामने रखा, उसी से प्रेरित होकर उत्तराखंड में सौर ऊर्जा को जनआंदोलन का रूप दिया गया है। केंद्र और राज्य सरकार की सक्रिय पहल से आज हजारों युवाओं और उद्यमियों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि, प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान और मजबूत करेगा।



### उरेडा का महत्वपूर्ण योगदान

यह उपलब्धि विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से संभव हुई है, जिनमें ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर परियोजनाएं, ग्राउंड माउंटेड सोलर प्लांट, सरकारी भवनों पर सौर संयंत्र, कृषि क्षेत्र के लिए सोलर पंप, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सोलर योजनाएं तथा कॉमर्शियल एवं औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में उत्तराखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (उरेडा) का विशेष योगदान रहा है। उरेडा ने राज्य में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के क्रियान्वयन, जन-जागरूकता, तकनीकी मार्गदर्शन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन में अग्रणी भूमिका निभाई है। दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों तक सौर ऊर्जा समाधान पहुँचाने के निरंतर प्रयासों ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है।

**रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिला:** राज्य की कुल स्थापित सौर क्षमता में प्रमुखतः ग्राउंड माउंटेड 397 मेगावाट, रूफटॉप सोलर पावर प्लांट (पीएम सूर्यघर) 241 मेगावाट, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना 137 मेगावाट, कॉमर्शियल नेट मीटरिंग 110 मेगावाट, कैप्टिव सोलर पावर प्लांट 51 मेगावाट, कनाल टॉप एवं कनाल बैंक पर 37 मेगावाट एवं सरकारी भवनों पर 26 मेगावाट सोलर पावर प्लांट शामिल हैं। वर्तमान में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 100 मेगावाट से अधिक क्षमता के संयंत्र, कैप्टिव सोलर पावर प्लांट के 30 मेगावाट तथा सरकारी भवनों पर 13.5 मेगावाट के सोलर पावर संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं।

### कैंची धाम में वित्तीय संचालन को चुनौती

**नैनीताल:** कैंची धाम में कथित रूप से व्याप्त गड़बड़ियों और वित्तीय संचालन को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता की अगुवाई वाली खंडपीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए सरकार को नोटिस जारी किया है।

पिथौरागढ़ के बसीखेत निवासी ठाकुर सिंह डसीला की ओर से हाईकोर्ट को भेजे गए पत्र का संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने इस मामले में जनहित याचिका दायर की है। पत्र में कहा गया है कि बाबा नीम करौली द्वारा स्थापित इस प्रसिद्ध धाम का संचालन करने वाले ट्रस्ट के बारे में मूलभूत जानकारी भी उपलब्ध नहीं है। मंदिर ट्रस्ट का नाम, पंजीकरण विवरण, कार्यालय का पता, ट्रस्टियों की संख्या और नियुक्ति संबंधी जानकारी प्रशासन और रजिस्ट्रार कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।

# राज्य व केंद्र सरकार से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने यमुना एवं दून घाटी में प्रस्तावित सड़क निर्माण प्रोजेक्ट में लगभग 7 हजार पेडों के कटान से पर्यावरण, वन्यजीवों सहित प्राकृतिक जल स्रोतों पर पड़ने वाले असर को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। खंडपीठ ने एनएचएआई, जैव विविधता बोर्ड, वन विभाग, राज्य व केंद्र सरकार को 3 सप्ताह में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 3 सप्ताह बाद होगी।

मामले के अनुसार, देहरादून की समाजसेवी रेनू पाल ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका में कहा है कि यमुना व दून घाटी में आशारोड़ी व झाझरा के बीच गतिमान ग्रीन प्रोजेक्ट के तहत सड़क निर्माण के लिए लगभग 7 हजार पेडों का कटान किया जाना प्रस्तावित है। ग्रीन प्रोजेक्ट के तहत गतिमान सड़क निर्माण से पहले उत्तराखंड बायो डायवर्सिटी बोर्ड से कोई अनुमति नहीं ली गई है। बड़ी संख्या में पेड़ों के कटान से पर्यावरण के साथ ही वन्यजीवों पर इसका विपरीत असर पड़ेगा क्योंकि इन जंगलों में पक्षियों की 300 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं और एलिफेंट बफरजोन होने के साथ ही आसन बैराज है जिसमें हर साल कई देशों से विभिन्न प्रजाति के पक्षी आते हैं।

### न्यायिक सिद्धांतों का पालन करे स्वास्थ्य विभाग

**नैनीताल:** हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के विरुद्ध जारी रिकवरी आदेश पर न्यायिक सिद्धांतों का पालन करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि “अतिरिक्त भुगतान की वसूली केवल विशेष परिस्थितियों में ही की जा सकती है।” न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में टनकपुर संयुक्त अस्पताल से 31 जुलाई 2024 को सेवानिवृत्त वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी तारावती निषाद की ओर से बताया गया कि उन्हें सीएमओ संयुक्त चिकित्सालय टनकपुर द्वारा रिकवरी आदेश दिया गया है। इस मामले में विभागीय अधिकारियों की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता को त्रुटिवश अधिक वेतन दे दिया गया था, जिसकी वसूली की जानी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि उन्होंने किसी प्रकार का छल, कपट या मिथ्या प्रस्तुतीकरण नहीं किया और न ही अतिरिक्त राशि प्राप्त करने के लिए कोई धोखाधड़ी की। वसूली आदेश पारित करने से पूर्व उन्हें सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया। इस संदर्भ में अधिवक्ता ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय भी कोर्ट में प्रस्तुत किए।

## सिटी ब्रीफ

### चोरगलिया में बैट्री चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** चोरगलिया थाना क्षेत्र में डंपर से बैट्री चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसआई नीशू गौतम ने बताया कि अंबेडकर नगर लालकुआं निवासी नाजिम ने बैट्री चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। मंगलवार रात आरोपी को चोरगलिया पुलिस ने रेखाल खत्ता की ओर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से चोरी की गई बैट्री बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आदित्य कुमार उर्फ विक्की निवासी धर्मगढ़, चोरगलिया के रुप में हुई है।

### स्कूटी लेकर निकला युवक लापता

**हल्द्वानी :** घर से स्कूटी लेकर निकला डहरिया निवासी एक व्यक्ति लापता हो गया। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। करन नाम के युवक ने पुलिस को शिकायत देकर कहा कि उसके पिता रमेश जोशी 30 जनवरी को घर से स्कूटी लेकर हल्दूचौड़ जाने की बात कहकर निकले, लेकिन वह वापस घर नहीं लौटे। करन ने पुलिस से उनके पिता की सकुशल बरामदगी की अपील की है। पुलिस के मुताबिक शीघ्र लापता व्यक्ति को खोज लिया जाएगा।

### घर से निकली छात्रा न स्कूल पहुंची न घर लौटी

**हल्द्वानी :** घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा न तो स्कूल पहुंची और न ही लौट कर घर आई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। रामपुर रोड निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में लिखा, उसकी 20 वर्षीय बेटी जीजीआईसी में 12वीं की छात्रा है। बताया कि बीती 9 फरवरी को रोज की तरह वह स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन लौट कर घर नहीं आई। परिजनों ने स्कूल में पूछताछ की तो पता लगा कि छात्रा स्कूल आई ही नहीं। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि गमशुदगी दर्ज कर छात्रा की तलाश की जा रही है।

### 1 मार्च से कार्यबहिष्कार करेंगे चतुर्थ श्रेणी कर्मी

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल के कर्मचारियों ने बुधवार को पीएमएस को ज्ञापन सौंपा। शाखा अध्यक्ष मनोज सिंह और सचिव भुवन पांडे ने संयुक्त बयान में कहा कि अस्पताल में कर्मचारियों की भारी कमी है, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। लंबे समय से कर्मचारियों को वर्दी भी नहीं दी है। इन मांगों को लेकर कई बार प्रबंधन को बताया लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि 20 से 25 फरवरी तक बांहपर काली पट्टी बांधकर, 26- 28 फरवरी तक रोजाना दो घंटे और 1 मार्च से पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी अस्पताल प्रबंधन की होगी।


**इस खगोलीय घटना में बुध और सूर्य के बीच दूरी 18 डिग्री होगी, सूर्यास्त के समय बुध ग्रह को देखा जा सकेगा**

# आज शाम आसान होगा सूर्य के नजदीकी बुध ग्रह का दीदार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** गुरुवार की शाम बुध ग्रह को देख पाने का सुनहरा मौका होगा। खगोल वैज्ञानिकों के अनुसार बुध ग्रह सूर्य से अधिकतम दूरी पर होने के कारण यह संयोग बन रहा है। इस खगोलीय घटना में बुध और सूर्य के बीच दूरी 18 डिग्री की होगी। सूर्यास्त के समय बुध ग्रह को देखा जा सकता है।

बुध एक ऐसा ग्रह है, जो सूर्य के नजदीक बना रहता है। इसकी ऑर्बिट ही कुछ ऐसी है कि सूर्य के नजदीक होने के कारण प्रकाश की चकाचौंध में नहाया रहता है। जिस कारण इसे देख पाना आसान नहीं हो पाता है। वर्ष में कुछ ही ऐसे दिन होते हैं, जब यह सूर्य से दूर पहुंच जाता है तो इसे देखा जा सकता है। क्योंकि इस दौरान सूर्य का प्रकाश बुध पर कम पड़ता है। अब 19 फरवरी को यह सूर्य से 18 डिग्री की दूरी पर पहुंच रहा है।



बुद्ध ग्रह।

ज्ञातव्य हो एक डिग्री का मान यानी स्केल दो पूर्ण चंद्रमा के बराबर होता है। भारतीय समयानुसार लगभग पूर्वान्ह 11.30 यह दोनों एक दूसरे की सर्वाधिक दूरी पर होंगे, लेकिन उस समय दिन होने के कारण बुध को नहीं देखा जा सकता है, लेकिन सूर्यास्त के समय आसानी से देखा जा सकता है। सूर्यास्त के तुरंत बाद पश्चिमी क्षितिज पर बुध असमान में थोड़ा ऊपर होगा, जो तारे के समान चमकीला नजर आएगा। इसकी चमक -3. 9 मैग्नीट्यूड होगी। इसके पास में ही शनि ग्रह भी मौजूद होगा। जिसे आसानी से देखा जा सकेगा। बुध को देख पाने के लिए अधिकतम समय घंटेभर का ही मिलेगा, इसके बाद अस्त हो जाएगा। इसके बाद सूर्य और बुध के बीच की दूरी कम होती जाएगी और बुध को देखना भी कठिन होता चला जाएगा।

### बुध और सूर्य के बीच दूरी कम ज्यादा होते रहती है

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डा शशिभूषण पांडे के अनुसार बुध की कक्षा अंडाकार है, इसलिए दूरी लगातार बदलती रहती है। बुध के नजदीक आने पर न्यूनतम दूरी लगभग 46 मिलियन किमी की होती है और दूर होने पर लगभग 69 .8 मिलियन किमी हो जाती है। इनके बीच औसत दूरी लगभग 57 .91 मिलियन किमी मानी जाती है। आकार में बुध बहुत छोटा ग्रह है, जिसका व्यास लगभग 4,879 किमी है, जो पृथ्वी का लगभग 38 प्रतिशत है। इसका कोर अधिकांश लोहे का है। यह 88 पृथ्वी दिन में सूर्य की परिक्रमा पूरी कर लेता है। इसका अधिकतम तापमान 427 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इसका वातावरण बहुत पतला है। इसके वातावरण में ऑक्सीजन, सोडियम और हाइड्रोजन गैस मौजूद हैं। बुध हमेशा सूर्य के बहुत पास रहता है। अब यह सूर्य से दूर होगा तो वैज्ञानिक अध्ययन भी आसान होगा। यह दोनों वर्ष में कई बार एक दूसरे से दूर जाते हैं।

# आर्म्स डीलर से जुड़े हैं मोबिन खान के तार !

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा के गौजाजाली में एके-47 समेत विभिन्न कारतूस बरामद होने वाले बर्खास्त दुष्कर्मी शिक्षक मोबिन खान की कुंडली खंगाली जाएगी। इसकी शुरुआत सीडीआर से होगी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह मामला अब केवल अवैध तमंचे रखने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह जानना ज्यादा अहम हो गया है कि प्रतिबंधित श्रेणी में आने वाले हथियार एके-47 का कारतूस आखिर आरोपी तक पहुंचा कैसे। क्योंकि इस हथियार का इस्तेमाल भारतीय सेना करती है। इसी कड़ी में आरोपी के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) निकलवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पिछले एक वर्ष के कॉल डेटा, लोकेशन हिस्ट्री और डिजिटल गतिविधियों की गहन जांच की जाएगी। एके-47 के साथ तमंचों व अन्य 16 कारतूस की बरामदगी इसलिए भी चिंता का सबब है, क्योंकि रेलवे बनाम बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले की आखिरी सुनवाई की तारीख नजदीक है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि बनभूलपुरा कोतवाल डीएस फर्त्याल को निर्देशित किया गया है कि वो आरोपी मोबिन के मोबाइल को कब्जे में लें, उसकी जांच करें और पिछले एक साल की कॉल डिटेल निकालें। कॉल डिटेल में 20 ऐसे नंबर चिह्नित किए जाएं, जिनकी मोबिन के साथ सबसे ज्यादा बार बात हुई हो।

# बिंदुखत्ता राजस्व गांव बनाओ... आज बनाओ अभी बनाओ

**ऐतिहासिक महारैली में उमड़े हजारों लोगों ने सरकार से तत्काल राजस्व गांव को लेकर अधिसूचना जारी करने की मांग उठाई, समर्थन में बाजार भी बंद रहे**

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा दिलाने की दशकों पुरानी मांग को लेकर रविवार को क्षेत्र में ऐतिहासिक महारैली का आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में उमड़े ग्रामीणों ने इस आंदोलन को जनसैलाब में बदल दिया और सरकार से तत्काल अधिसूचना जारी करने की मांग की। बिंदुखत्ता संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर आयोजित इस रैली में महिला, पुरुष, युवा और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि अब टालमटोल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अप्रैल तक राजस्व गांव से संबंधित शासनादेश जारी नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी हल्द्वानी स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में विशाल धरना-प्रदर्शन करेंगे। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष अधिकार, पहचान और विकास से जुड़ा हुआ है। महारैली के समापन पर संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वर्षों से लंबित मांग को शीघ्र पूरा करने की अपील की गई। जिलाधिकारी ने ज्ञापन शासन को भेजने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।




बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने की मांग को लेकर जुलूस निकालते लोग। ● अमृत विचार



जनसभा को संबोधित करते पूर्व सीएम हरीश रावत, साथ में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल व अन्य।

जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि बिंदुखत्ता की जनता लंबे समय से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है। सरकार को चाहिए कि वह जनभावनाओं का सम्मान करते हुए तुरंत राजस्व गांव की अधिसूचना जारी करे। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता की आवाज को अनसुना करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ होगा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और व्यापक रूप लेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिंदुखत्ता के विकास और हक की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। वहीं भाकपा (माले) के वरिष्ठ नेता इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सड़क से सदन तक संघर्ष तेज किया जाएगा।

जड़ सेक्टर स्कूल में आयोजित जनसभा के बाद क्षेत्रवासी विशाल रैली के रूप में गौला रोड होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। करीब दस हजार से अधिक लोगों की मौजूदगी को देखते हुए पुलिस व प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। इसके बावजूद रैली अनुशासन, जोश और एकजुटता के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुई। संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल से प्रेरित नहीं है, बल्कि बिंदुखत्ता के लोगों के अधिकार और भविष्य से जुड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, संघर्ष जारी रहेगा।

राजस्व गांव की मांग को लेकर आहूत जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता भरत सिंह नेगी व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू ने कहा उनके लिए पार्टी संगठन के बजाय बिंदुखत्ता की माटी पहले है । अगर इसके लिए उन्हें राजनीतिक पार्टी का भी त्याग करना पड़ा तो पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने सभी से दलगत राजनीति से हटकर इस संघर्ष में ईमानदारी से भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया और स्पष्ट किया कि चुनाव से पूर्व सरकार को हमारी राजस्व गांव के मांग पर सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए क्योंकि अब जनता राजस्व गांव से कम पर नहीं मानेगी। समर्थन में लालकुआं के बाजर भी बंद रहे।

### 25 अप्रैल तक कार्रवाई नहीं तो दून में धरना

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि यदि 25 अप्रैल तक सरकार ने बिंदुखत्ता की मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस देहरादून में धरना देगी। उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस हमेशा बिंदुखत्ता वासियों के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। कुल मिलाकर, महारैली ने यह संदेश दे दिया कि बिंदुखत्ता की जनता अब अपने हक के लिए निर्णायक लड़ाई के मूड में है और सरकार पर जल्द फैसला लेने का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

### विस में भी उठाएंगे बिंदुखत्ता राजस्व गांव का मुद्दा

**लालकुआं :** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि बिंदुखत्ता राजस्व गांव का मुद्दा फिर से विधानसभा में गूंजेगा। कांग्रेस इस लड़ाई को सड़क से सदन तक उठाएगी और जब तक बिंदुखत्ता वासियों को राजस्व गांव का दर्जा प्राप्त नहीं हो जाता तब तक कांग्रेस न खुद चैन से बैठेगी न सरकार को चैन से बैठने देगी। उन्होंने बिंदुखत्तावासियों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस हमेशा उनके संघर्ष में साथ खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी। साथ ही बिंदुखत्ता के संघर्ष में कांग्रेस का योगदान व पंडित नारायण दत्त तिवारी द्वारा कराए गए विकास कार्यों का भी जिक्र किया।



रमजान को लेकर बनभूलपुरा क्षेत्र में की गई सजावट। ● अमृत विचार

# रमजान का पाक माह शुरू आज होगा पहला रोजा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मुस्लिम समुदाय का पवित्र माह रमजान गुरुवार से शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही मुस्लिम समाज के लोग ईद तक रोजे रखेंगे। तीस दिनों के रोजे के दौरान कुरआन की ओर से मुस्लिमों को तन के साथ ही मन से भी शुद्ध रहने के निर्देश हैं।

रमजान या रमदान इस्लामिक कैलेंडर का नवां महीना है। इसका इंतजार मुस्लिम समुदाय पूरे साल करता है। यह महीना आत्मशुद्धि, सब्र , इबादत और इंसानियत की सेवा का संदेश देता है। इस्लाम धर्म की मान्यता के अनुसार पवित्र ग्रंथ कुरआन इसी महीने में अवतारित हुआ था इसलिए इसे रहमत और हिदायत का महीना भी कहा जाता है। इस महीने में हर स्वस्थ मुसलमान के लिए रोजा रखना अनिवार्य माना गया है। मुस्लिम समाज इन दिनों कुरआन को पढ़ते हैं और साथ ही पांचों वक्त की नमाज भी पढ़ते हैं। हल्द्वानी में रमजान को लेकर खासतौर से बनभूलपुरा क्षेत्र में काफी चहल-पहल है। गुरुवार की सुबह पहले रोजे की सहरी होगी। मुस्लिम क्षेत्र में सुबह से ही रौनक हो जाती है। कुछ लोग रोजे रखने वालों को गली-गली जाकर सहरी करने के लिए जगाने के लिए आवाज भी लगाते हैं। सहरी में खाना खाने के बाद पूरे दिन कुछ भी खाने और पीने की मनाही होती है। इसके बाद शाम को तय समय पर इफ्तार होता है। इसमें खाना खाकर रोजा खोला जाता है। यह सिलसिला पूरे तीस दिनों तक चलता है। एक माह बाद ईद का चांद दिखने के बाद ईद-उल-फितर मनाया जाता है। आम भाषा में मीठी ईद कहते हैं।

### 21 मार्च को होगी ईद-उल-फितर

**नैनीताल :** रमजान का पवित्र महीना गुरुवार से शुरू हो गया है। मल्लीताल मस्जिद के शहर इमाम मुफ्ती अजमल काशमी ने बताया कि बुधवार रात चांद नजर आने के बाद रमजान की शुरुआत हुई। उन्होंने बताया कि इस बार 30 रोजे होने की संभावना है। 20 मार्च को 30वां रोजा रखा जाएगा और 21 मार्च को ईद-उल-फितर मनाई जाएगी। रमजान को दान-पुण्य का महीना भी माना जाता है, जिसमें जकात, फितरा और जरूरतमंदों की मदद पर विशेष जोर दिया जाता है। सामूहिक इफ्तार से सामाजिक सौहार्द भी बढ़ता है।

# कूड़ा वाहन ने बच्ची को कुचला

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** गांव के बच्चों के साथ घर के पास खेल रही छह वर्ष की मासूम को कूड़ा वाहन ने कुचल दिया। घटना में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।

बुधवार की दोपहर ग्राम पूछडी बिहारी टप्पर इलाके में रहने वाली एक 6 वर्षीय बालिका आलिया पुत्री कमल हसन बच्चों के साथ घर के पास खेल रही थी। इसी बीच एक कूड़ा गाड़ी आई और आलिया वाहन की चपेट में आ गई। घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया। मृतक बच्ची को उसकी नानी और मामा पाल रहे थे। घटना के बाद मृत बालिका के परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि वाहन चालक नाबालिग और तेज गति से वाहन दौड़ा रहा था। सूचना पर कोतवाल सुशील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। यहां कोतवाल और भीड़ से काफी नोक-झोंक हुई। पुलिस शव को घटना स्थल से अस्पताल भेजना चाह रही थी, लेकिन लोगों ने विरोध कर दिया। लोग पुलिस वाहन के आगे खड़े हो गए। कोतवाल ने लोगों को समझाया लेकिन वे चालक की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने सरकारी वाहन से बच्ची के शव को अस्पताल पहुंचाया। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि वाहन चालक की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलते ही मामले में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



पूछडी में बच्ची की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन व ग्रामीण।

### जलसंस्थान संविदा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**हल्द्वानी :** जल संस्थान के संविदा कर्मचारियों ने बुद्ध पार्क में एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान कर्मचारियों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इसमें 10 साल से अधिक समय से कार्यरत कर्मियों के नियमितीकरण, समान काम समान वेतन, और श्रीनगर और पिथौरागढ़ शाखा के बिना नोटिस हाटए कर्मियों की पुर्न बहाली की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो मार्च में देहरादून में उग्र आंदोलन किया जाएगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार, गोविंद आर्या, दया कृष्ण कांडपाल, सुरेश चंद्र पनेरू आदि मौजूद रहे।

# जातिसूचक शब्दों के उपयोग की शिकायत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कांग्रेस की पूर्व पार्षद एवं राजीव गांधी पंचायत राज संगठन की महानगर समन्वयक नेत्री राधा आर्या ने अपनी पार्टी की एक वरिष्ठ महिला नेत्री पर अभद्रता और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। इस मामले में उन्होंने एसएसपी मंजूनाथ टीसी को तहरीर भी दी है।

पूर्व पार्षद राधा ने बताया कि देहरादून में सोमवार को कांग्रेस राजभवन घेराव था। इस दौरान अन्य महिला नेत्रियों के साथ वह भी जा रहीं थीं। तभी भीड़ की वजह से कांग्रेस की एक महिला नेत्री के साथ वह टकरा गईं। आरोप है कि महिला नेत्री ने उनसे अभद्र भाषा का प्रयोग किया।आरोप है कि महिला नेत्री ने राधा के साथ जातिसूचक शब्दों का भी प्रयाग किया। उन्होंने जातिसूचक शब्दों को सबके सामने बोला। जिससे उन्हें सामाजिक ठेस पहुंची है। इसलिए उक्त महिला नेत्री के ऊपर एससी एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा पूरी तरह से निष्पक्ष है और नेता राहुल गांधी दलित समाज को साथ लेकर चलते हैं। पूरे राज्य में सत्तापक्ष हो या विपक्ष सब जगह उनको सम्मान है। उसके बाद भी यह ठेस पहुंचाने वाला है कि कांग्रेस के अंदर कुछ नेता ऐसे हैं जो इस तरह की मानसिकता रखते हैं।

**डिजिटल धमकी** | **जितना तह तक जा रही पुलिस उतनी ही उलझती जा रही है जिला जजों को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी की गुत्थी**

# आरडीएक्स धमकी के पीछे डार्कवेब, भारत से पाक तक भेजे 130 ई-मेल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **देश के कई राज्यों के साथ पाकिस्तान तक भेजे गए हैं संदेश**
- **साइबर व सर्विलांस टीमें बहु-राज्यीय जांच में जुटीं**

**अमृत विचार :** विश्व के बड़े अपराधियों का अड्डा डार्कवेब फिर चर्चा में है। जांच में सामने आया कि जिन जिला जजों को ई-मेल से आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई थी, उसे डार्कवेब की मदद से भेजा गया था। ये ई-मेल भारत के कई राज्यों से लेकर पाकिस्तान तक भेजे गए हैं। पुलिस जितना धमकी भरे ई-मेल की गुत्थी को सुलझाने की कोशिश कर रही है, गुत्थी उतनी ही उलझती जा रही है। मामले में डार्कवेब का नाम जुड़ने के बाद अब पुलिस भी पशोपेश में है। मेल भेजने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के जिस आउटलुक का इस्तेमाल किया गया, वह हाल ही बनाई गई थी और चंद दिनों में इससे 130 मेल भेजे गए हैं। बड़ी बात यह है कि इस ई-मेल एड्रेस पर एक भी रिसीव मेल नहीं है।

नैनीताल जिले के जिला जज के आधिकारिक ई-मेल पर बम विस्फोट की धमकी मिलने के मामले में जांच ने अब अंतरराष्ट्रीय आयाम ले लिया है। पुलिस की प्रारंभिक तकनीकी जांच में सामने आया है कि संदिग्ध ई-मेल केवल उत्तराखंड या भारत के न्यायालयों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसे भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ पाकिस्तान सहित कुल 130 ई-मेल आईडी पर एक साथ भेजी गई। इससे स्पष्ट है कि प्रकरण केवल स्थानीय शरारत न होकर संगठित साइबर शरारत या दहशत फैलाने की सुनियोजित कोशिश हो सकता है। पुलिस इस धमकी को हल्के में नहीं ले रही है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने सभी न्यायालयों में आने-जाने वालों की चेकिंग शुरू कर दी है। इसके अलावा न्यायालय परिसरों में लगे खराब सीसीटीवी को दुरुस्त किया जा रहा है और जो ठीक हैं, उनसे लगातार निगरानी की जा रही है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि साइबर एक्सपर्ट की टीमें मामले को सुलझाने में लगी हैं।

### 10 फरवरी को तैयार हुआ था धमकी भरा मसौदा

जांच एजेंसियों के अनुसार संबंधित ई-मेल 10 फरवरी को ड्राफ्ट की गई थी। तकनीकी विश्लेषण से संकेत मिले हैं कि मेल तैयार करने के बाद उसे तुरंत नहीं भेजा गया, बल्कि दो दिन के अंतराल में चरणबद्ध तरीके से प्रसारित किया गया। सोमवार और मंगलवार को लगातार दो दिन नैनीताल सहित अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के जिला जजों के आधिकारिक ई-मेल पते पर धमकी संदेश प्राप्त हुए। सूत्रों के अनुसार मेल की भाषा, फॉर्मेट और विषय पंक्ति एक जैसी थी, जिससे यह आशंका प्रबल हुई है कि इसे एक केंद्रीकृत ड्राफ्ट से बल्क सेंडिंग टूल या मैनुअल फॉरवर्डिंग के माध्यम से भेजा गया।

### माइक्रोसॉफ्ट के आउटलुक से तैयार की गई थी मेल

प्रारंभिक साइबर ट्रैकिंग में यह तथ्य सामने आया है कि ई-मेल माइक्रोसॉफ्ट के ई-मेल प्लेटफॉर्म माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक के माध्यम से तैयार की गई थी। हालांकि अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि संबंधित अकाउंट वास्तविक था, फर्जी पहचान पर था या किसी अन्य की आईडी का दुरुपयोग किया गया। सूत्र कहते हैं कि मेल भेजने वाले टॉर डार्कवेब का इस्तेमाल किया था। यह ऐसा स्थान है जहां दुनिया से सबसे बड़े अपराध को अंजाम दिया जाता है, इसे ट्रेस करना बेहद मुश्किल है। साइबर टीम हेडर एनालिसिस, आईपी ट्रेसिंग व लॉग डिटेल्स की जांच कर रही है। यदि वीपीएन, प्रॉक्सी सर्वर या टॉर नेटवर्क का उपयोग किया होगा तो जांच और जटिल हो सकती है।

### फ्री वाई-फाई नेटवर्क का हो सकता है इस्तेमाल

पुलिस का मानना है कि संदिग्ध ने अपनी पहचान छिपाने के लिए सार्वजनिक स्थानों के फ्री वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग किया हो सकता है। रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, हवाई अड्डे या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर उपलब्ध ओपन नेटवर्क से ई-मेल भेजे जाने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे नेटवर्क में अक्सर मजबूत प्रमाणीकरण प्रणाली नहीं होती, जिससे वास्तविक यूजर की पहचान करना कठिन हो जाता है। साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मेल किसी ओपन नेटवर्क से भेजी गई है तो सीसीटीवी फुटेज, लॉगिन समय और डिवाइस सिग्नेचर का मिलान करना जांच की दिशा तय कर सकता है।

## सिटी ब्रीफ

### आंगबाड़ी केन्द्र व पंचायत घर बनाने की मांग

**कालाढूंगी :** पूर्व ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने सांसद अजय भट्ट से मिलकर पूरनपूर में बंजर राजस्व की जमीन में आंगबाड़ी केन्द्र, युवाओं के लिए ओपन जिम व पंचायत घर खोले जाने की मांग की है। बुधवार को कन्याल ने अजय भट्ट के आवास पर मुलाकात कर ग्राम सभा पूरनपुर में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने व पंचायत घर बनाने एवं ग्रामीणों, युवाओं के लिए व्यायामशाला पार्क का निर्माण करने हेतु गांव के अंदर बंजर सरकारी राजस्व भूमि को चिन्हित करने की मांग की है। इस दौरान ग्राम प्रधान राजेंद्र कार्की, पुष्कर बिष्ट, अनिल मौजूद रहे।

### संगीत बंद करने का आग्रह करने पर मारपीट

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में मंगलवार देर रात तेज आवाज में बज रहे संगीत को बंद करने का अनुरोध करने पर एक सेवानिवृत्त शिक्षक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। अमरालय क्षेत्र में किराए के मकान में रहने वाले डॉ. प्रह्लाद ने बताया कि उनके पड़ोसी द्वारा देर रात तक तेज संगीत बजाया जा रहा था। रात करीब 11 बजे जब उन्होंने गाना बंद करने को कहा, तो पड़ोसी भड़क गया और उन्हें जबरन कमरे में खींचकर लात-घूंसों से पीटने लगा। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उन्हें बाहर निकाला। इसके बाद घटना की सूचना 112 पर दी गई। घायल शिक्षक को उपचार के लिए बी.डी. पांडे जिला अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित ने कोतवाली मल्लीताल में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### हिंदू धर्म की रक्षा को एकजुट होने का आह्वान

**भीमताल :** नगर में आगामी 22 फरवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए जागरूक करना है। जिला मंत्री मनोज भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम रामलीला ग्राउंड मल्लीताल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की अध्यक्षता पद्मश्री से सम्मानित डॉ. यशोधर मठपाल करेंगे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में गौरांग रघु महाराज उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम संयोजक पुष्कर मेहरा, पंकज जोशी, नितेश बिष्ट, गौतम मटियाली, रवि कुमार, नितिन राणा, धन सिंह राणा, मीनाक्षी भगत, नीमा नेगी सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं।


चयन ट्रायल के दौरान मौजूद पैरा वॉलीबॉल खिलाड़ी एवं चयनकर्ता।

### राष्ट्रीय पैरा वॉलीबॉल के लिए टीम का गठन

**रामनगर :** 14वीं राष्ट्रीय पैरा वॉलीबॉल चैंपियनशिप-2026 का आयोजन 25 से 28 फरवरी तक मेरठ (मेरठ) में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए गुरुवार को डिग्री कॉलेज परिसर में पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा पैरा सिटिंग वॉलीबॉल के चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इसमें पुरुष एवं महिला वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के बाद पुरुष वर्ग में दीपक कुमार, रोहित कार्की, दिनेश कुमार रामेश, दिनेश कुमार और जगदीश का चयन किया गया। वहीं महिला वर्ग में पूजा, कविता, रोशनी, मनीषा, गंगा, सुमन, लक्ष्मी, बबीता राणा और रहनाज को टीम में शामिल किया गया। चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर चयन ट्रायल का शुभारंभ डिग्री कॉलेज के प्राचार्य एमसी पांडेय, डॉ. योगेश, फायर स्टेशन के रविंद्र कंबोज व विपिन कंबोज, छात्रसंघ अध्यक्ष कृष्णा, देहरादून से आए एनआईएस कोच प्रेम कुमार, आदेश डबराल एवं संदीप चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम जिला सचिव भारत कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ।

### बुधवार को पर्वतीय क्षेत्रों के साथ ही मैदानी क्षेत्रों में भी छाए रहे बादल, लोग करते रहे बारिश का इंतजार

# सिर्फ बादलों तक सीमित होकर रह जाएगा पश्चिमी विक्षोभ?

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** अब क्या पश्चिमी विक्षोभ सिर्फ बादलों तक सीमित होकर रह जाएंगे। जलवायु परिवर्तन पश्चिमी विक्षोभ को कमजोर करने पर तुला हुआ है। इधर बुधवार को नैनीताल में छाए बादलों ने बरसने का नाम नहीं लिया।

इन दिनों एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। यह विक्षोभ सोमवार से सक्रिय हो चुका था और इसका असर राज्य के अधिकांश हिस्सों में रहना था। मौसम विभाग ने इसका असर हल्की बारिश को लेकर कुछ जिलों में जताई थी। हालाकि नैनीताल को बारिश से मुक्त रखा गया था, लेकिन बड़ा प्रश्न यह है कि कभी नैनीताल में जबरदस्त बारिश करने वाले विक्षोभ पानी क्यों नहीं बरसा रहे हैं। इस बार दो दर्जन से अधिक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुए हैं। जिनका अक्टूबर से सक्रिय होना शुरू हो चुका था और अभी तक जारी हैं। जनवरी के दूसरे पखवाड़े में सिर्फ दो दिन सक्रिय रहा और बाकी समय निराश करने वाला ही रहा। आज नगर में सुबह से घने बादलों का छाना शुरू हो गया था और पूरे दिन घने बादल आसमान में डेरा डाले रहे। मगर बारिश नहीं हुई। नैनीताल में शीतकालीन वर्षा का समय मार्च तक रहता है। अब देखना है कि शेष करीब 40 दिनों में बारिश होती है या नहीं। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम 19.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**कमर टूटने लगी है पश्चिमी विक्षोभों की :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह के अनुसार पश्चिमी विक्षोभों का कमजोर होना बड़ी चिंता का विषय है। जलवायु परिवर्तन में बदलाओं को लेकर कई वर्षों से अवगत कराते आ रहे हैं। अब स्थिति अधिक गंभीर होने लगी है। जलवायु को प्रभावित करने वाले कारणों को समझते हुए, ग्रीन हाउस गैसों में कमी लाना जरूरी हो चला है।


नैनीताल में छाए बादलों का दृश्य। ● अमृत विचार

### शाम को चली ठंडी हवा, मौसम बदला

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में पश्चिमी विक्षोभ का असर शुरू हो गया है। यही नहीं मैदानी इलाकों में भी बादल छाए हैं और ठंडी हवा चल रही है। हल्द्वानी में दिनभर बादल छाए रहे और बीच-बीच में धूप भी निकली। अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री दर्ज किया गया है। शाम के समय तेज हवा चलने लगी और अचानक से ठंड में बढ़ोत्तरी हो गई। आने वाले दो दिनों तक इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान है।

# गरीबों के आवासों का किराया नहीं बढ़ेगा: डीएम

### नगर पंचायत लालकुआं परिसर में जन-जन की सरकार कार्यक्रम के तहत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में बुधवार को नगर पंचायत लालकुआं परिसर में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। इसमें आमजन ने सिंचाई, बिजली, सड़क, पेयजल आदि समस्याओं को उठाया।

शिविर में आर्थिक कमजोर लोगों के लिए सरकार की ओर से बनाए आवासों में रह रहे लोगों ने बताया कि नगर पंचायत उनका भवन किराया बढ़ा रही है, जिसे नहीं बढ़ाया जाए। इस पर डीएम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए लालकुआं ईओ को इन सभी परिवारों का भवन किराया नहीं बढ़ाने और पूर्व में निर्धारित दरों पर ही किराया लेने के निर्देश दिए। इन परिवारों ने पेयजल की भी समस्या उठाई। डीएम ने जल संस्थान को दो दिनों प्रत्येक परिवार के घर पर जाकर पेयजल की समस्या का निस्तारण के निर्देश दिए। भवनों की जीर्णशीर्ण स्थिति पर एसडीएम एवं ईओ नगर पालिका को संबंधित कार्यदाई संस्था से समन्वय कर तत्काल मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। विभिन्न गांवों से पहुंचे किसानों ने बताया कि नहरें व गूल क्षतिग्रस्त हो गई हैं जिस वजह से सिंचाई में परेशानी हो रही है। उन्होंने पुरानी नहरों व गूलों की मरम्मत, नई गूलों के निर्माण, गूलों से अतिक्रमण हटाने, बंद सिंचाई नहरों व गूलों की सफाई की मांग की। डीएम ने इन सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने सिंचाई, लघु सिंचाई एवं नलकूप विभाग के अधिकारियों को किसानों को सिंचाईं के लिए नहरों-गूलों की मरम्मत व पर्याप्त पानी देने को कहा। सभी गूलों एवं नहरों की मरम्मत, सफाई, नई गूलों के प्रस्ताव तैयार कर अगली जिला योजना में प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि भविष्य में सिंचाई संबंधित समस्या नहीं आनी चाहिए, इनमें किसी प्रकार की भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

किसानों ने लो वोल्टेज से पंपिंग की समस्या भी उठाई। इस पर डीएम ने विद्युत ईई को मौके पर जाकर अधिक क्षमता के ट्रांसफर लगाने को आवश्यक कार्यवाही को कहा। शिविर में कुल 105 शिकायतें दर्ज कराई गई जिसमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष समस्याओं के 15 दिन के भीतर समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। शिविर में पेपर मिल की ओर से खुले में डाले जा रहे गंदे पानी से हो रहे प्रदूषण की शिकायत की। इस संबंध में डीएम ने आश्वस्त किया कि उत्सर्जन के जो भी मानक होंगे वे सुनिश्चित कराए जाएंगे।

इस दौरान लोगों ने भूमि मालिकाना हक दिलाने, पीएचसी में एक्सरे मशीन उपलब्ध कराने, गौला नदी में हो रहे भू कटाव की रोकथाम, गंगापुर कबड़वाल में घनी आबादी के बीच लगाए गए स्टोन क्रशर से हो रही समस्या के समाधान की मांग की। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह लौटनी, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, ज्येष्ठ उप प्रमुख हल्द्वानी कमल भण्डारी, एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार कुलदीप पांडे आदि रहे।


लालकुआं में आयोजित शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीएम ललित मोहन रयाल।

### लालकुआं में अवैध शराब व मादक पदार्थों पर रोक लगवाएं ...डीएम साहब

**लालकुआं :** शिविर में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं व बुजुर्गों ने लालकुआं क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों की बिक्री की शिकायत की। इस पर डीएम ने राजस्व, पुलिस व आबकारी विभाग को नियमित छापेमारी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ विशेष अभियान छेड़ा जाएगा।

### 125 लोगों की हुई निशुल्क जांच

**लालकुआं :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगे स्टॉल में 125 लोगों की निशुल्क जांच व दवाइयां वितरण की गई। आयुर्वेदिक विभाग ने 60, होम्योपैथिक ने 55 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा दी। पंचायतीराज विभाग ने 12 परिवार रजिस्टर की नकल, 8 जन्म-मृत्यु पंजीयन, 8 बीपीएल नकल दी गई। श्रम विभाग ने 12 व्यक्तियों पंजीयन आवेदन लिए। पशुपालन विभाग ने 24 पशुपालकों योजनाओं से लाभान्वित किया। मतस्य विभाग ने 3, विद्युत 6, कृषि 18, उद्यान 14 व उद्योग विभाग ने 10 लोगों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया। बाल विकास विभाग की ओर से चार लाभार्थियों को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट प्रदान की गई।


विकास भवन में मूल्यांकन एवं चयन समिति की बैठक में मौजूद उद्यमी।

# पीपीई योजना के तहत लिए गए उद्यमियों के साक्षात्कार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** यहां विकास भवन में ग्रामोत्थान द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत एसएचजी आधारित आजीविका सृजन हेतु प्रस्तावित प्राइवेट पार्टनरशिप इंटरप्राइज (पीपीई) इकाइयों के मूल्यांकन एवं चयन के लिए साक्षात्कार लिए गए।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द पाण्डेय ने की। समिति में एडीपी डीआरडीए चंदा फर्त्याल, लीड बैंक मैनेजर, ग्रामोत्थान, एएम सेल्स सहित अन्य संबंधित अधिकारी सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में पीपीई मॉडल के अंतर्गत कार्य करने के लिए इच्छुक पांच उद्यमियों ने अपने-अपने प्रस्ताव प्रस्तुत किए। प्रस्तुत प्रस्तावों में मशरूम उत्पादन इकाई (ग्राम्स एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड, हल्द्वानी), इंडियन माउंटेन फूड प्राइवेट लिमिटेड (धारी), प्रसाद निर्माण इकाई, स्नैक्स यूनिट सहित अन्य उद्यम शामिल रहे। सभी उद्यमियों द्वारा अपनी कंपनी का विवरण, पूर्व अनुभव, व्यवसाय विस्तार की योजना, उत्पादन क्षमता तथा बाजार और विपणन व्यवस्था की जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। समिति ने जानकारी दी कि चयनित पीपीई इकाइयों को वित्तीय सहायता के अंतर्गत ग्रामोत्थान रीप द्वारा 25 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा, जबकि 50 प्रतिशत राशि बैंक ऋण के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

# अपराध व नशे की गिरफ्त में उत्तराखंड: रावत

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध, अवैध खनन और नशे के कारोबार को लेकर तीखा हमला बोला। रामनगर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है और स्थिति बेहद चिंताजनक होती जा रही है।

उन्होंने कहा कि देहरादून ही नहीं, बल्कि पूरा प्रदेश अपराध की चपेट में है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, मानव तस्करी, नशाखोरी और भ्रष्टाचार ने राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाया है। रावत ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि महिलाओं से जुड़े अपराधों में उत्तराखंड शीर्ष राज्यों में शामिल है। अंकिता हत्याकांड और हालिया विक्रम शर्मा हत्याकांड का जिक्र करते हुए उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने त्रिवेंद्र सिंह रावत के बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब सत्तारूढ़ दल के नेता ही सरकार पर सवाल उठा रहे हैं, तो हालात की गंभीरता समझी जा सकती है।

खनन को लेकर रावत ने कहा कि प्रदेश की नदियों का अंधाधुंध दोहन हो रहा है और खनन माफिया सक्रिय है। नशे पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि सूखे नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है और उत्तराखंड "उड़ता उत्तराखंड" बनता जा रहा है।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर आंदोलन शुरू कर दिया है, जिसे अब गांव-गांव तक ले जाया जाएगा। इस दौरान कई स्थानीय जनप्रतिनिधि व कांग्रेस नेता मौजूद रहे।


रामनगर में पत्रकारों से वार्ता करते पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत।

### किशोरावस्था में होने वाले बदलावों की जानकारी दी

**भीमताल:** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडौन में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत बालिकाओं के लिए ऐडोलसेंस (किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक बदलाव) को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर महिमा पाण्डे ने छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने किशोरावस्था से जुड़ी शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी तथा उनके समाधान के उपाय भी बताए। इस दौरान छात्राओं से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

# चकलुवा क्षेत्र में हाथियों का आतंक

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत कालाढूंगी रेंज से सटे चकलुवा क्षेत्र में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गुलजापुरबंकी, विदरामपुर, रतनपुर व रामपुर क्षेत्रों में रोजाना हाथी गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है।

बीते दिनों शाम करीब साढ़े छह बजे एक हाथी विदरामपुर और निरपानी क्षेत्र में पहुंच गया और जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने जहां स्कूल की सुरक्षा दीवार तोड़ दी, वहीं दर्जनों किसानों की गेहूं की फसल रौंद डाली। मंगलवार शाम को भी हाथी के पहुंचते ही कई किसानों की फसल बर्बाद हो गई। हाथी को देखकर ग्रामीणों ने शोर-शराबा कर उसे जंगल की ओर खदेड़ा, लेकिन करीब आधे घंटे बाद वह फिर लौट आया। इस दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय चकलुवा की सुरक्षा दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। किसान मोहन पड़ेलिया, चंद्रप्रकाश पड़ेलिया, पुष्कर सिंह मेहरा और त्रिभुवन की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीण रातभर मशाल जलाकर और पहरा देकर जान जोखिम में डालकर अपनी फसलों की सुरक्षा कर रहे हैं। ग्रामीण मनमोहन बसेड़ा ने बताया कि अब हाथी घरों के पास पहुंचने लगे हैं, जिससे जान-माल का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों को रोकने के लिए ठोस इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं।


हाथी द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय ध्वस्त की गई सुरक्षा दीवार। ● अमृत विचार

**सतर्कता** | वन विभाग के साथ ही पुलिस, स्वास्थ्य, राजस्व व बिजली विभाग के कर्मचारी भी रहे मॉकड्रिल में शामिल

# जंगलों को आग से बचाने के लिए संयुक्त मॉकड्रिल की

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** आगामी वनाग्नि सीजन को ध्यान में रखते हुए तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर द्वारा बैलपड़ाव रेंज में व्यापक स्तर पर फॉरेस्ट फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य जंगलों में आग पर काबू पाने की तैयारियों को परखना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करना रहा।

मॉक ड्रिल के दौरान बैलपड़ाव रेंज के प्लॉट संख्या-005 में आग लगने की काल्पनिक सूचना पर टीमें तत्काल मौके पर रवाना हुईं। आग बुझाने की कार्रवाई के दौरान एक वनकर्मी के झुलसने की स्थिति दर्शाई गई, जिसे मौके पर सीपीआर देकर एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। इस अभ्यास में 100 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। बुधवार को प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशन में उप प्रभागीय वनाधिकारी संदीप गिरी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने अत्याधुनिक उपकरणों और पारंपरिक साधनों से आग पर नियंत्रण का अभ्यास किया। इसमें वन विभाग, स्वास्थ्य, राजस्व, विद्युत, पुलिस सहित सभी रेखीय विभागों ने भागीदारी की।

टास्क फोर्स के नेतृत्व में गठित टीमों को स्टेजिंग एरिया से घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। संचार व्यवस्था के लिए वायरलेस, कंट्रोल रूम और रिपीटर सेंटर के माध्यम से लगातार संपर्क बनाए रखा गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी संदीप गिरी ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य वनाग्नि से निपटने की तैयारियों, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली और संसाधनों की जांच करना है, ताकि गर्मी के मौसम में जंगलों को आग से सुरक्षित रखा जा सके।


मॉकड्रिल के दौरान आग बुझाते वनकर्मी एवं अन्य विभागों के कर्मचारी।

### वनाग्नि से निपटने को विभिन्न विभागों ने की मॉकड्रिल

**नैनीताल :** आगामी वनाग्नि एवं फायर सीजन को ध्यान में रखते हुए अग्निशमन विभाग द्वारा नैनीताल क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास पुलिस महानिरीक्षक अग्निशमन एवं आपात सेवा देहरादून तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर संपन्न हुआ। फायर स्टेशन नैनीताल से अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में फायर यूनिट ने पाइंस क्षेत्र में वनाग्नि से निपटने का अभ्यास किया। इस दौरान जंगल में आग लगने की काल्पनिक स्थिति तैयार की गई, जिसमें मिनी हाई प्रेशर पंप, होजरील और पीठ पंप की सहायता से आग पर काबू पाने का प्रदर्शन किया गया। अभ्यास के दौरान तीन लोगों के झुलसने की स्थिति भी दर्शाई गई। रेस्क्यू टीम ने दो घायलों को मौके पर प्राथमिक उपचार दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को स्ट्रेचर के माध्यम से बाहर निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। मॉकड्रिल में वन विभाग, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, स्थानीय पुलिस, भारतीय वायुसेना, स्वास्थ्य विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग की टीमों ने भाग लिया।

### पेंशन बहाली की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**नैनीताल:** नैनीताल में उत्तराखंड नियमित वर्गचार्ज कर्मचारी संघ के बैनर तले सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने पेंशन बहाली की मांग को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा शीघ्र मांग पूरी न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि 30 से 40 वर्ष सेवा देने के बाद भी 16 जनवरी के शासनादेश से उनकी पेंशन रोक दी गई, जिससे कई परिवार आर्थिक संकट में आ गया है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के मुख्य संयोजक गिरीश चंद्र जोशी ने बताया कि कई बार मांग रखने के बावजूद सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र पेंशन बहाल नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। कहा कि इस मामले में अब वह चुप नहीं बैठेंगे।


नौकुचियाताल क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे में कैद तेंदुआ। ● अमृत विचार

### नौकुचियाताल में तेंदुआ दिखने से दहशत सीसीटीवी में हुआ कैद

**भीमताल :** भीमताल के जॉन्स स्टेट क्षेत्र में मादा तेंदुआ पकड़े जाने के बाद अब नौकुचियाताल क्षेत्र में तेंदुआ दिखाई देने से लोगों में दहशत का माहौल है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल चुनौतिया ने बताया कि तेंदुआ क्षेत्र में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने एक-दूसरे को सतर्क रहने की अपील की है। लोग रात के समय बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं तथा बच्चों और बुजुर्गों की विशेष निगरानी रखी जा रही है। स्थानीय निवासियों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## सिटी ब्रीफ

### काठगोदाम-दानीजाला अमृतपुर बाईपास मंजूर

**हल्द्वानी :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि काठगोदाम से रानीबाग के बीच गुलाब घाटी के पास जाम रहता है जिस वजह से पहाड़ आने-जाने वाले लोगों को परेशानियां होती हैं। इस समस्या से निजात के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी से काठगोदाम-दानीजाला-सिमलखेत होते हुए एचएमटी अमृतपुर तक बाईपास की मांग की थी। उन्होंने कहा कि बाईपास 3.5 किमी मोटर मार्ग के लिए 1.75 करोड़ की स्वीकृति दी है। इसका जल्द शासनादेश जारी हो जाएगा।

### नरेश ने जेईई में हासिल किए 99.69% अंक

**हल्द्वानी :** एचएन इंटर कॉलेज के छात्र नरेश सिंह कैड़ा ने जेईई प्रवेश परीक्षा में 99.69 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। नरेश सिंह कैड़ा ने इससे पूर्व सत्र 2024-25 की इंटरमीडिएट परीक्षा में 88 प्रतिशत और हाईस्कूल में 93 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। प्रधानाचार्य भगवान सिंह सामंत ने नरेश की सफलता पर खुशी जताई है।

### टीआई ने टेंपो व ई- रिक्शा चालकों को दिए निर्देश

**हल्द्वानी :** यातायात संबंधी अनियमिताओं, दुर्घटनाओं, चोरी तथा अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए बुधवार को यातायात निरीक्षक महेश चंद्रा ने टेंपो व ई-रिक्शा एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने वाहनों के आगे व पीछे बड़े व स्पष्ट अक्षरों में नंबर प्लेट लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रिंस आहूजा, उमेश चंद्र जोशी, देवीदत्त बहुगुणा, शेर बिष्ट, राजा आहूजा, गिरीश जोशी थे।

### राष्ट्रीय कैंपों में हिस्सा लेने वाले कैडेट्स सम्मानित

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में 24 यूके एनसीसी गर्ल्स सब यूनिट में विभिन्न राष्ट्रीय कैंपों में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं का अभिनंदन। सीनियर अंडर ऑफिसर रिया बिष्ट, कैडेट प्रियंका देउपा, अंडर ऑफिसर दिव्यांशी और कैडेट दीपशिखा फुलारा को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने उत्तरकाशी में पर्वतारोहण की बेसिक कैंप करने वाली कैडेट गौरी कफल्टिया, प्रियांशी पांडे, वॉटर राफ्टिंग में सार्जेंट शोभा,टीमा चिलवाल, एडवांस लीडरशिप कैंप में कॉरपोरल उर्मिला परिहार, कॉरपोरल अषिता आर्य को सम्मानित किया।

---

**दमुवाढूंगा सरदार की कोठी के पास बनी हुई थी समस्या, जल संस्थान के अधिकारियों की लापरवाही को लेकर लोगों में आक्रोश**

# 5 दिनों से ठप थी आपूर्ति, आयुक्त से की शिकायत तो 11 मिनट में मिला पानी

संवादाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पेयजल की आपूर्ति का काम जलसंस्थान है, मगर जलसंस्थान की ओर इस आपूर्ति में बड़ी लापरवाही सामने आई है। दमुवाढूंगा में सरदार की कोठी के पास पानी की सप्लाई बाधित चल रही है। जलसंस्थान के अधिकारियों को सूचित किए जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ हालांकि अलग-अलग अधिकारियों ने पानी नहीं आने की अलग-अलग कारण जरूर बता दिए। थकहार कर लोगों ने आयुक्त दीपक रावत को समस्या बताई। सूचना मिलने के 11 मिनट बाद क्षेत्र में पानी की आपूर्ति सुचारू हो गई तो जलसंस्थान की टीमें भी जांच के लिए पहुंच गई।

सरदार की कोठी के पास मुख्य तौर पर शीशमहल फिल्टर प्लांट से पानी की सप्लाई होती है। यहां दोपहर 12 बजे से दिन में दो बजे तक पानी आती है,शनिवार से पेयजल आपूर्ति बाधित है। करीब एक माह पूर्व जलसंस्थान ने नई पाइप लाइन बिछाकर पेयजल कनेक्शन दिए थे। बीते शनिवार से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई। शनिवार और रविवार को पूरे दिन पानी नहीं आया और सोमवार को जलसंस्थान के सफाई कार्यों की वजह से पानी नहीं आया। हालांकि सोमवार को ईई आरएस लोशाली को सूचित किया गया तो उन्होंने बताया कि पानी अब आ जाएगा। मंगलवार को केवल आधे घंटे तक पानी आया तो फिर से ईई लोशाली को सूचित किया गया तो उन्होंने नए कनेक्शन लगाए जाने की बात कह दी, हालांकि एक लाइनमैन को भेजा गया। बाद में आधा घंटा पानी आया। अब बुधवार को फिर से पानी नहीं आया तो इस बार जेई सोहन सिंह को सूचना दी तो उन्होंने कहा कि लाइनमैन को भेजा जाएगा। हालांकि कई बार फोन करने के बाद लाइनमैन भी नहीं आया। जलसंस्थान के इस लापरवाही वाले रवैये से परेशान होकर आखिरकार स्थानीय लोगों ने सीधे कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को सूचना दी। उनको सूचना देने के 11 मिनट के अंदर ही पानी आ गया और साथ ही जलसंस्थान की टीम भी पहुंच गई है और समस्या का समाधान ढूंढकर उसे ठीक करने की बात कही है। एई रवींद्र ने कहा कि यदि कोई समस्या होगी तो उसे गुरुवार को फिर से देखा जाएगा।





समस्या की सूचना मिलने के बाद ही संबंधित विभाग को समाधान करने के निर्देश दे दिए गए हैं। वैसे भी पानी तो बुनियादी जरूरत होती है। **-दीपक रावत**, कुमाऊं आयुक्त

विकास कार्य चल रहे हैं। नए पाइपों में कनेक्शन लगाए जा रहे हैं, इससे आपूर्ति बाधित हो रही है। वैसे केवल एक-दो लोग ही समस्या बता रहे हैं। **-आरएस लोशाली**, ईई

पानी फिल्टर प्लांट से छोड़ा जा रहा है। इसके बाद भी घरों में नहीं आ रहा है इसका मतलब पानी में प्रेशर कम होना हो सकता है। **-सोहन सिंह**, जेई, जल संस्थान

पाइप लाइन में कोई समस्या हो सकती है। पानी जब बैक आ रहा है तब पानी आ रहा है। इस समस्या को देखा जाएगा। **-रविंद्र**, एई, जल संस्थान

घर में अगर कहीं पानी की लीकेज हो तो पानी में प्रेशर नहीं बनता है। इस वजह से हो सकता है कि पानी नहीं आ रहा हो। **-मदन लाल आर्य**, जल संस्थान कर्मचारी

### जेई के कहने पर भी लाइनमैन नहीं आया

**हल्द्वानी :** बुधवार की दोपहर करीब एक बजे जेई सोहन सिंह को सूचित किया गया तो उन्होंने कहा कि लाइनमैन को भिजवा देंगे। साथ ही स्थानीय लोगों ने स्वयं भी लाइनमैन को सूचित किया। इसके बावजूद लाइनमैन नहीं आया। बाद में करीब एक घंटे बाद लाइनमैन का फोन आया कि अगर पानी आया तो वीडियो बनाकर भेज दें।

### विभिन्न मांगों पर एबीवीपी का प्रदर्शन

**हल्द्वानी :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शहर के निजी अस्पतालों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

एबीवीपी के जिला संयोजक धीरज गड़कोटी के नेतृत्व में कार्यकर्ता डीएम ललित मोहन रयाल से मिलने पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि एमबी इंटर कॉलेज के पास एक निजी अस्पताल में भवन निर्माण से संबंधित कई मानकों की अनदेखी की जा रही है। मानचित्र के उल्लंघन, पार्किंग -सेटबैक नियमों की अनदेखी, मरीजों से कथित वसूली के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। इस दौरान कैलाश बिष्ट, संतोष जुयाल, सूरज रमोला, निखिल सोनकर, कौशल बिरखानी, आर्यन रहे।

---

# नकलविहीन परीक्षा, प्रश्नपत्रों के रखरखाव व ड्यूटी के दिए टिप्स

**उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा के लिए 38 संवेदनशील केंद्र संवेदनशील, मानव वन्यजीव संघर्ष क्षेत्र में होगी अतिरिक्त सुरक्षा, सीडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक**

- पुलिस, प्रशासन, शिक्षा विभाग की हुई संयुक्त बैठक
- कर्मियों को दिए जरूरी निर्देश, सुझाव भी मांगे गए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं शनिवार से होने जा रही हैं। परीक्षाओं को लेकर बुधवार को एक निजी स्कूल में सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में परीक्षाओं के शांतिपूर्वक और सफल संचालन को लेकर परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ चर्चा की और उनकी जरुरतों और सुझावों को भी जाना। जिले में कुल 108 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 38 केंद्र संवेदनशील चिन्हित किए गए हैं।

इस दौरान प्रश्नपत्रों के रखरखाव, नकलविहीन परीक्षा कराने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। सीडीओ अरविंद कुमार पांडे ने विभागीय अधिकारियों सहित सभी केंद्र व्यवस्थापकों को ब्रीफ किया। बैठक में बताया गया कि संवेदनशील केंद्रों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। इनमें पुलिस के सुरक्षाकर्मी नाइट पेट्रोलिंग करेंगे। इसके साथ ही मानव-वन्यजीव संघर्ष वाले क्षेत्रों में भी अतिरिक्त सुरक्षा बरती जाएगी। यहां स्कूल के चारों तरफ फेंसिंग व वैकल्पिक बाउंड्री वॉल की व्यवस्था की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों में कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी निर्धारित की जाएगी। बैठक के बाद सभी केंद्र व्यवस्थापकों को प्रश्नपत्र बांटे गए। सभी परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्र सुरक्षित रखे जाएंगे। इस दौरान एसडीएम हल्द्वानी गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम भीमताल नवाजिश खालिक, एसपी सिटी मनोज कत्याल, उप शिक्षाधिकारी पुष्कर लाल टम्टा, खंड शिक्षाधिकारी हल्द्वानी तारा सिंह आदि मौजूद रहे।



बोर्ड परीक्षा को लेकर कर्मियों को संबोधित करते सीईओ गोविंद राम जायसवाल।



सेंट लॉरेंस स्कूल में बोर्ड परीक्षा को लेकर बैठक उपस्थित प्रधानाचार्य और अध्यापक।

## 108 केंद्रों पर 17.5 हजार बच्चे देंगे परीक्षा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाएं शनिवार से शुरू होंगी। परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए दो संकलन केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखा जाएगा। पहला संकलन केंद्र हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज में और दूसरा भीमताल के पीएम श्री एलपी इंटर कॉलेज में बनाया गया है।

प्रत्येक केंद्र के लिए शिक्षकों की ड्यूटी तय की जा रही है। सभी स्कूलों से महिला और पुरुष शिक्षकों की संख्या के अनुसार ड्यूटी की मांग भेजी है। जिले में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए दो मूल्यांकन केंद्र भी बनाए गए हैं। जिले में कुल 108 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिले में परीक्षार्थियों की कुल संख्या करीब 17.5 हजार है, जिसमें 9 हजार से अधिक हाईस्कूल, जबकि इंटरमीडिएट में 8 हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए ब्लॉकवार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों की जरूरत के अनुसार ड्यूटियां बांटी जाएंगी। प्रत्येक ब्लॉक में एक सचल दल रहेगा।

मुख्य शिक्षाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को लेकर लगभग पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी परीक्षा केंद्रों और व्यवस्थापकों की मांग के अनुसार जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

## पढ़ाई के साथ नींद भी पूरी करें बोर्ड परीक्षार्थी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बोर्ड परीक्षाएं शुरू होते ही छात्रों में अच्छे अंक लाने का मानसिक दबाव बढ़ जाता है, जिससे तनाव की स्थिति सामान्य रूप से देखी जाती है। ऐसे समय में बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी के मानसिक रोग विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई कि अत्यधिक तनाव बच्चों के आत्मविश्वास, एकाग्रता और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। छात्र रात-रात भर पढ़ाई करने से बचें और प्रतिदिन कम से कम 5-6 घंटे की नींद अवश्य लें। पर्याप्त नींद न लेने से दिमाग की कार्यक्षमता प्रभावित होती है और स्मरण शक्ति कमजोर पड़ सकती है। सलाह दी कि परीक्षा के बीच मिलने वाली छुट्टियों में भी पढ़ाई की नियमितता बनाए रखें। कई दिन पढ़ाई छोड़कर केवल परीक्षा से एक दिन पहले पूरी रात पढ़ना मानसिक दबाव को और बढ़ा देता है।



यदि छात्र तनाव महसूस करें तो अपनी भावनाएं अभिभावकों से साझा करें। खुला संवाद तनाव कम करने में सहायक होता है। भोजन में प्रोटीन युक्त आहार शामिल करें। पौष्टिक भोजन, हल्का व्यायाम और योग तनाव कम करने में लाभकारी हैं। लगातार पढ़ाई के बजाय 1-2 घंटे बाद छोटा ब्रेक लें। **-डॉ. निकिता देऊपा**, मनोचिकित्सक राजकीय मेडिकल कॉलेज



लंबे समय तक पढ़ाई करने से आंखों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। 40-45 मिनट पढ़ाई के बाद 5-10 मिनट का ब्रेक लें। मोबाइल और लैपटॉप का सीमित उपयोग करें, स्क्रीन की ब्राइटनेस सामान्य रखें और उचित रोशनी में पढ़ाई करें। **-डॉ. नितिन मेहरोत्रा**, नेत्र रोग विशेषज्ञ, एसटीएच

---

# जीना कॉलोनी में नलकूप का शिलान्यास

- नलकूप निर्माण वार्ड 46 व 47 को मिलेगी राहत
- यूयूएसडीए करेगी नलकूप का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अब जीना कॉलोनी बिठौरिया में पेयजल आपूर्ति की समस्या नहीं होगी। यहां नलकूप का शिलान्यास हो गया है, जल्द ही निर्माण शुरू होते ही आपूर्ति सुचारू हो जाएगी।

बुधवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक प्रतिनिधि विकास भगत की उपस्थिति में पार्षद नवीन जोशी, पार्षद दीपक बिष्ट,मंडल अध्यक्ष सुरेश गौड, पार्षद प्रतिनिधि मनोज जोशी ने जीना कॉलोनी में नारियल फोड़कर नलकूप निर्माण का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के अथक प्रयासों से यह नलकूप स्वीकृत हुआ है।

विधायक के अनुरोध पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने यहां अतिरिक्त नलकूप निर्माण के लिए शासन को निर्देशित किया था, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 1.5 करोड़ है। इस नलकूप के निर्माण से वार्ड संख्या 46 एवं 47 सहित कई वार्डों में पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ होगी।

इस अवसर पर यूयूएसडीए के एई अनिल परिहार, केसी त्रिपाठी, भगवान देउपा, राम सिंह नेगी, तारा कांडपाल, गोपाल डसीला, रमेश दसोनी, कमला तिवारी, सुमन अधिकारी, सुमन रौतेला, सुरेश तिवारी, राजेंद्र जीना, सुरेंद्र अधिकारी, दीवान सिंह, महेंद्र सिंह, सुंदर रौतेला मौजूद रहे।



जीना कॉलोनी में नारियल फोड़कर नलकूप का शिलान्यास करतीं महिला शक्ति।

### डिप्लोमा इंजीनियरों का धरना, भेजा ज्ञापन

**हल्द्वानी :** वेतन विसंगति दूर करने, पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने और पुरानी पेंशन योजना बहाली समेत विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को डिप्लोमा इंजीनियरों ने तिकोनिया स्थित लोक निर्माण विभाग परिसर में धरना-प्रदर्शन किया।

महासंघ ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रांतीय कार्यकारिणी की ओर से लंबे समय से शासन स्तर पर संवाद और अनुरोध के बाद मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। महासंघ ने स्पष्ट किया कि दो फरवरी से घोषित चरणबद्ध आंदोलन के तहत यह धरना एक महत्वपूर्ण कड़ी है और यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को प्रदेशभर में और व्यापक किया जाएगा।

# मॉकड्रिलः आग की सूचना पर तुरंत पहुंचीं वन टीमें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वन विभाग ने वनाग्नि से निपटने के लिए हल्द्वानी और तराई पूर्वी वन डिवीजन में मॉकड्रिल हुई। इसमें वनाग्नि की सूचना पर रिस्पांड टाइम, संसाधन, टीम मैनेजमेंट आदि तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

तराई पूर्वी वन डिवीजन के डीएफओ हिमांशु बागरी ने बताया कि बुधवार को गौला रेंज स्थित गोरा पड़ाव फायर क्रू स्टेशन पर आगामी वनाग्नि सीजन की तैयारियों को लेकर मॉकड्रिल हुई। उन्होंने बताया कि मॉकड्रिल के तहत 11:25 बजे गोरापड़ाव दानीबंगर बीट के लिए उच्च स्तर से वनाग्नि का अलर्ट मिला। 11:30 बजे क्रू स्टेशन में सूचना मिली और सूचना मिलते ही टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। 11:40 बजे टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने सर्वप्रथम आग के फैलाव की दिशा व जोखिम क्षेत्र का आकलन किया, फिर कंट्रोल लाइन निर्माण, फायर बीटिंग, रेक एवं फावड़ों से ज्वलनशील सामग्री हटाने, ब्लोअर मशीन एवं बैकपैक वाटर स्प्रेयर के प्रयोग करते हुए 20 मिनट बाद 12 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

उन्होंने कहा कि इस ड्रिल में एक फायर वॉचर के घायल होने की सूचना 108 एंबुलेंस को दी गई और उसको आग से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मॉकड्रिल में वनाग्नि की सूचना पर रिस्पांड प्रक्रिया व टाइम, सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की गई।

इधर, हल्द्वानी वन डिवीजन के डीएफओ कुंदन कुमार ने कहा कि छकाता रेंज में हनुमानगढ़ी क्रू स्टेशन के निकट वनाग्नि मॉकड्रिल हुई। फील्ड स्टाफ एवं फायर वॉचर सुबह 9:30 बजे निर्धारित स्थल पर एकत्रित हुए। मुख्यालय ने व्हाटसएप से आग के बिंदुओं की जीपीएस लोकेशन साझा की। जंगलों में आग की सूचना क्रू स्टेशन को दी गई, क्रू स्टेशन ने घटना की सूचना मास्टर कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद सूचना कुमाऊं क्षेत्र के नैना पीक टॉवर को दी गई। इसके बाद फील्ड से एक फायर वॉचर के घायल होने की सूचना मिली। इस पर तत्काल एसडीआरएफ टीम को राहतकार्य के लिए तैनात किया और चिकित्सा दल को भी मौके पर बुलाया। एसडीआरएफ ने घायल को सुरक्षित निकालकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया तो चिकित्सकीय टीम ने प्राथमिक उपचार दिया। फील्ड से आग बढ़ने की सूचना पर अग्निशमन टीम को मौके पर बुलाया और स्थानीयों के सहयोग से अत्यंत कम समय में आग पर काबू पा लिया गया।



मॉकड्रिल में फायर वॉचर को अस्पताल ले जाते वन कर्मी। ● अमृत विचार

---

**राजनीति**

**उक्रांद युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

# भ्रष्टाचार न करने की कसम लेकर चुनाव मैदान में उतरें

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी इन दिनों कुमाऊं क्रांति यात्रा संवाद पर हैं। यात्रा के तहत वह बुधवार को हल्द्वानी पहुंचे। हीरानगर स्थित उत्थान मंच में हुए कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जमीनी स्तर पर काम करने का संकल्प लेने को कहा।

आशीष नेगी ने जय पहाड़ के नारे के साथ मौजूद सभी लोगों में जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल को आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ स्तर पर काम करना होगा। प्रदेशभर में 11 हजार से अधिक बूथ हैं और उक्रांद को प्रत्येक बूथ में पूरी मजबूती से खड़ा होना होगा। आशीष नेगी ने उक्रांद के पदाधिकारी चंदन मेवाड़ी की बात का समर्थन करते हुए कहा कि प्रत्येक संभावित प्रत्याशी को चुनाव लड़ने से पहले गोल्ज्यू भगवान की कसम लेनी होगी कि वह चुनाव जीतने के बाद किसी भी तरह का भ्रष्टाचार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य बनाने के लिए उक्रांद के कई लोगों ने बलिदान दिया। उन्होंने बेरोजगारी, पलायन, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों औ मूल निवासियों के अधिकारों की बात की।

पहाड़ के लिए अपना सब कुछ त्याग करने वाले इन लोगों को जवाब देना होगा कि उक्रांद ने राज्य बचाने के लिए क्या किया। उन्होंने नेता और वार्ड 8 के पार्षद रवि वाल्मीकि को भी उक्रांद का गौरव बताया। चुनाव चेहरे से नहीं विचार से होना चाहिए। उन्होंने हरीश मेवाड़ी, चंदन लोधियाल, नीरज बिष्ट, ललित आदि का नाम लेकर कहा कि सभी युवा चेहरे हैं। कहा कि ऐसे लोगों को जोड़ना होगा जो जीवन भर एक झंडा पकड़ने का संकल्प लेकर उक्रांद के लिए काम करें। इससे पहले उनका एमबी कॉलेज व अन्य जगह स्वागत हुआ।

केंद्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप रावत ने कहा कि यह यात्रा केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनजागरण व आत्मसम्मान की मुहिम है। यात्रा गांव-गांव तक संगठन की विचारधारा और संघर्ष की भावना को पहुंचाएगी। कार्यक्रम में प्रताप सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष नैनीताल, हरीश मेवाड़ी, जिलाध्यक्ष नैनीताल युवा प्रकोष्ठ, सुशील उनियाल, केंद्रीय महामंत्री, भुवन सिंह बिष्ट, केंद्रीय संगठन मंत्री, नीरज बिष्ट, केंद्रीय अध्यक्ष, यूएसएफ सहित केंद्रीय युवा प्रकोष्ठ संगठन मंत्री गौरव जोशी, केंद्रीय संगठन मंत्री चंदन लोधियाल, सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष व लैंसडौन विधानसभा अध्यक्ष श्याम सिंह रावत, विनोद रावत, केंद्रीय मीडिया प्रभारी आयुष रावत, व्यांशु मधवाल, राजा बिष्ट और संस्थापक सदस्य खड़क सिंह बगड़वाल मौजूद रहे।



उक्रांद के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी व उपाध्यक्ष कुलदीप का स्वागत करते कार्यकर्ता।

# उत्तराखंड सचिवालय की टीम जीती





दिल्ली में जीत के बाद उत्तराखंड सचिवालय की हॉकी टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में उत्तराखंड सचिवालय की टीम ने तेलंगाना की टीम को 6-1 से करारी शिकस्त दी। इस शानदार जीत के साथ उत्तराखंड ने पूल-जी में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

मैच की शुरुआत में तेलंगाना की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए पहले क्वार्टर में पहला गोल दागकर 1-0 की बढ़त बना ली। हालांकि यह बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रह सकी। उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने तेज काउंटर अटैक करते हुए पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, जिस पर मोहित सिंह ने बेहतरीन गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। दूसरे और तीसरे क्वार्टर में महेश्वर नेगी ने लगातार दो शानदार गोल दागे, जबकि दीपक जोशी ने एक गोल कर टीम को 4-1 की मजबूत बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर में वरुण बेलवाल के आक्रामक प्रयास के दौरान टीम को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे भूपाल चुफाल ने गोल में तब्दील कर स्कोर 5-1 कर दिया। इसके बाद वरुण ने ही फ्लिक से एक और गोल दागकर जीत को 6-1 तक पहुंचा दिया। टीम मैनेजर केसी पंत ने बताया कि अगला मुकाबला 20 फरवरी को बिहार के साथ होगा।

# फर्जी आधार कार्ड बनाने वाला सीएससी संचालक गिरफ्तार

## केंद्र से मिले आधार कार्ड, पैनकार्ड, हाईस्कूल-इंटर की अंकतालिका समेत कई उपकरण, एसटीएफ और ट्रांजिट कैंप पुलिस ने की कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एसटीएफ और ट्रांजिट कैंप पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए फर्जी आधार कार्ड सहित दस्तावेज बनाने वाले गंगवार जनसेवा केंद्र के संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 40 आधार कार्ड, 53 पैनकार्ड, 9 हाईस्कूल की अंकतालिका, एक इंटर की अंकतालिक, 11 फोटो पेपर सीट, फिंगर प्रिंट और बॉयोमेट्रिक स्कैनर सहित कई उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि 17 फरवरी की शाम को एसटीएफ दरोगा विपिन जोशी व केपी मठपाल सिडकुल ढाल के समीप वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस बीच सूचना मिली कि मछली मार्केट स्थित गंगवार जनसेवा केंद्र में फर्जी दस्तावेज बनाने का धंधा चल रहा है। इसके बाद थाना ट्रांजिट कैंप के दरोगा अकरम अहमद के साथ पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। साथ ही सीएससी सेंटर में दबिश दी गयी। पुलिस को देख सीएससी केंद्र संचालक भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने पीछा कर कुछ दूरी पर सेंटर संचालक को दबोच लिया।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम चेतन गंगवार निवासी गांव अन्चौरा पटवाई रामपुर यूपी व हाल निवासी गड्ढा कॉलोनी शिमला बहादुर बताया। पूछताछ में अभियुक्त ने यह भी बताया कि वह दो साल से जनसेवा केंद्र की आड़ में फर्जी दस्तावेज बनाने का धंधा कर रहा है। एसएसपी ने बताया कि मौके से फर्जी दस्तावेज बनाने वाले उपकरण समेत कई कागजात बरामद हुए हैं। अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस अब फर्जी दस्तावेज बनाने वाले बाहरी व्यक्तियों को चिह्नित करने में जुट गई है। साथ ही अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर रिमांड लेने की तैयारी की जा रही है।


मामले का खुलासा करते एसएसपी अजय गणपति कुंभार। ● अमृत विचार

### फर्जी दस्तावेज बनाने वालों के खिलाफ चलेगा अभियान

**रुद्रपुर :** एसएसपी ने कहा कि फर्जी आधारकार्ड, पैनकार्ड, मार्कशीट बनाने का मामला अपराध की श्रेणी में आता है। अभियुक्त चेतन ने दो साल के अंदर कितने फर्जी दस्तावेज बनाए हैं। इसकी तस्दीक करने के लिए पुलिस की कई टीमें बनाई जाएगी। थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में सर्च अभियान चलाकर फर्जी दस्तावेज बनाने वालों को चिह्नित किया जाएगा। इसके अलावा सभी सीएससी सेंटर की भी जांच होगी।

## 10 हजार से अधिक फर्जी दस्तावेज बना दिए

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आधार कार्ड-पैन कार्ड जैसे दस्तावेजों के आधार पर व्यक्ति को भारतीय नागरिकता का प्रमाण माना जाता है। अब उसी फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड का दुरुपयोग करते हुए थाना ट्रांजिट कैंप का इलाका बाहरी व्यक्तियों का गढ़ बनता जा रहा है। यही कारण है कि सीएससी संचालक ने महज दो साल के भीतर हजारों बाहरी व्यक्तियों के फर्जी दस्तावेज बनाकर ऊधमसिंह नगर में प्रवेश करा दिया है। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन भी संजीदा हो गई है और एसएसपी ने अंकुश लगाने के लिए रणनीति भी बनानी शुरू कर दी है।

एसटीएफ और थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में फर्जीवाड़ा करने वाले चेतन गंगवार को गिरफ्तार किया है। जब पुलिस ने गंगवार जनसेवा केंद्र पर दबिश दी तो पुलिस ने 42 नग आधार कार्ड, 55 नग पैनकार्ड, 9 हाईस्कूल की अंकतालिका, 11 फोटो पेपर सीट, फिंगर प्रिंट स्कैनर सहित कई ऐसे उपकरण बरामद किए गए। जिनके माध्यम से फर्जी दस्तावेज तैयार किए जाते थे। पूछताछ में यह भी पता चला है कि चेतन गंगवार दो साल पहले ही गड्ढा कॉलोनी शिमला बहादुर आया था और जन सेवा केंद्र की आड़ में फर्जी दस्तावेज बनाने का धंधा करता था। प्रारंभिक तफ्तीश में अभियुक्त फर्जीवाड़ा करने से इंकार करता रहा। मौके से मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस का मानना है कि अभियुक्त ने दो साल के अंदर बिलासपुर, रामपुर, बहेड़ी और बरेली के रहने वाले 10 हजार से अधिक लोगों के फर्जी दस्तावेज बनाये हैं। जिसकी तस्दीक करना बेहद जरुरी है। अब सवाल यह उठता है कि हजारों की तादाद में दस्तावेज बनाकर घनी आबादी में आए बाहरी व्यक्तियों में कितने अपराधी हैं। यह कहना मुश्किल है। जिसको लेकर एसएसपी अजय गणमति कुंभार ने खुलासा करते हुए बताया कि रणनीति बनाकर पुलिस की टीम फर्जी दस्तावेज बनाने वालों को चिह्नित करेगी और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी। अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन का यह दावा कितना कारगर साबित होगा। यह आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन मामला बेहद गंभीर है। जिस पर अंकुश लगाना जरूरी है।

### दो आधार कार्ड पर एक ही नंबर

**रुद्रपुर :** एसटीएफ व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस को उस वक्त संदेह हुआ। जब काउंटर पर दो आधार कार्ड रखे हुए थे। जिस पर राजा निवासी वार्ड दो का आधार कार्ड नंबर 4895 8797 4499 अंकित था, जबकि कुलदीप वार्ड दो का आधार नंबर 4894 8544 5464 अंकित था। दोनों आधार कार्डों में लगे बार कोड को आधार स्कैनर ऐप में स्कैन करने पर आधार संख्या 5039 नाम चेतन कुमार निवासी अन्चौरा किरमचा रामपुर यूपी आया। जिससे यह पक्का हो गया कि अभियुक्त चेतन गंगवार ने अपने आधार कार्ड का बारकोड दोनों आधार कार्ड पर कूटरचित कर बनाया है।

### धड़ल्ले से बन रही थी फर्जी मार्कशीट

**रुद्रपुर :** दबिश के दौरान फर्जी अंकतालिका का बनाने का पक्का सबूत उस वक्त देखा गया। जब हाईस्कूल की एक अंकतालिका माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी की निकली। बार कोड को स्कैन करने पर पता चला कि अंक तालिका में अभ्यर्थियों के नाम में काफी भिन्नता है और हम उम्र की अभ्यर्थियों का नाम अंकतालिका में एडिट कर हुबहु अंकतालिका बना कर दी जाती है। अभियुक्त का कहना था कि फर्जी दस्तावेज बनाने वाला उसे मुंह मांगी रकम देता था। पुलिस ने मौके से सात हाईस्कूल व एक इंटरमीडिएट की फर्जी अंकतालिका भी बरामद की।

### तो क्या घनी आबादी में संचालित है गिरोह

**रुद्रपुर :** सिडकुल में नौकरी पाने की चाह रखने वाला हो या फिर चुनाव आने पर फर्जी मतदान करने का उद्देश्य भी हो सकता है। जिस प्रकार महज अभियुक्त चेतन ने दो साल के अंदर हजारों की तादाद में फर्जी दस्तावेज तैयार कर दिए हैं। उससे साफ है कि थाना ट्रांजिट कैंप की घनी आबादी के फायदा उठाकर फर्जी दस्तावेज बनाने का गिरोह सक्रिय है। जो चंद पैसों की खातिर संविधान और निर्वाचन नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है। जिस का आधार आने वाले चुनावों और जिले की कानून व्यवस्था पर भी पड़ सकता है। कारण जो आधार कार्ड व्यक्ति को भारतीय नागरिकता का प्रमाण देता है और मताधिकार का अधिकार देता है। इस फर्जी आधार कार्ड का दुरुपयोग भी हो सकता है।

### सिटी ब्रीफ

#### मां-बेटी को पीटा, जान से मारने की धमकी दी

**किच्छा :** कोतवाली क्षेत्र के नानक नगर (बंडिया) में दबंग पड़ोसियों द्वारा एक महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता मनप्रीत कौर ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाले हरि ओम और उसकी पत्नी सुरभि आए दिन उनके साथ अभद्रता करते हैं। आरोप है कि 8 फरवरी की शाम आरोपियों ने बेवजह गाली-गलौज करते हुए मनप्रीत और उनकी बेटी सिमरन पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### बाल विवाह में माता पिता और दूल्हे पर केस

**किच्छा :** पुलभट्टा पुलिस और आईएसडी संस्था ने ग्राम अंजनिया में छापा मारकर एक बाल विवाह रुकवा दिया। गोपनीय सूचना पर पहुंची टीम ने पाया कि हरियाणा से आई बारात में 15 वर्षीय नाबालिग का विवाह कराया जा रहा था। परिजनों द्वारा उम्र के दस्तावेज न दिखा पाने और जांच में बालिका के नाबालिग पाए जाने पर पुलिस ने विवाह रुकवा दिया। बाल कल्याण समिति के निर्देश पर पुलिस ने बालिका के माता-पिता, दूल्हे और उसके पिता के खिलाफ बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बालिका को फिलहाल सुरक्षा हेतु वन स्टॉप सेंटर, रुद्रपुर भेज दिया गया है।

## सरस मेले में पूर्व सीएम कोश्यारी करेंगे शिरकत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गांधी पार्क में आयोजित सरस आजीविका मेले में आज पूर्वांचल नाइट का आयोजन होगा। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी प्रतिभाग करेंगे।


भगत सिंह कोश्यारी।

बुधवार को महापौर विकास शर्मा ने बताया कि मेले में पूर्वांचल बॉलीवुड नाइट का आयोजन होगा। जिसमें पूर्वांचल की लोक संस्कृति और संगीत का तड़का लगेगा। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध कलाकार रूपेश मिश्रा और उत्तराखंड की लोकप्रिय स्टार श्वेता मेहरा होंगी। दोनों कलाकारों की जुगलबंदी और उनके ऊर्जावान गीतों से दर्शकों का मनोरंजन किया जाएगा। इनके अलावा कई अन्य स्थानीय और आमंत्रित कलाकार भी मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस विशेष शाम को यादगार बनाने के लिए कई अन्य विशिष्ट अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया है जो कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। महापौर शर्मा ने बताया कि 14 फरवरी से शुरू हुआ यह मेला 23 फरवरी तक जारी रहेगा। इसमें प्रतिदिन अलग-अलग संस्कृतियों पर आधारित कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा रहा है।

## नशेड़ी युवती ने की राहगीरों से अभद्रता

**रुद्रपुर :** बड़े शॉपिंग मॉल के सामने उस वक्त नशे में धुत युवती का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। जब एक युवती ने राहगीरों को रोककर बहसबाजी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि युवती मॉल स्थित स्पा सेंटर में काम करती है। सूचना मिलने पर पुलिस कर्मियों ने काफी समझाया और युवती वहां से भाग खड़ी हुई। बताते चलें कि मंगलवार की शाम को सिडकुल चौकी स्थित मेट्रोपोलिस मॉल के सामने एक युवती की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। जिसमें युवती नशे की हालत में थी और राह चलते बाइक सवार लोगों से अभद्र व्यवहार करती हुई दिखाई दी। जब लोग युवती को समझाने लगे तो वह बहसबाजी करने लगी। सूचना मिलने पर सिडकुल पुलिस चौकी कर्मी मौके पर पहुंची है। युवती को समझाने का प्रयास करते हैं, लेकिन युवती झगड़े पर उतारू हो जाती है। पुलिसकर्मियों ने महिला पुलिस को बुलाने और हिरासत में लेने की धमकी दी तो नशे में धुत युवती भाग खड़ी हुई।

## अब पतरामपुर गेट से फाटो रेंज तक होगी जंगल सफारी

● वन मंत्री सुबोध उनियाल ने किया जंगल सफारी का उद्घाटन

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** पतरामपुर गेट से फाटो रेंज तक जंगल सफारी का वन मंत्री सुबोध उनियाल ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। पहली बार जंगल सफारी में लगी जिप्सियों को मंत्री ने भाजपाइयों संग हरी झंडी दिखाकर फाटो रेंज को रवाना किया। वन मंत्री ने कहा कि पतरामपुर क्षेत्र से जंगल सफारी शुरू होने पर जसपुर भी अब पर्यटन क्षेत्र में देश के नक्शे में आ जायेगा।

बुधवार को जसपुर पहुंचे वन मंत्री सुबोध उनियाल एवं सांसद अजय भट्ट का भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद वन मंत्री ने पतरामपुर पहुंचकर गेट का रिबन काटकर शुभारंभ किया तथा फाटो रेंज तक जिप्सियों को रवाना किया। उन्होंने इस क्षेत्र को ढिकाला की तरह विकसित करने की बात कही। इस जंगल सफारी के लिए उन्होंने सभी स्थानीय निवासियों से सहयोग की अपील करते हुए अफसरों को नेचर गाइड का प्रशिक्षण देने को कहा। ज्ञात हो कि अभी तक कुमाऊं मंडल में आने वाले सभी पर्यटक कॉर्बेट पार्क में जंगल सफारी के लिए अमानगढ़ रिजर्व क्षेत्र से प्रवेश लेते थे। लेकिन अब यहां से जंगल सफारी शुरू होने से पतरामपुर वन क्षेत्र से फाटो रेंज तक जंगल सफारी करते हुए पर्यटक वन्य जीवों को निहारने का आनंद ले सकेंगे। वन मंत्री ने कहा कि पतरामपुर गेट खुलने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। बताया कि कॉर्बेट पार्क का नाम पूरी दुनिया में है। पर्यटन को बढ़ावा देने को सरकार प्रयासरत है। उन्होंने चार गेट जंगल सफारी के लिए खोले हैं। यह गेट ढिकाला की तरह विकसित किया जायेगा। उन्होंने पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल की मांग पर तुमड़िया डैम में रिवर सफारी, बर्ड वाचिंग कराने पर अफसरों को परीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा। विधायक आदेश चौहान ने कालू सैयद मजार पर सोमवार और गुरुवार को अधिक भीड़ होने पर सफारी का रूट अलग करने, तीरथ मंदिर तक सफारी कराने तथा तीरथ मंदिर की भूमि खतौनी में दर्ज कराने की मांग की। वन मंत्री ने अफसरों को अलग रूट बनाने, मंदिर की भूमि खतौनी में दर्ज कराने को कहा। वन मंत्री ने वन कर्मियों के लिए आधुनिक हथियार, संचार सुविधा दिलाने की बात कही।


पतरापुर वन क्षेत्र में जंगल सफारी का शुभारंभ करते वन मंत्री व सांसद अजय भट्ट।

### जंगल सफारी के लिए 1650 रुपये होगा टिकट

**जसपुर :** एसडीओ संदीप गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि जंगल सफारी के लिए छह लोगों का 1650 रुपये टिकट होगा। इसमें जिप्सी का किराया अलग होगा। जिप्सी केवल फाटो रेंज तक सात किमी आना जाना करेगी।

### फोटो रेंज का मुद्दा उठाने वाले को भुला दिया

**जसपुर :** आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय रोहेला ने जंगल सफारी के उद्घाटन कार्यक्रम में ना बुलाने पर अपनी पीड़ा जाहिर की। कहा कि उन्होंने ही फाटो क्षेत्र में जंगल सफारी का मामला उठाया था और उन्हें ही कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया। इसकी उन्हें पीड़ा है। रोहेला ने कहा कि इस परियोजना के लिए वे लंबे समय से प्रयासरत थे, उसी के उद्घाटन कार्यक्रम की उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई। उन्होंने इस जंगल सफारी के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर लगातार पहल की।

## पर्यावरण मित्रों ने महापौर का किया स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** चार दिन पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर में सरस आजीविका मेले में महापौर विकास शर्मा के प्रस्ताव पर सार्वजनिक रूप से आवास निर्माण की घोषणा किए जाने के बाद पर्यावरण मित्रों में खुशी का माहौल है। इसको लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले पर्यावरण मित्रों ने महापौर शर्मा का जोरदार अभिनंदन किया। साथ ही शॉल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर आभार जताया। वहीं महापौर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पर्यावरण मित्रों को ट्रैक सूट भी वितरित किए।

बुधवार को नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर शर्मा ने पर्यावरण मित्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नगर निगम का असली हीरो करार दिया। साथ ही कहा कि पर्यावरण मित्र नगर निगम परिवार का अभिन्न अंग हैं। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी इन्हीं के कंधों पर है। इनके प्रयासों से ही नगर निगम स्वच्छता के क्षेत्र में चार बड़े पुरस्कार हासिल करने के साथ ही नगर निगमों की श्रेणी में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण मित्रों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। पर्यावरण मित्रों की आवास की मांग जायज थी जिसे प्रभावी ढंग से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया। मुख्यमंत्री धामी ने इसे प्राथमिकता से पूरा करने की घोषणा की है। महापौर ने एक और वायदा करते हुए कहा कि आवास निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू करवाई जाएगी और अपने कार्यकाल में ही वे इन आवासों को पर्यावरण मित्रों को समर्पित करेंगे। देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष सोनू मुल्तानी ने कहा कि शहर के पर्यावरण मित्र पिछले लगभग 20-22 वर्षों से सरकारी आवास की मांग कर रहे थे। पूर्व के जनप्रतिनिधियों द्वारा समय-समय पर आश्वासन तो दिए गए, लेकिन यह मांग फाइलों और वादों में ही दबी रही। हाल ही में नगर निगम ने खेड़ा क्षेत्र में धार्मिक स्थल की आड़ में कब्जाई गई आठ एकड़ बेशकीमती भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया था। उन्होंने कहा कि महापौर शर्मा ने इसी भूमि में से एक एकड़ जमीन पर्यावरण मित्रों के आवास के लिए आरक्षित करने का वायदा किया था तो अब पूरा हुआ है।


महापौर विकास शर्मा को बुके भेंट करते पर्यावरण मित्र। ● अमृत विचार

## पुलिस ने चलाया अभियान सात किरायेदारों का चालान

**रुद्रपुर :** भौतिक सत्यापन के बिना घनी आबादी में रहने वाले किरायेदारों के खिलाफ सत्यापन अभियान चलाते हुए थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने सात किरायेदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की, जबकि कई मकान मालिक के घर पर नोटिस चस्पा कर जवाब मांगा है। बुधवार को थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि 17 फरवरी की शाम को चलाए गए सत्यापन अभियान के तहत पुलिस ने किराएदार बलजीत सिंह निवासी वार्ड-चार, श्याम बराय निवासी सिडकुल ढाल, नकुल ढाली निवासी सिडकुल ढाल, सुकुमार साह निवासी वार्ड-पांच, रीना निवासी वार्ड-5, रामायण शाह निवासी सिडकुल ढाल, विश्वकांत निवासी आजाद नगर के खिलाफ 52(3)/83 पुलिस एक्ट के तहत न्यायालय का चालान काटा। इसके अलावा करीब आठ मकान मालिकों के घर नोटिस चस्पा कर सत्यापन नहीं कराने पर कारण बताओ नोटिस भी चस्पा किया है। पुलिस द्वारा सत्यापन अभियान जारी रहेगा।

## महिलाओं से संगठित होने का आह्वान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी सुनीता गावड़े ने कहा कि महिला किसी भी स्तर पर कमजोर नहीं है, मातृशक्ति से बड़ी कोई शक्ति नहीं होती है। यही कारण है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी महिलाएं अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने महिलाओं को संगठित होकर पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

बुधवार को प्रदेश प्रभारी सुनीता गावड़े जब शहर में पहुंचीं तो महिला कांग्रेस की प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा और महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कार्यकत्रियों के साथ जोरदार स्वागत किया और फिर सिटी क्लब सभागार में महिला कांग्रेस सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रदेश प्रभारी गावड़े ने कहा कि बूथ स्तर पर महिलाओं की अहम भागीदारी होगी। कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जहां महिलाओं को सम्मान मिला है। वह चाहती है कि आपसी सामंजस्य बनाकर प्रदेश, जिला और नगर स्तर पर महिलाओं को संगठित किया जाए। उन्होंने कहा कि आज भी अंकिता जैसी बेटियों को इंसाफ नहीं मिला है। लगातार देवभूमि में अराजकता और अपराध का वातावरण बना हुआ है। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष जया कर्नाटक, प्रदेश महामंत्री सुनीता कश्यप, उपाध्यक्ष ममता हालदार, नगर अध्यक्ष मोनिका ढाली, जिलाध्यक्ष रेखा सोनकर, पूजा सिंह, पूनम गुप्ता, मंजू जैन, सरोज रानी, भूरी देवी, उमा सरकार, ज्योति रानी मौजूद रहे।



प्रदेश प्रभारी सुनीता गावड़े का स्वागत करतीं महिला कांग्रेस पदाधिकारी।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी सम्पत्ति जिसका खेत नं. 382 मिन. नया खेत नं.-479 ख, रकवा 222.76 वर्ग मी. स्थित बमौरी तल्ली, बंदोबस्ती, तहसील हल्द्वानी, नैनीताल से सम्बन्धित मूल विक्रय पत्र जो कि श्री महेश चन्द्र खोलिया, श्री प्रदीप कुमार खोलिया, श्री चारू चन्द्र खोलिया पुत्रगण स्व. श्री देवीदत्त खोलिया द्वारा दिनांक 7-5-1997 को श्री महेश चन्द्र लोहनी पुत्र स्व. श्री पुरूषोत्तम लोहनी के पक्ष में विक्रय किया गया था। जिसका विलेख बही नं. 1, जिल्द 817/827 पेज नं. 715/169-172, क्रमांक संख्या 1288, दिनांक 7-5-1997 सब रजिस्ट्रार हल्द्वानी उत्तराखण्ड में पंजीकृत है। जो कि लेमिनेटेड है। यह विक्रय पत्र असल (मूल) है, डुप्लीकेट नहीं है। उक्त सम्पत्ति केवल उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक तल्ली बमौरी, हल्द्वानी में बन्धक है। भविष्य में इस सम्पत्ति पर उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक तल्ली बमौरी (428) हल्द्वानी से ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी को आपत्ति है तो लिखित रूप से 07 दिन के अन्दर सम्पर्क करें :- **महेश चन्द्र लोहनी पुत्र स्व. पुरूषोत्तम लोहनी, निवासी खोलिया कम्पाउण्ड, नवाबी रोड, हल्द्वानी**

तैयारी | पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, वन विभाग एवं आपदा प्रबंधन दल रहे मौजूद

## टांडा रेंज में वनाग्नि पर नियंत्रण को लेकर की मॉकड्रिल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन के मुख्य वन संरक्षक के निर्देश पर संजय वन क्षेत्र के धीमरी ब्लॉक पत्थरचट्टा जंगल उत्तरी टांडा रेंज रुद्रपुर में वनाग्नि रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए फॉरेस्ट फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान करीब एक हेक्टेयर क्षेत्र में आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई थी।

बुधवार की सुबह 10:46 बजे वन विभाग के कंट्रोल रूम से पत्थरचट्टा जंगल उत्तरी टांडा रेंज में आग लगने की सूचना जिला आपदा नियंत्रण कक्ष को मिली। आपदा नियंत्रण कक्ष में तैनात कर्मियों ने इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दी। जिसके बाद आईआरएस (इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम) के तहत सभी संबंधित विभागों की टीमें घटनास्थल के लिए दौड़ पड़ीं। मॉक ड्रिल के दौरान करीब एक हेक्टेयर क्षेत्र में आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई थी।

इस दौरान पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, वन विभाग एवं आपदा प्रबंधन दल की संयुक्त टीमों ने समन्वित प्रयास करते हुए फायर लाइन बनाकर आग पर नियंत्रण पाया। एक घायल व्यक्ति को तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। करीब 11:48 बजे तक आग पर पूर्ण तरीके से नियंत्रण कर लिया गया। इस मौके पर पुलिस बल, चिकित्सा दल, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, वन विभाग की टीमें एवं अन्य कार्मिकों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

वहीं जिला आपदा प्रबंधन वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल से आईआरएस प्रणाली के तहत जनपद स्तरीय अधिकारियों ने सतत निगरानी की। मॉक ड्रिल के दौरान जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी समय-समय पर मॉक कंट्रोल रूम, स्टेजींग एरिया और इंसिडेंट एरिया में समन्वय स्थापित किया।


मॉकड्रिल के दौरान मौजूद विभिन्न विभागों की टीमों के अधिकारी-कर्मचारी। ● अमृत विचार

## ब्लू डायमंड एकेडमी होगी बंद, मान्यता नहीं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जनपद के रुद्रपुर में एक व्यक्ति ने सीएम हेल्पलाइन में रुद्रपुर में बिना मान्यता के ब्लू डायमंड एकेडमी के संचालन होने की शिकायत की थी। शिकायत के बाद सीईओ केएस रावत ने खंड शिक्षा अधिकारी को संबंधित एकेडमी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जांच के बाद उप शिक्षा अधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट भेज दी है। वहीं सीईओ ने उप शिक्षा अधिकारी को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

शिकायतकर्ता अनिल कुमार कम्बोज ने 26 दिसंबर 2025 को सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज की। इसमें कहा गया कि पूर्व में उप शिक्षा अधिकारी रुद्रपुर को चेकिंग में मलिक कॉलोनी में एकेडमी बिना मान्यता के संचालित होती हुई पायी गयी थी। इस दौरान उप शिक्षा अधिकारी ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का खुला उल्लंघन करते हुए तत्काल संचालन बंद करने के निर्देश दिए थे। अन्यथा एक लाख रुपये का अर्थदंड एवं कठोर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। बावजूद विद्यालय आज तक संचालित किया जा रहा है जो न केवल विभागीय आदेशों की अवहेलना है, बल्कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 के तहत दंडनीय अपराध भी है।

## सिटी ब्रीफ

### फायर सीजन को देखते हुए दो स्थानों पर मारा छापा

**काशीपुर :** अग्निशमन विभाग की ओर से फायर सीजन को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। काशीपुर शहर के दो स्थानों पर हुई छापेमारी के दौरान वहां पर फायर उपकरण सही नहीं मिले। इस पर विभाग की ओर से नोटिस दिया गया। अग्निशमन अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि फायर कर्मियों की टीम के साथ एक मॉल पहुंचे, यहां पर एक मेगा मार्ट में चेकिंग के दौरान स्मोक सेंसर और फायर उपकरण टूटे हुए थे। इस पर नोटिस देते हुए 15 दिन के भीतर सही कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सरवरखेड़ा में कबाड़ी के गोदामों पर छापेमारी की। यहां पर फायर लाइन नहीं होने की वजह से कबाड़ी गोदाम के संचालकों को नोटिस दिया है। 15 दिनों के भीतर यदि फायर उपकरणों को ठीक नहीं किया जाता है, तो फिर जुर्माना किया जाएगा।

### आग से बचाव के लिए लोगों को किया जागरूक

**काशीपुर :** फायर सीजन को देखते हुए अग्निशमन के अधिकारी और कर्मचारियों ने आग से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया। फायर कर्मी गांवों में जाकर ग्रामीणों को आग से बचाव की जानकारी दे रहे हैं। अग्निशमन अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि फायर स्टेशन क्षेत्रांतर्गत ग्राम ढकिया नंबर-1 कुंडेश्वरी वन क्षेत्र के ग्रामीणों को वनाग्नि से बचाव की जानकारी दी। फायर सीजन पर ग्रामीण क्षेत्र में गेहूं, जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकना और आम जनमानस को इसके प्रति जागरूक करना है। फायर यूनिट में सोमवीर पवार, अर्जुन सिंह, आकाश गैरोला, महिला फायरमैन शीतल गोस्वामी ने लोगों को जागरूक किया।

### ग्रामीण क्षेत्र में सेंटर संचालन पर विवाद

**बाजपुर :** वर्किंग फैसिलिटेशन सेंटर को नगर के बजाय ग्रामीण क्षेत्र में संचालित किए जाने का मामला अब तूल पकड़ रहा है। भाजपा नेता राजेश कुमार ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी को पत्र सौंपकर केंद्र को अविलंब शहर में स्थानांतरित करने की मांग की है। राजेश कुमार ने बताया कि कर्मकार कल्याण बोर्ड के नियमों के अनुसार सेंटर को नगर क्षेत्र में होना चाहिए, लेकिन इसे दूर ग्रामीण इलाके में चलाया जा रहा है। इससे श्रमिकों को पंजीकरण और अन्य कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे उनके समय और धन की हानि हो रही है। कई पात्र मजदूर दूरी के कारण सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। मांग की गई है कि जनहित में केंद्र को शीघ्र शहर में शिफ्ट किया जाए।

# राष्ट्रहित में हिंदुओं का संगठित होना अनिवार्य

## विराट हिन्दू सम्मेलन में पहुंचे महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महाराज, आरएसएस के सौ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर यहां विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने शिरकत की।

बुधवार को अफजलगढ़ रोड स्थित मैरिज हॉल में हिंदू समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे हरिद्वार के महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। महामंडलेश्वर ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष की यात्रा पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि संघ ने पिछले एक दशक से राष्ट्र निर्माण और चरित्र निर्माण में जो भूमिका निभाई है, वह अतुलनीय है। कहा कि संघ के 100 वर्ष केवल एक संगठन की यात्रा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के पुनरुत्थान का काल है। हिंदू समाज को जातियों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में संगठित होना अनिवार्य है। वक्ताओं ने जनसमूह से भारत के गौरव को विश्व पटल पर पुनः स्थापित करने की बात कही।



जसपुर में महामंडलेश्वर का स्वागत करते कार्यक्रम संयोजक। • अमृत विचार



बाजपुर में विराट हिंदू सम्मेलन के बारे में जानकारी देते सुशील सिंघल।

### घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता

**बाजपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 24 फरवरी को प्रस्तावित विराट हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। कार्यकर्ता लोगों को सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान कर रहे हैं। बुधवार को सूद कालोनी स्थित हिंदू जनजागरण समिति के पालक सुशील सिंघला ने अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष के अंतर्गत यह विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को प्रातः 9 बजे श्रीरामभवन धर्मशाला से चीनी मिल ग्राउंड तक भव्य मंगल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 10 बजे हवन कार्यक्रम होगा, तत्पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। सुशील सिंघल ने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को सम्मेलन की जानकारी दे रहे हैं और उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही सम्मेलन के उद्देश्य और महत्व से भी लोगों को अवगत कराया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह सम्मेलन संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में संत, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक भाग लेंगे। इस मौके पर सम्मेलन के संयोजक कौशल अग्रवाल, सह संयोजक राजेश कुमार व विकास गुप्ता तथा नगर संयोजक गोविंद यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं कार्यकर्ताओं की एक टोली ने विवेकानंद बस्ती के सेक्टर-1 क्षेत्र में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और लोगों से सम्मेलन में भाग लेने का अनुरोध किया। इस दौरान भगवंत म्यान, विनीत मठपाल, नरेश जोशी, अमन यादव, दीपा नयाल, नीता नेगी, निर्मल पांडेय, मीरा बोरा, गीता बिष्ट, मंजू जंतवाल, पर्वती भंडारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम से पहले संयोजक डॉ. एमपी सिंह ने महामंडलेश्वर एवं अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। एमपी सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन हिंदू समाज की शक्ति और सेवा के संकल्प का प्रतीक है।

उन्होंने संघ के कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज की रीढ़ बताया। यहां खड़क सिंह, भूदेव सिंह, करन सिंह, पदम सिंह, अशोक, ललित शर्मा, दयाराम, करन चौधरी, सुरेंद्र सिंह, कैलाश चंद्र, डॉ. रेखा सिंह, रीना चौहान, डोली शर्मा, सरिता आदि रहे। वहीं ग्राम आसपुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में कार्यक्रम आयोजक मनोज चौहान ने हिंदुओं के एकजुट होने पर बल दिया। उन्होंने कुरीतियों को दूर करने और सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करने की बात कही। यहां धर्मपाल सिंह, ब्रह्मानंद, दिनेश सिंह, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

# अंधविश्वास की आड़ में ठगी करने वाले धरे

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** अंधविश्वास की आड़ में लोगों की गाढ़ी कमाई हड़पने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

ग्राम बांसखेड़ा खुर्द निवासी शकील अहमद ने 20-25 महिला-पुरुषों के साथ बीते सोमवार को आईटीआई कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी को तहरीर सौंपी थी। इसमें बताया कि लगभग दो साल पहले उसकी मुलाकात मूलतः यूपी के जिला रामपुर व वर्तमान में गांव धीमरखेड़ा निवासी सरताज अली से हुई। उसने बताया कि वह एक समिति चलाता है साथ ही तंत्र-मंत्र व जादू-टोना करता है। उसकी समिति में रुपया जमा करने पर रुपया तीन गुना रुपये 9 माह से एक वर्ष तक में लौटाता है। सरताज ने दावा किया कि उसके पास भाईजान नाम का एक जिन्न है, जिसके जरिए वह लोगों को भारी मुनाफा कमा कर देता है।

विश्वास जीतने के लिए जुलाई 2025 में ग्राम बांसखेड़ा में एक बड़े जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोग जुटे। आरोप है कि सरताज अली ने अपने साथियों आरिफ अली और नाजिम के साथ मिलकर एक संगठित सिंडिकेट बनाया हुआ था। करीब नौ लोगों से कुल 62 लाख 79 हजार रुपये हड़प लिये। कोतवाली आईटीआई पुलिस ने तहरीर के आधार पर सरताज अली, आरिफ अली और नाजिम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। वहीं पीड़ितों ने बताया कि पुलिस ने बीते मंगलवार की रात को तीनों नामजद आरोपियों को हिरासत में ले लिया था। बुधवार को पीड़ित कोतवाली पहुंच गए। उधर कोतवाली प्रभारी रवि सैनी ने बताया आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### छह बसों को किया जाएगा नीलाम

**काशीपुर :** दिल्ली, देहरादून सहित अन्य रूटों पर चलने वाली छह बसों को ऑफ रूट किया गया है। इन बसों को नीलाम किया जाएगा। काशीपुर डिपो के सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार आर्य ने बताया कि छह बसें जो किलोमीटर पूरा कर चुकी हैं। इन बसों को रूट से हटा दिया गया है, इनकी नीलामी प्रक्रिया के लिए शासन को पत्र भेजा जा रहा है। हाल ही में काशीपुर डिपो की वर्कशॉप में खड़ी 27 बसों को नीलाम किया जा चुका है।

# महाराणा प्रताप चौक का सौंदर्यीकरण होगा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मुख्य चौराहे महाराणा प्रताप चौक और स्टेडियम के पास ननकाना साहिब चौक के सौंदर्यीकरण के लिये जिला विकास प्राधिकरण ने निविदा जारी कर दी है। उम्मीद जताई जा रही है कि निर्माण संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मार्च में इन दोनों स्थानों पर सौंदर्यीकरण का काम शुरू हो जाएगा।



दीपक बाली, महापौर।

महापौर दीपक बाली ने चुनाव के दौरान काशीपुर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर बनाने के लिये जो 12 गारंटी दी थी उन सभी पर तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर अनुरोध के बाद मिली सहमति के बाद चौराहों के सौंदर्यीकरण के प्रति महापौर ने कुछ माह पूर्व घोषणा की थी। महापौर दीपक बाली ने बताया कि महाराणा प्रताप चौक का सौंदर्यीकरण दो फेज में होगा। जिसमें प्रथम फेज के लिए 4 करोड़ 96 लाख 44 हजार की निविदा जारी की गई है और सेकंड फेज के लिए बाद में लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से लाइट व अन्य कार्यों के लिए अलग से निविदा जारी की जाएगी। वहीं स्टेडियम के पास ननकाना साहिब चौक का सौंदर्यीकरण 3 करोड़ 86 लाख 14 हजार की लागत से होगा। बाली ने बताया कि शेष बचे 6 चौराहों का सौंदर्यीकरण भी होगा।

## एलएलबी की छात्रा ने फांसी लगाई

**काशीपुरः** एलएलबी की छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। कोतवाली कुंडा के ग्राम सरवरखेड़ा निवासी 25 वर्षीय तरन्नुम ने अज्ञात कारणों के चलते मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता ने कमरे में लटका शव देखा, तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। फिलहाल मामले में तहरीर नहीं मिली है। कुंडा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विक्रम राठौर ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। सुसाइड नोट के आधार पर आत्महत्या के कारणों को पता करने का प्रयास किया जा रहा है।

# जनता के मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस: रावत

- पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के काशीपुर पहुंचने पर किया स्वागत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव जनता के मुद्दों पर लड़ेगी। कांग्रेस जनता के बुनियादी सवालों को प्रमुखता से उठाएगी। आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि हो रही है तथा कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और अपराध अनियंत्रित हो चुके हैं।

पूर्व सीएम रावत मंगलवार की शाम कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवम शर्मा के आवास पहुंचे और उनकी बहन के विवाह पर परिजनों को शुभकामनाएं दीं। परिजनों ने भी पूर्व सीएम का स्वागत किया। उसके बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस का मुख्य फोकस जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों पर रहेगा। जिसमें रोजगार, सुरक्षा और विकास के मुद्दे शामिल रहेंगे।



पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवम शर्मा व उनके परिजन।

कहा कि प्रदेश में विकास पूरी तरह ठप पड़ा है। गांवों में लोग जंगली जानवरों-बाघ, भालू, बंदर, सूअर और हाथियों से असुरक्षित हैं, जबकि शहरों में खनन माफिया और डंपरों का आतंक है। ऐसा लगता है मानो लोगों के जीवन का कोई मूल्य ही नहीं रह गया। प्रदेश में बढ़ते अपराधों और हाल में विभिन्न जिलों के एसएसपी के तबादलों पर कहा कि यह सरकार की स्वीकारोक्ति है कि अपराध अनियंत्रित हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केवल अधिकारियों के चेहरे बदले जा रहे हैं, व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा।

कहा कि कांग्रेस हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता देती है और भविष्य में भी इसी दिशा पर काम करेगी। आरोप लगाया कि रोजगार के अवसर सीमित होने के कारण युवा नशे की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कहा कि सरकार को जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए पारदर्शी शासन व्यवस्था स्थापित करनी चाहिए।

# महिला की मौत के मामले में डंपर चालक पर केस

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** सात फरवरी को नेशनल हाईवे-74 पर फिदानगर चौराहे के समीप हुए सड़क हादसे में महिला की मृत्यु के मामले में केलाखेड़ा पुलिस ने डंपर चालक के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है।

ग्राम नींदड़ खास जिला बिजनौर (उप्र) निवासी इकबाल अहमद पुत्र शकील अहमद ने पुलिस को बताया कि वह सात फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे कार संख्या डीएल14सीडी9278 से काशीपुर से रुद्रपुर की ओर जा रहे थे। जब वह केलाखेड़ा बाईपास स्थित फिदानगर चौराहे पर पहुंचे, तभी गलत दिशा से आ रहे डंपर के चालक ने तेज व अनियंत्रित गति से वाहन चलाते हुए उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के समय कार में कुल छह लोग सवार थे। इनमें इकबाल अहमद की भाभी बिजनौर उप्र निवासी रशीदा पत्नी आरिफ की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि अन्य सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीन लोगों के हाथ में फ्रैक्चर बताया गया है। वहीं इकबाल अहमद के सीने में भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना के समय नगर पंचायत केलाखेड़ा के पूर्व चेयरमैन हामिद अली और पूर्व सभासद दिलशाद अली मौके पर मौजूद थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने डंपर चालक के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर लिया है।

# ज्ञान मेले में विद्यार्थियों की दिखी वैज्ञानिक सोच

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** महुवाडाबरा स्थित वीएसएम सन फ्लावर पब्लिक स्कूल में बुधवार को ज्ञान मेला का आयोजन किया गया। यहां विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और नवाचार का अद्भुत प्रदर्शन किया।

मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पति प्रीतम सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद स्कूल के प्रांगण में लगे कक्षावार विभिन्न स्टॉलों पर बच्चों ने विज्ञान, गणित, पर्यावरण और सामाजिक विज्ञान से जुड़े मॉडल प्रदर्शित किए। अतिथियों ने क्रमवार सभी का निरीक्षण किया।



जसपुर में अतिथियों से प्रश्न पूछते छात्र। • अमृत विचार

यहां बच्चों ने तकनीकी शिक्षा पद्धति के माध्यम से सवालों को हल करना बताया साथ ही अतिथियों से तीखे एवं ज्ञानवर्धक सवाल भी किए। छात्रों ने आधुनिक तकनीक और भविष्य तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर अतिथियों से उनकी राय पूछी। जिसका अतिथियों ने उत्तर दिया। कार्यक्रम के बाद छात्रों को पुरस्कार दिए गए। स्कूल प्रबंधक अजय चौधरी ने कहा कि मेले का मुख्य उद्देश्य छात्रों में खोजी प्रवृत्ति को बढ़ावा देना और उनके आत्मविश्वास में वृद्धि करना है। प्रीतम सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों के भीतर का वैज्ञानिक बाहर आता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिओम सपरा ने सभी शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की। संचालन संजय राजपूत ने किया। इस मौके पर ईओ आदित्य जोशी, धर्मपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, रिपुदमन सिंह, सुनील त्यागी, अनमोल रोहेला आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक की कार पर डंपर चढ़ाने का किया प्रयास

- पूर्व विधायक डॉ. सिंघल की तहरीर पर आरोपी डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** जसपुर के पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल की कार पर चालक द्वारा डंपर चढ़ाने का प्रयास किया गया। घटना के संबंध में डॉ. सिंघल ने कुंडा कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

तहरीर के अनुसार 13 फरवरी की रात लगभग 11 बजे पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल अपनी कार से काशीपुर की ओर आ रहे थे। सिद्धार्थ पेपर मिल के पास रास्ते में एक डंपर के चालक ने लापरवाही और तेजी से वाहन चलाते हुए उनकी कार पर डंपर चढ़ाने की कोशिश की। डॉ. सिंघल ने बताया कि डंपर चालक की इस हरकत से कार में सवार सभी लोगों की जान को गंभीर खतरा पैदा हो गया था। उनके ड्राइवर की सूझबूझ और तत्परता के कारण वह सभी बाल-बाल बच गए, अन्यथा कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। घटना के तुरंत बाद इसकी सूचना फोन के माध्यम से पुलिस को दे दी गई थी। मामले में पूर्व विधायक की ओर से दी गई तहरीर पर कुंडा कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि डंपर चालक की पहचान में टीमें लगी हुई हैं।

अवसर

‘जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार’ के तहत बहुद्देशीय शिविर का आयोजन

# शिविर में 260 प्रमाण पत्र जारी किए, समस्याएं सुनीं

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजना के तहत बुधवार को नगर क्षेत्र में 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' शिविर का आयोजन सहकारी चीनी मिल स्थित रामलीला मैदान में किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया।

एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा की अध्यक्षता में लगे इस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मंजीत सिंह राजू ने किया। शिविर में भूमि, बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य,



बाजपुर में पात्रों को कंबल व छाते प्रदान करतीं एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा।

आवास समेत विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 17 शिकायतें दर्ज की गईं। अधिकारियों ने इनमें से एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया, जबकि शेष 16 प्रार्थना पत्रों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों की ओर से कुल 260 प्रमाण पत्र जारी किए गए। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आम जनता को उनके घर के पास ही सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से आमजन को त्वरित राहत मिलती है और प्रशासन से सीधा संवाद स्थापित होता है। शिविर से पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा परिसर में लगाए गए 33 विभागों के स्टालों का निरीक्षण भी किया गया। अधिकारियों ने स्टालों पर मौजूद कर्मचारियों को लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। संचालन बीडीओ शेखर जोशी ने किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता राजेश कुमार व गौरव शर्मा, लोकतंत्र सेनानी गोपाल कोच्छड़, नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी के चेयरमैन राजीव सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष यशपाल राजहंस, रमेश गर्ग, शुभम पांडेय, बिट्टू चौहान, सुशील वर्मा, महंत विकासनाथ महाराज आदि जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम डा.अमृता शर्मा, तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान, नोडल अधिकारी आपूर्ति विभाग मलकीत सिंह, एबीडीओ एससी पंत, सरकारी अस्पताल के अधीक्षक डा.पीडी गुप्ता, दलजीत सिंह गोराया, मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा, सीडीपीओ रेनू यादव, एडीओ पंचायत सतीश सैनी, एडीओ सहकारिता संजय म्यान, सहायक समाज कल्याण अधिकारी नगमा परवीन, सुमित चौहान आदि मौजूद रहे।



खटीमा में स्मार्ट मीटर के प्रति उपभोक्ताओं को प्रेरित करते अडानी ग्रुप के कलाकार।

### नुक्कड़ नाटक से स्मार्ट मीटर के लिए किया प्रेरित

**खटीमा :** स्मार्ट मीटर के प्रति उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अडानी ग्रुप द्वारा उपखंड अधिकारी कार्यालय पर निजी संस्था के माध्यम से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें कलाकारों ने स्मार्ट मीटर लगाने के फायदे बताते हुए उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए जागरूक किया। उपखंड अधिकारी कार्यालय परिसर में अधिकारियों, कर्मचारियों सहित बिल जमा करने आए उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने से समय की बचत सहित अन्य फायदे बताए। कार्यक्रम में मौजूद उपखंड अधिकारी अंबिका यादव ने बताया कि अभी तक उपखंड क्षेत्र में 50 प्रतिशत उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगा चुके हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से तमाम समस्याओं से बचने के लिए स्मार्ट मीटर अपनाने की अपील की। नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वालों में किशन लाल, जितेंद्र प्रकाश चंद्र, गौरव कुमार, चंद्र प्रकाश, निकिता तिवारी और चेतन शामिल रहे। इस अवसर पर अवर सहायक अभियंता पवन कुमार उप्रेती, मोहन सिंह परगांई, ओम प्रकाश राणा, अभिनव शर्मा, राजेंद्र राणा, सीपी शर्मा, भुवन चंद्र शर्मा, गणेश पंत, विशन राणा, दिनेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## नेपाल शराब ले जा रहा तस्कर दबोचा

**खटीमाः** थाना झनकईया पुलिस ने अवैध तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नेपाल ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। पुलिस ने एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से '8 पीएम गोल्ड' के 96 पव्वे और 24 अध्धे बरामद किए हैं। उप निरीक्षक गिरीश चंद्र पंत के नेतृत्व में पुलिस टीम मंगलवार शाम राजीवनगर क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान झनकईया पुल के पास गत्ते की पेटियों पर बैठे एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान अशोक बहादुर सुनार, निवासी कंचनपुर (नेपाल) के रूप में हुई। आरोपी ने कबूल किया कि वह इन पेटियों को तस्करी कर नेपाल ले जा रहा था, लेकिन आगे पुलिस चेकिंग की सूचना मिलने पर वह पकड़े जाने के डर से पुल के पास ही रुक गया था।

ब्रीफ न्यूज

## आपदा से बचाव के तरीके बताए

**रामनगर :** बुधवार को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 15वीं वाहिनी, गदरपुर की टीम ने तहसील रामनगर में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित किया। यह प्रशिक्षण वाहिनी के सेनानी संतोष कुमार के निर्देशन में तथा इंस्पेक्टर अमलेश सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में तहसील एवं वन विभाग के कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार, सीपीआर, स्ट्रेचर निर्माण, आग व बाढ़ से बचाव, सांप के काटने पर उपचार, चोकिंग, भूकंप और डूबने से बचाव के उपाय बताए गए। इंस्पेक्टर अमलेश सिंह ने बिना सुरक्षा उपकरण के पानी में न उतरने की सलाह दी। कार्यक्रम में हवलदार पूरन, शिवराज, अमर सिंह, सिपाही प्रदीप, धर्मेंद्र आदि रहे।

## रुड़की में सनातन महाकुंभ 28 को

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड ज्योतिष परिषद की ओर से 28 फरवरी को रुड़की के माही पैलेस होटल में सनातन महाकुंभ-2026 का आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि ज्योतिषाचार्य केए दुबे पदमेश होंगे। यह जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष रमेश सेमवाल ने दी। बताया कि इस सम्मेलन में जगदगुरु शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम हरिद्वार का भी उद्बोधन होगा। सम्मेलन में 250 से अधिक संतों के पहुंचेंगे। इस सम्मेलन में दिल्ली के अजय भाम्बी, बंग्लुरु के आरके वेंकटरमन, राजस्थान के डॉ. सतीश शर्मा भी शामिल होंगे।

## महाविद्यालय में शिक्षक अभिभावक संघ का गठन

**किच्छा :** नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में सर्वसम्मति से शिक्षक अभिभावक संघ का गठन किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजीव रतन ने की। डॉ. रतन ने पीटीए की भूमिका एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक अभिभावक और छात्र तीनों के समन्वय से ही शिक्षा को प्रभावी, गुणात्मक एवं छात्र केंद्रित बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अभिभावक संघ विद्यार्थियों के शैक्षणिक, नैतिक एवं व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त मंच है, जिसके माध्यम से छात्र हित में निरंतर संवाद और सहयोग संभव होता है। पीटीए संयोजक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि अभिभावकों की अधिकतम सहभागिता के उद्देश्य से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उन्हें जोड़ा गया है, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर निरंतर निगरानी रखी जा सके।

# सिम और आधार अनलॉक करने के नाम पर 7 लाख ठगे

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** साइबर ठगों ने युवक को झांसे में लेकर उसके और उसकी माता के बैंक खातों से करीब 6.89 लाख रुपये की धनराशि पार कर दी। ठगों ने सिम कार्ड और आधार कार्ड को 'अनलॉक' करने के बहाने इस वारदात को अंजाम दिया।

पुलभट्टा थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिरौली कला निवासी पीड़ित मल्लन ने पुलिस को बताया कि 4 जनवरी को उसका मोबाइल सिम अचानक बंद हो गया। जब वह जियो कार्यालय और सीएससी सेंटर पहुंचा, तो उसे आधार कार्ड भी लॉक होने की जानकारी मिली। इसी बीच, एक अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए खुद को जियो कंपनी का अधिकारी बताकर सिम चालू करने का झांसा दिया।

ठग ने विश्वास में लेकर पीड़ित और उसकी माता के आधार कार्ड व पहचान पत्र की फोटो मंगवा ली।कई दिनों तक सिम चालू न होने पर जब पीड़ित ने बैंक ऑफ बड़ौदा और बंधन बैंक की शाखाओं में अपना स्टेटमेंट चेक कराया, तो उसके होश उड़ गए। ठगों ने यूपीआई के माध्यम से दोनों खातों से कुल 6,89,571 रुपये निकाल लिए थे।

### अगले सत्र में शुरू होगा कोर्स, ह्यूमन-रोबोट इंटरैक्शन और अंडरवॉटर रोबोटिक्स पर रहेगा विशेष जोर

# बीटीकेआईटी में एआई और रोबोटिक्स भी पढ़ेंगे छात्र

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** द्वाराहाट विपिन त्रिपाठी कुमाऊं प्रौद्योगिकी संस्थान (बीटीकेआईटी) में छात्र-छात्राएं अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स व ऑटोमेशन जैसे आधुनिक तकनीकों का भी अध्ययन कर सकेंगे। मान्यता मिलने से अगले सत्र से इन कोर्सों का संस्थान में संचालन शुरू हो जाएगा।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकें आज के समय में काफी उपयोगी साबित हो रही हैं। स्वास्थ्य सेवा से लेकर कृषि, रक्षा, विनिर्माण, परिवहन, शिक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे हर क्षेत्रों में एआई की मांग बढ़ रही है। अब बीटीकेआईटी में भी इन तकनीकों की पढ़ाई बच्चे कर सकेंगे। इसके लिए संस्थान को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) नई दिल्ली ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स व ऑटोमेशन में चार वर्षीय स्नातक (बी. टैक) पाठ्यक्रम संचालित करने की औपचारिक मान्यता दे दी है। संस्थान की अवसंरचना, शैक्षणिक क्षमता, वित्तीय सुदृढ़ता व भविष्य की योजनाओं के व्यापक परीक्षण के बाद संस्थान को यह मान्यता प्राप्त हुई है। संस्थान के मुताबिक, दोनों नए पाठ्यक्रमों की पढ़ाई शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शुरू हो जाएगी।


विपिन त्रिपाठी कुमाऊं प्रौद्योगिकी संस्थान द्वाराहाट। ● अमृत विचार

### केस स्टडी को दी जाएगी प्राथमिकता

संस्थान के निदेशक प्रोफेसर संतोषकुमार हम्पन्नावर ने बताया कि दोनों पाठ्यक्रम उद्योग की वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। एआई पाठ्यक्रम में मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, कंप्यूटर विजन और डेटा साइंस जैसे विषय शामिल होंगे। वहीं, रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन में रोबोट डिजाइनिंग, कंट्रोल सिस्टम, एम्बेडेड सिस्टम, आईओटी, ह्यूमन-रोबोट इंटरैक्शन, ड्रोन एवं अंडरवॉटर रोबोटिक्स पर विशेष जोर रहेगा। बताया कि पाठ्यक्रम में प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षण, इंटर्नशिप, उद्योग भ्रमण और केस स्टडी को प्राथमिकता दी जाएगी। परिषद के नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुरूप अंतिम वर्ष में उद्योग-आधारित समग्र परियोजना अनिवार्य होगी।

# ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण करें: रावत

### मंडलायुक्त ने राजकीय संग्रहालय और मल्ला महल का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए दिशा- निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त दीपक रावत ने बुधवार को राजकीय संग्रहालय और ऐतिहासिक मल्ला महल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों स्थानों का संरक्षण और संवर्द्धन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संग्रहालय में संरक्षित ताम्रपत्रों, प्राचीन मूर्तियों, दुर्लभ सिक्कों एवं पुरानी पांडुलिपियों का अवलोकन किया। इन धरोहरों के वैज्ञानिक एवं सुरक्षित संरक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि पुरातन वस्तुएं हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की प्रतीक हैं। जिनकी सुरक्षा और उचित रख-रखाव अत्यंत आवश्यक है।

वहीं, विशेष रूप से प्राचीन सिक्कों का निरीक्षण करते हुए उनकी ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सिक्कों को व्यवस्थित रूप से वर्गीकृत कर सुरक्षित तरीके से संरक्षित किए जाने के निर्देश दिए, ताकि शोधार्थियों एवं आगंतुकों को उनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की स्पष्ट जानकारी मिल सके। साथ ही उन्होंने पांडुलिपियों के दीर्घकालिक संरक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा ऐतिहासिक धरोहर मल्ला महल का निरीक्षण किया।

कहा कि यह स्थल पर्यटन केंद्र के रूप में अपार संभावनाएं रखता है। कहा कि सुनियोजित प्रयासों से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने जनपद की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं पर्यटन से समेकित विकास को ठोस कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान निरीक्षण में एडीएम युक्ता मिश्र, एसडीएम संजय कुमार, प्रभारी निदेशक राजकीय संग्रहालय डॉ. सीएस चौहान, उप निदेशक पर्यटन प्रकाश सिंह खत्री, वीथिका सहायक जन्मजेय तिवारी आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में ऐतिहासिक मल्ला महल का निरीक्षण करते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत।

### सीएम पत्रकार कल्याण कोष की राशि सौंपी

**अल्मोड़ा :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने साप्ताहिक समाचार पत्र रानीखेत टाइम्स के संपादक रहे स्व. जगदीश चंद्र तिवारी के आश्रित के रूप में उनकी पत्नी कमला तिवारी को मुख्यमंत्री पत्रकार कल्याण कोष से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। कहा कि इस सहायता से शोक संतप्त परिवार को आर्थिक संबल प्राप्त होगा।


रानीखेत तहसील में निरीक्षण के दौरान पूछताछ करते मंडलायुक्त दीपक रावत।

### दीपक रावत ने किया रानीखेत तहसील का निरीक्षण

**रानीखेत, अमृत विचार :** रानीखेत में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने बुधवार को तहसील एवं उप निबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय में रखे पुराने अभिलेखों की स्थिति का परीक्षण करते हुए उनके सुव्यवस्थित संरक्षण की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान तहसील न्यायालय में दायर मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। कई प्रकरण लंबे समय से लंबित पाए जाने पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक समय से लंबित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर 45 से 60 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। एक प्रकरण में फाइल पर अनावश्यक आपत्ति लगाए जाने को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने संबंधित नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा आयुक्त ने उप निबंधक कार्यालय एवं संयुक्त मजिस्ट्रेट कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेख संधारण, जनसुनवाई व्यवस्था तथा लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र, संयुक्त मजिस्ट्रेट गौरी प्रभात सहित तहसील के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उत्साह के साथ मनाया जाएगा हिन्दू सम्मेलन

- अल्मोड़ा में हिन्दू सम्मेलन को लेकर आयोजित हुई प्रेस वार्ता
- 22 फरवरी को सिमकनी मैदान में होगा कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में भव्य हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। बुधवार को सम्मेलन के आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता हुई। आयोजकों ने बताया कि 22 फरवरी को अल्मोड़ा के सिमकनी खेल मैदान में आयोजित सम्मेलन को भव्य रूप दिया जाएगा। वहीं, नगर में बाइक रैली भी निकाली जाएगी।

नगर के एक होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजकों ने बताया कि एसएसजे परिसर के सिमकनी खेल मैदान में सम्मेलन का आयोजन किया गया जाएगा। बताया कि लक्ष्मेश्वर तिराहे से लेकर चौघानपाटा होते हुए सिमकनी मैदान तक बाइक रैली निकाली जाएगी। वहीं, सम्मेलन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। बताया कि सम्मेलन सांस्कृतिक जागरण, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यहां चंद्र प्रकाश फुलेरिया, पार्षद अमित साह मोनू, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार, कैलाश गुरुरानी, देवाशीष नेगी, मनोज तिवारी, सुनील कर्नाटक, बिना नयाल, हेमा कांडपाल, गीता जोशी, रूप सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।



हिन्दू सम्मेलन के आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता करते समिति के पदाधिकारी।

# एबीवीपी ने हवन कर किया प्रदर्शन

- एसएसजे परिसर प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा
- छात्र समस्याओं के जल्द समाधान की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** एबीवीपी ने छात्र समस्याओं के समाधान में हो रही देरी के विरोध में बुधवार को परिसर में प्रतीकात्मक रूप से हवन कर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि लंबे समय से समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे है, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि परिसर में मूलभूत सुविधाओं की कमी, शैक्षणिक व्यवस्थाओं में अव्यवस्था और छात्र हितों से जुड़े अन्य मुद्दों पर प्रशासन उदासीन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि छात्रों को बार-बार आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसी के विरोध में परिषद ने हवन के माध्यम से परिसर प्रशासन की बुद्धि-शुद्धि की कामना करते हुए प्रतीकात्मक संदेश दिया। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही छात्र समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो परिषद चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी और इसे और उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एबीवीपी का यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि छात्र हितों की रक्षा के लिए है और जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन करने वालों में रोहित कुमल्टा, साहिल नेगी, भास्कर जोशी, लकी जोशी, लक्ष्य मेहता, नीरज टाकूली, पूजा असवाल, निखिल उप्रेती, पारस, हिमांशु परगई, माया, सूरज गड़िया, करन मेहता आदि रहे।


अल्मोड़ा एसएसजे परिसर में प्रदर्शन करते छात्र। ● अमृत विचार

## बार संघ पदाधिकारियों ने उठाई सुरक्षा की मांग

**नैनीताल:** दो दिनों से मिल रही ईमेल धमकियों के बाद जिला बार संघ के पदाधिकारियों ने न्यायालय परिसर की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए जिला जज को पत्र भेजकर उचित सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग की है।

जिला बार संघ के सचिव दीपक रूवाली ने बुधवार को जिला जज को सौंपे पत्र में कहा कि पिछले दो दिनों से अज्ञात स्रोतों से ईमेल के माध्यम से धमकियां दी जा रही हैं इसके बावजूद न्यायालय परिसर में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है। इससे अधिवक्ताओं, कर्मचारियों तथा वादकारियों में भय है। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में न्यायालय परिसर में प्रभावी सुरक्षा प्रबंध करना जरूरी है। बार संघ पदाधिकारियों ने जिला जज से अनुरोध किया है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर न्यायालय परिसर की सुरक्षा तत्काल सुनिश्चित कराई जाए।

# मांगों के निराकरण को गरजे डिप्लोमा इंजीनियर

- अल्मोड़ा में उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने दिया धरना
- 27 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण की उठा रहे हैं मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** 27 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर्स मुखर हो गए है। बुधवार को उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के बैनर तले इंजीनियर्सों ने सरकार के खिलाफ धरना देकर जमकर प्रदर्शन किया। वहीं, डीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

नगर के शक्ति सदन परिसर में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि कई बार मांग के बावजूद भी उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। जिससे इंजीनियर्सों में सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। इंजीनियर्स ने पूर्ण सेवाकाल में पदोन्नति की पात्रता के अनुसार न्यूनतम तीन प्रोन्नति प्रदान करने, कनिष्ठ अभियंताओं को अपर सहायक अभियंता में पदोन्नत करने, कनिष्ठ अभियंता को दस वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर पूर्व की भांति 5400 ग्रेड पे देने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, उत्तराखंड पेयजल निगम और जल संस्थान का एकीकरण करने, वित्तीय अधिकारी बढ़ाए जाने, पदोन्नति की सीमा 10 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने, अधिशासी अभियंताओं को दस लाख और सहायक अभियंताओं को पांच लाख तक कार्यादेश करने का अधिकार देने, उत्तराखंड के तीनों ऊर्जा निगमों में राजकीय विभाग व अन्य निगमों की भांति कनिष्ठ और सहायक अभियंता पद पर प्रोन्नति सीमा 40 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग उठाई।

चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुई तो महासंघ उग्र आंदोलन को बाध्य होगा। यहां धरना प्रदर्शन में महासंघ जिलाध्यक्ष गोविंद सिं मेहरा, महामंत्री ललित मोहन बिष्ट, शाखा अध्यक्ष रानीखेत शेखर पांडे, जनपद सचिव मनीष कुमार, दीपक मटियानी, जीवेश शर्मा, मोहन सिंह, आलोक ओली, प्रकाश कन्याल, ललित मोहन बिष्ट, सूरज रावत, मनीष कुमार, धीरज जोशी, हितांश नैनवाल, दीपचंद पांडे, कमल पालीवाल, रीना पांडे, मिनाक्षी, कुन्दन बिष्ट समेत विभिन्न विभागों के अभियंता मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में बुधवार को प्रदर्शन करते डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के सदस्य।

आयोजन

### 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' के तहत नुमाइशखेत मैदान में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन, डीएम ने दिए 'नो पेंडेंसी' के निर्देश

# बागेश्वर में हुए शिविर में 225 लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** बागेश्वर में 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत नुमाइशखेत मैदान में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डीएम आकांक्षा कोंडे ने की। शिविर में केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

इस दौरान कुल 225 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही 32 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों में किसी भी स्तर पर लंबितता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को 'नो पेंडेंसी' नीति के तहत समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, समाज कल्याण, विद्युत, पेयजल एवं सिंचाई सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रमाण-पत्र, सेवाएं एवं परामर्श मौके पर ही उपलब्ध कराए।

नगर पालिका अध्यक्ष ने इस कार्यक्रम को प्रशासन और जनता के बीच सशक्त सेतु बताया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



बागेश्वर में आयोजित शिविर में जनसमस्याएं सुनतीं जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

### ताड़ीखेत ब्लॉक में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित

**रानीखेत, अमृत विचार :** ताड़ीखेत विकासखंड के राजकीय इंटर कॉलेज खिरखेत अल्मोड़ा में उत्तराखंड सरकार के "जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार" कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ताड़ीखेत बब्ली मेहरा उत्तराखंड की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी की उपस्थिति में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष विभाग का स्टॉल लगाया गया। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने आयुष विभाग के स्टॉल का निरीक्षण करते हुए आयुर्वेदिक चिकित्सा को बेहतर बताया। स्टॉल का निरीक्षण करते हुए जनप्रतिनिधियों ने आयुर्वेदिक विभाग की सेवाओं को उल्लेखनीय बताया। शिविर डॉ. मोहम्मद शाहिद जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. मुकेश कुमार गुप्ता, डॉ. शैलेन्द्र डागर, कविता फार्मेसी अधिकारी एवं उत्तम सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बहुउद्देशीय शिविर में आयुर्वेदिक विभाग की ओर से 204 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क औषधीयों का वितरण किया गया।

# एक किलो से अधिक चरस के साथ दो पकड़े

संवददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस एवं एसओजी टीम ने अलग-अलग वाहनों से चरस की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को 1 किलो 400 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की कीमत तीन लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गत दिवस कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा कांडा रोड पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान कांडा की ओर से एक बाइक और एक अल्टो कार आती दिखाई दी। वाहनों को रोकने पर दोनों चालक घबरा गए और भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में बाइक सवार ने अपना नाम नरेंद्र सिंह कोरंगा निवासी चुचर, कपकोट तथा अल्टो चालक ने अपना नाम महेश सिंह मेहता निवासी चुचेर बताया।

तलाशी लेने पर नरेंद्र सिंह के पास से 774 ग्राम तथा महेश सिंह के पास से 626 ग्राम चरस बरामद हुई। दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे चरस की तस्करी के उद्देश्य से इसे ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही बाइक और अल्टो कार (यूके-03 ए-7511 व यूके-02 टीए-2857) को सीज कर दिया गया है। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### ऐसे बना बॉयकाट शब्द




आज 'बॉयकाट' शब्द विरोध, असहमति और सामाजिक बहिष्कार का पर्याय बन चुका है। इस शब्द की उत्पत्ति 19 वीं सदी के आयरलैंड से जुड़ी है। उस समय आयरलैंड ब्रिटिश शासन के अधीन था और वहां किसानों की हालत बेहद दयनीय थी। बड़े जमींदारों की जमीन पर खेती करने वाले किसानों से अत्यधिक किराया वसूला जाता था। ऐसे ही एक जमींदार की जमीन का प्रबंधन ब्रिटिश अधिकारी चार्ल्स बॉयकाट (Charles Boycott) के हाथ में था। वे कठोर और असंवेदनशील माने जाते थे। साल 1880 में जब किसानों ने फसल खराब होने के कारण किराया कम करने की मांग की, तो चार्ल्स बॉयकाट ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने कई किसानों को जमीन से बेदखल करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी। इससे किसानों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया, लेकिन उन्होंने हिंसा का रास्ता नहीं चुना। इसके बजाय आयरिश राष्ट्रवादी संगठन लैंड लीग के नेतृत्व में एक नया, शांतिपूर्ण तरीका अपनाया गया- सामाजिक बहिष्कार। इस बहिष्कार के तहत कोई भी व्यक्ति चार्ल्स बॉयकाट से बात नहीं करता था। मजदूर उनके खेतों में काम करने से मना कर देते थे, दुकानदार उन्हें सामान नहीं बेचते थे, डाकिया तक उनकी चिट्ठियां नहीं पहुंचाता था। वे समाज में पूरी तरह अलग-थलग पड़ गए।

यह अहिंसक विरोध इतना प्रभावी सिद्ध हुआ कि अंततः उन्हें उस क्षेत्र को छोड़ना पड़ा। इस अनोखे विरोध की खबरें ब्रिटिश अखबारों में प्रमुखता से छपीं। पत्रकारों ने इस सामाजिक बहिष्कार को उसी व्यक्ति के नाम पर "Boycott" कहना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे यह शब्द अंग्रेजी भाषा में स्थापित हो गया और बाद में दुनिया की अनेक भाषाओं में फैल गया। आज 'बॉयकाट' का अर्थ किसी व्यक्ति, संस्था, देश या उत्पाद का संगठित और शांतिपूर्ण तरीके से बहिष्कार करना है। इस प्रकार 'बॉयकाट' केवल एक शब्द नहीं, बल्कि इतिहास की वह सीख है, जो बताती है कि संगठित सामाजिक चेतना बिना हिंसा के भी बड़े बदलाव ला सकती है।

## नोटिस बोर्ड

- 24 फरवरी को मुरादाबाद में एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जहां साक्षात्कार के आधार पर युवाओं को नौकरी दी जाएगी। खास बात यह है कि इस मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय कंपनियां भाग ले रही हैं, जिससे युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार मिलने की संभावना बढ़ गई है। सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चंद्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत यह रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। मेला राजकीय पॉलिटेक्निक के मैदान में लगाया जाएगा, जो कांठ रोड पर विवेकानंद हॉस्पिटल के सामने स्थित है। इस मेले में लगभग 50 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।



- बरेली कॉलेज में प्रथम सेमेस्टर के वे विद्यार्थी, जिन्होंने वोकेशनल विषय के अंतर्गत रिसर्च सर्वे किया है, अपने असाइनमेंट 19 फरवरी को जमा कर सकते हैं। यह प्रक्रिया कॉलेज के नए परीक्षा भवन में दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक आयोजित की जाएगी। मीडिया सेल प्रभारी प्रो. ए.सी. त्रिपाठी ने बताया कि इसी दिन राजनीति विज्ञान विभाग के एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा भी आयोजित होगी। यह परीक्षा दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगी। संबंधित विद्यार्थियों को समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# बनना है इंजीनियर, जेईई मेन के बाद आगे का सफर



देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन छात्र-छात्राओं के लिए देश के शीर्ष तकनीकी कॉलेजों में प्रवेश दिलाने का रास्ता खोलती है। हर साल लाखों छात्र इसे क्वालिफाई करने की तैयारी करते हैं। जेईई मेन-2026 के सत्र-1 का रिजल्ट आने के बाद छात्र-छात्राओं के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि अब आगे क्या करना है? इसका जवाब यही है कि अगर आप अपने सत्र-1 के स्कोर से संतुष्ट नहीं हैं या इसे और सुधारना चाहते हैं, तो जल्दी से सत्र-2 के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी है। परीक्षा 1 अप्रैल से 10 अप्रैल के बीच आयोजित की जाएगी। दोनों सत्रों में से सर्वश्रेष्ठ स्कोर ही फाइनल रैंक के लिए मान्य होगा।


डॉ. क्षमा त्रिपाठी
प्रोफेसर डीजी पीजी कॉलेज

एक्सपर्ट की मानें, तो इस बार जेईई मेन का प्रश्नपत्र मीडियम स्तर का था। ऐसे में अनुमान है कि सामान्य वर्ग के लिए जेईई एडवांस्ड में बैठने की पात्रता कटऑफ लगभग 91 से 93 परसेंटाइल के बीच हो सकती है। हालांकि वास्तविक और अंतिम कटऑफ की घोषणा दूसरे सत्र का परिणाम जारी होने के बाद ही की जाएगी। अब यदि आपका स्कोर कट ऑफ ढाई लाख उम्मीदवारों के भीतर है, तो आईआईटी में प्रवेश के लिए पात्र हैं और आईआईटी में प्रवेश के लिए जेईई एडवांस्ड की तैयारी शुरू कर सकते हैं। इसके लिए पंजीकरण 23 अप्रैल से शुरू होगा और परीक्षा 17 मई को आयोजित की जाएगी।

### जेईई मेन के बाद काउंसिलिंग

जेईई मेन के स्कोर के आधार पर देश के अनेक प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में प्रवेश मिलता है। छात्र-छात्राएं इस परीक्षा के माध्यम से B.E./B.Tech और वास्तुकला (B.Arch) पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं। देश के सभी 31 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) जेईई मेन का स्कोर स्वीकार करते हैं। इसी तरह देश में स्थित 26 भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIITs) भी इस परीक्षा के आधार पर प्रवेश देते हैं। 28 केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थान (GFTIs) भी जेईई मेन के स्कोर को दाखिले के लिए पात्रता प्रदान करते हैं। इनके अलावा कई राज्यों के सरकारी कॉलेज जैसे बिहार का MIT, दिल्ली स्थित DTU, जामिया मिलिया इस्लामिया और धीरूभाई अंबानी संस्थान भी जेईई मेन स्कोर को मान्यता देते हैं। हाल ही में IIM लखनऊ जैसे कुछ प्रबंधन संस्थानों ने भी जेईई स्कोर के आधार पर नए AI और डेटा साइंस पाठ्यक्रमों में प्रवेश देना शुरू किया है।

### जेईई मेन बढ़िया विकल्प पर एकमात्र रास्ता नहीं

ऐसे छात्र जिनका जनवरी जेईई मेन में परसेंटाइल 99 से अधिक है, उनको जेईई एडवांस्ड की परीक्षा की तैयारी पूरे फोकस के साथ करनी चाहिए। क्योंकि इस परसेंटाइल पर उन्हें अच्छे एनआईटी में कोर ब्रांच मिलने का विकल्प लगभग सुरक्षित हो गया है, जबकि 99 से 98 परसेंटाइल स्कोर के बीच वाले उम्मीदवार जेईई मेन के अप्रैल सेशन में भाग ले सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी जिनका परसेंटाइल 98 से कम है, उन्हें भी अप्रैल माह में जेईई-मेन के साथ एडवांस्ड की तैयारी पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए, लेकिन वे छात्र जो जेईई मेन परीक्षा पास नहीं कर पाए हैं। उनके लिए ऐसा नहीं है कि इंजीनियरिंग में प्रवेश के रास्ते बंद हो गए हैं। आप अन्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने की तैयारी कर सकते हैं। इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के लिए जेईई मेन बढ़िया प्रवेश विकल्प है, लेकिन यह एकमात्र रास्ता नहीं है। कुछ विश्वविद्यालय और कॉलेज अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं, जबकि अन्य राज्य स्तरीय अंकों को स्वीकार करते हैं। आप इस ओर ध्यान दे सकते हैं।



### कितने परसेंटाइल पर कहां मिलेगा प्रवेश लेने का मौका

एनआईटी त्रिची, वारंगल, सूरतकल, इलाहाबाद, राउरकेला, कालीकट, जयपुर और कुरूक्षेत्र में 99 परसेंटाइल से ज्यादा होने पर मनचाही ब्रांच मिलने का पूरा मौका रहता है। इसके अलावा ट्रिपलआईटी इलाहाबाद में भी दाखिला मिल सकता है। 98 से अधिक परसेंटाइल पर भी शीर्ष के टॉप 15 एनआईटी में कोर ब्रांच के अलावा ट्रिपल आईटी जबलपुर, ग्वालियर, गुवाहाटी, कोटा में कोर ब्रांच मिल सकती है। 98 से 96 परसेंटाइल पर टॉप 20 एनआईटी में कोर के अलावा अन्य ब्रांच और नॉर्थ ईस्ट की एनआईटी के साथ पटना, रायपुर, अगरतला, श्रीनगर, सिल्चर, उत्तराखंड, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चंडीगढ़, जेएनयू, हैदराबाद यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिल सकता है। नए ट्रिपलआईटी डोदरा, पुणे, सोनीपत, सूरत, नागपुर, भोपाल, त्रिची, रायचूर, कांचीपुरम, रांची, धारवाड़, अगरतला, कल्याणी में भी कोर ब्रांच मिलने की संभावना रहती है। 96 से 94 परसेंटाइल पर सभी 1 एनआईटी के अलावा जीएफटीआई में प्रवेश मिलने की संभावनाएं बनती हैं।



### क्या है जेईई मेन और एडवांस्ड


जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (JEE) में दो मुख्य परीक्षाएं होती हैं, जेईई मेन और एडवांस्ड। जेईई मेन परीक्षा का पहला चरण है, जिसका संचालन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) द्वारा किया जाता है। जेईई एडवांस्ड परीक्षा का दूसरा चरण है, जिसका संचालन संयुक्त प्रवेश बोर्ड (JAB) की ओर से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IIT) में से किसी एक द्वारा किया जाता है। जेईई एडवांस्ड में बैठने के लिए, छात्र को जेईई मेन उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जेईई मेन और एडवांस्ड दोनों ही अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षाएं हैं। इन परीक्षाओं में अच्छा स्कोर करने से प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के द्वार खुलते हैं और उज्ज्वल करियर का मार्ग प्रशस्त होता है।

## कैंपस में पहला दिन - सीखने का उद्देश्य और सपनों को नई दिशा

कॉलेज का पहला दिन जीवन के उन यादगार क्षणों में से एक होता है, जो समय बीतने के साथ और भी मूल्यवान हो जाता है। मेरे जीवन में यह दिन तब आया, जब मैंने क्राइस्ट चर्च कॉलेज में बीएससी बायोलॉजी स्ट्रीम में प्रवेश लिया। यह केवल एक नए संस्थान में दाखिला नहीं था, बल्कि जीवन की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण पड़ाव था। उस सुबह मन में उत्साह और संकोच दोनों भाव मौजूद थे। नई पोशाक, हाथ में जरूरी कागजात और मन में भविष्य को लेकर कई सपने- सब कुछ नया-सा लग रहा था। जैसे ही कॉलेज परिसर में प्रवेश किया, वहां का ऐतिहासिक वातावरण, विशाल भवन और अनुशासित चहल-पहल ने गहरा प्रभाव डाला। चारों ओर अलग-अलग स्थानों से आए छात्र थे, जिनकी आंखों में भी मेरे ही जैसे सपने और उम्मीदें झलक रही थीं।


राहुल चंद्रा
पूर्व महामंत्री, इनकम टैक्स बार एसोसिएशन कानपुर

बीएससी बायोलॉजी स्ट्रीम में प्रवेश लेने का निर्णय मेरे लिए विशेष महत्व रखता था। विज्ञान के प्रति रुचि और जीवन की जैविक प्रक्रियाओं को समझने की जिज्ञासा मुझे इस विषय तक ले आई थी। पहली कक्षा में बैठते समय मन में यह एहसास गहराता जा रहा था कि अब पढ़ाई का स्तर और दृष्टिकोण दोनों बदलने वाले हैं। जब शिक्षक कक्षा में आए, तो उनके अनुभवपूर्ण शब्दों और विषय के प्रति समर्पण ने हमें तुरंत प्रभावित किया।



उन्होंने स्पष्ट किया कि बायोलॉजी केवल पाठ्यपुस्तकों का विषय नहीं, बल्कि जीवन को समझने की कुंजी है। धीरे-धीरे सहपाठियों से परिचय हुआ। नाम पूछने से शुरू हुई बातचीत कब मित्रता में बदल गई, यह पता ही नहीं चला। प्रयोगशाला, विभागीय गलियारे और कैंटीन, हर जगह नई बातचीत, नई सीख और नए रिश्ते आकार लेने लगे। उस दिन यह अनुभव हुआ कि कॉलेज केवल शैक्षणिक ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त मंच है।

आज जब उस पहले दिन को याद करता हूं, तो क्राइस्ट चर्च कॉलेज में बीएससी बायोलॉजी स्ट्रीम में लिया गया प्रवेश गर्व और आत्मविश्वास से भर देता है। कॉलेज का पहला दिन वास्तव में जीवन की उस यात्रा की शुरुआत था, जिसने सोचने की दृष्टि, सीखने का उद्देश्य और भविष्य के सपनों को एक नई दिशा दी।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में नई दिल्ली में भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को वर्ष 2025 की बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमेन ऑफ द ईयर चुना गया। मंधाना ने भारत की 2025 महिला विश्व कप में ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही शतरंज की भारतीय स्टार दिव्या देशमुख को सिर्फ 20 साल की उम्र में ऐतिहासिक फिडे महिला विश्व कप जीतने के लिए इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।
- अफगानिस्तान टीम के क्रिकेटर राशिद खान ने T20 क्रिकेट में एक ऐसा मुकाम हासिल कर लिया है, जो आज तक दुनिया का कोई भी गेंदबाज नहीं कर पाया। हाल ही में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप मैच में उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाया। UAE के खिलाफ खेलते हुए राशिद खान T-20 फॉर्मेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं।
- बीती 16 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें 1925 में संताली भाषा के लिए विकसित ओल चिकी लिपि के 100 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया गया। राष्ट्रपति ने संताली भाषा के संरक्षण और युवा पीढ़ी के बीच ओल चिकी लिपि के प्रसार के महत्व पर बल दिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर उन्होंने संताल समुदाय की सांस्कृतिक विरासत को सम्मानित करते हुए एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया।
- हाल ही में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सर्वेश रंजन को चीफ जनरल मैनेजर (CGM) के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह नियुक्ति भास्कर राव कारे के सेवानिवृत्त (सुपरएनुएशन) होने के बाद की गई है।

## जॉब अलर्ट

### रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (RBI)




- पद का नाम- असिस्टेंट
- पदों की संख्या -650
- सैलरी- बेसिक पे 29,000/-, 29,000-78,640 (प्लस अलाउंस) के स्केल पर। ग्रॉस सैलरी लगभग 58,514/- (बिना HRA के)
- योग्यता- कम से कम 50% मार्क्स के साथ बैचलर डिग्री (SC/ST/PwBD के लिए पास क्लास)
- आयु- 20 से 28 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि-08 मार्च2026
- वेबसाइट- www.rbi.org.in

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI)

- पद का नाम -सर्किल बेस्ड ऑफिसर
- पदों की संख्या-2273 (2050 रेगुलर + 223 बैकलॉग)
- सैलरी- Rs. 48,480 - 85,920 प्रति महीना
- योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएशन
- आयु- 21 से 30 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि- 25 फरवरी 2026
- वेबसाइट-https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings

### यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन

- सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन (CSE) 2026
- पद- टाइप ग्रुप A और ग्रुप B सर्विसेज़, टोटल वैकेंसी काउंट लगभग 933 पोस्ट
- सर्विसेज IAS, IPS, IFS, IRS, इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स, DANICS, DANIPS, और दूसरी सेंट्रल सर्विसेज़
- योग्यता- ग्रेजुएट डिग्री (कोई भी डिसिप्लिन)
- आयु-21–32 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि- 24 फरवरी 2026
- वेबसाइट- www.upsc.gov.in

# करियर की नई राह: डिजिटल मार्केटिंग या बीबीए



12 वीं बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त होते ही छात्रों के सामने करियर को लेकर सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो जाता है कि अब आगे क्या पढ़ें? आज के प्रतिस्पर्धी और तेजी से बदलते जॉब मार्केट में सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि स्किल और अवसर भी मायने रखते हैं। ऐसे समय में दो कोर्स सबसे ज्यादा चर्चा में हैं, डिजिटल मार्केटिंग और बीबीए (BBA)। दोनों के अपने फायदे, अवसर और करियर पाथ हैं, लेकिन कौन सा कोर्स आपके लिए बेहतर रहेगा, यह आपके लक्ष्य, रुचि और भविष्य की योजना पर निर्भर करता है। आइए आज आपको बताते हैं कि इन दोनों में कौन सा कोर्स आपके लिए बेहतर रहेगा।


ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित
असिस्टेंट प्रोफेसर, बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ



### क्या है डिजिटल मार्केटिंग

डिजिटल मार्केटिंग का मतलब है इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए किसी प्रोडक्ट, सर्विस या ब्रांड का प्रचार करना। जब आप सोशल मीडिया पर किसी कंपनी का विज्ञापन देखते हैं, यूट्यूब पर वीडियो से पहले ऐड आता है या गूगल सर्च में कोई वेबसाइट सबसे ऊपर दिखाई देती है, यह सब डिजिटल मार्केटिंग का हिस्सा है। यह कोर्स स्किल-बेस्ड होता है और कम समय में पूरा किया जा सकता है।

### करियर के विकल्प

- डिजिटल मॉर्केटिंग एग्जीक्यूटिव
- सोशल मीडिया मैनेजर
- एसईओ एग्जीक्यूटिव
- कंटेंट राइटर
- गूगल एड्स एग्जीक्यूटिव
- फ्रीलांस डिजिटल मार्केटर
- ऑनलाइन ब्रांड मैनेजर
- इस फील्ड में फ्रीलांस और वर्क फ्रॉम होम के अवसर भी भरपूर हैं।

### क्या है बीबीए

Bachelor of Business Administration अर्थात बीबीए एक 3 साल का ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स है, जो बिजनेस और मैनेजमेंट की बुनियादी समझ देता है। इसमें मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्स, फाइनेंस, ऑपरेशंस और कॉर्पोरेट वर्क कल्चर के बारे में पढ़ाया जाता है। यह कोर्स उन छात्रों के लिए बेहतर है, जो आगे चलकर कॉर्पोरेट सेक्टर में मैनेजर बनना चाहते हैं या MBA करने की योजना रखते हैं।

### BBA के बाद जॉब ऑप्शन

- सेल्स एग्जीक्यूटिव
- मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव
- एचआर असिस्टेंट
- ऑफिस मैनेजर
- बिजनेस डेवेलपमेंट एग्जीक्यूटिव
- ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव

### सैलरी और जॉब की तुलना

डिजिटल मार्केटिंग में कोर्स छोटा होता है और नौकरी जल्दी मिलने की संभावना रहती है। शुरुआत में सैलरी सामान्य होती है, लेकिन अनुभव और स्किल बढ़ने के साथ आय तेजी से बढ़ती है। वहीं BBA में पढ़ाई लंबी है और जॉब थोड़ा समय लेकर मिलती है, लेकिन अगर इसके बाद MBA कर लिया जाए, तो सैलरी और पद दोनों ही काफी बेहतर हो सकते हैं।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन : तुलसी 2565, राज श्री 1880, फ़ॉर्चून कि. 2395, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13 किग्रा 2115, जय जवान 2080, सचिन 2085, सूरज 2080, अवसर 1940, उजाला 2060, गृहणी 13 किग्रा1930, क्लासिक (किग्रा) 2280, मोर 2275, चक्र टिन 2330, ब्लू 2170, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2520

किराना : महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवाइन 14000–20000, मेथी 7000–8000, सौंफ 10000–20000, सोंठ 37000, प्रतिकिलो : लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किशमिश पीली 350–400, मखाना 950–1100

चावल प्रति कुंटल : डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा,5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

दाल दलहन : मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450, मलका दाल 7350–9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

चीनी : पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती 3600, मसूरी 1000 बासमती 8200–9200, परमल 2100–4500

**दाल दलहन :** काला चना 2000–3200, साबुत चना दाल 1200, मूंग साबुत 5200, राजमा 9000–12500, दाल उड़द 7000, साबुत मसूर दाल 3600, मसूर दाल 1200, उड़द साबुत 10000 काबुली चना 7200–10300, अरहर दाल 10000 –12200, लोबिया/करमानी 2200–4000

# एआई के आधारभूत ढांचे में निवेश बढ़ाए भारत

## एनवीडिया ने दिया निवेश को वैश्विक स्तर पर ले जाने का सुझाव, कहा- कर छूट घोषणा बड़ा अवसर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को एआई में मौजूदा 1.2 अरब डॉलर के निवेश को वैश्विक स्तर के अनुरूप बढ़ाने की जरूरत है। बजट में विदेशी कंपनियों को 20 वर्ष की कर-छूट की घोषणा से एआई के विस्तार के लिए आधारभूत ढांचा तैयार होगा। बुधवार को चिप विनिर्माता कंपनी एनवीडिया में उद्यम कारोबार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर त्रिवेदी ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि दुनिया की करीब 2,000 बड़ी कंपनियों में से लगभग 1,800 की भारत में बड़े वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हैं। इनमें इस समय 20 लाख से अधिक लोग काम कर रहे हैं और यह संख्या जल्द ही 30 लाख तक पहुंचने वाली है। उन्होंने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में कहा, इन सभी वैश्विक क्षमता केंद्रों को स्थानीय स्तर पर 'एआई कारखाना' चाहिए, जहां से वे अपने डेटा, कारोबारी प्रक्रियाएं और बौद्धिक संपदा से लेकर बुद्धिमत्ता पर काम कर सकें। इसलिए बजट की यह घोषणा भारत के लिए बहुत बड़ा अवसर है। जैसा हम कहते हैं, यह आधारभूत ढांचा है।

केंद्रीय बजट 2026-27 में यह घोषणा की गई है कि भारत में डेटा केंद्र सेवाएं लेने वाली किसी भी विदेशी कंपनी को 2047 तक 20 वर्ष की कर-छूट मिलेगी। इससे इस आशंका का समाधान होगा कि उनकी वैश्विक आय पर भारतीय कर लगेगा।



इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एक स्टॉल पर एआई टूल्स देखते लोग।

### एनपीसीआई की एनवीडिया के साथ साझेदारी

इस बीच, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम(एनपीसीआई) ने भारत के भुगतान तंत्र के लिए विशेष रूप से निर्मित अपने स्वायत्त एआई मॉडल की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एनवीडिया के साथ सहयोग की घोषणा की। उसने बयान में कहा कि यह पहल बड़े पैमाने पर वास्तविक समय भुगतान प्रणालियों की बढ़ती आवश्यकताओं का समर्थन करेगी जिसमें विश्वास, मजबूती, सुरक्षा और तंत्र को सक्षम बनाने पर जोर दिया गया है। एनपीसीआई के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी विशाल कनवती ने कहा, एनवीडिया के साथ इस सहयोग के माध्यम से एनपीसीआई का लक्ष्य भारत के भुगतान तंत्र के लिए विशेष रूप से तैयार की गई एआई क्षमताओं को आगे बढ़ाना है।

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026

### एआई में दक्ष प्रतिभाएं तैयार करने को ओपनएआई का आईआईटी दिल्ली, आईआईएम अहमदाबाद से करार

**नई दिल्ली।** ओपनएआई ने देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी की घोषणा की। इसका उद्देश्य प्रबंधन, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य और रचनात्मक शिक्षा के क्षेत्रों में एआई को शामिल कर प्रौद्योगिकी आधारित अर्थव्यवस्था के लिए एआई में कुशल प्रतिभा तैयार करना है। ओपनएआई ने कहा, पहले चरण में आईआईटी दिल्ली, आईआईएम अहमदाबाद, एम्स नई दिल्ली, मणिपाल अकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, यूपीईएस और पर्ल अकेडमी शामिल हैं। इस पहल के जरिए अगले एक वर्ष के दौरान एक लाख से अधिक छात्र–छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को सहायता दी जाएगी।

### मेकमाईट्रिप-इक्सिगो ने भी की साझेदारी की घोषणा

**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी मेकमाईट्रिप और यात्रा मंच इक्सिगो ने अपने कारोबार में एआई को बढ़ावा देने के लिए ओपनएआई के साथ सहयोग करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य एआई आधारित यात्रा खोज को बेहतर तरीके से पहचानना तथा यात्रियों की इच्छा को समझकर उन्हें बुकिंग योग्य नतीजों में बदलना है। यह घोषणा ऐसे समय आई है, जब देश के यात्रा बुकिंग परिवेश में मंचों द्वारा जेनएआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और संवादात्मक उपकरणों, जैसे बातचीत आधारित सहायक के जरिये यूजर्स की मंशा समझकर उन्हें बुकिंग में तब्दील करने की कोशिश की जा रही है।

### माइक्रोसॉफ्ट 10 वर्ष में 50 अरब डॉलर निवेश करेगी

**नई दिल्ली।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने विकसित देशों के मुकाबले वैश्विक दक्षिण के देशों में एआई की पहुंच आधी होने का जिक्र करते हुए कहा कि वह दशक के अंत तक इस फासले को दूर करने के लिए 50 अरब डॉलर का निवेश करने की राह पर है। माइक्रोसॉफ्ट की वाइस चेयर एवं अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ और उपाध्यक्ष एवं एआई प्रभारी नताशा क्रैम्पटन ने इस निवेश योजना की घोषणा करते हुए कहा कि वैश्विक उत्तर (विकसित देश) और वैश्विक दक्षिण (विकासशील देश) के बीच एआई खाई पैदा होने से आर्थिक असमानताएं और गहरी हो सकती हैं।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 283 अंक चढ़ा

**मुंबई।** मजबूत वैश्विक रुझान के बीच बुधवार को बैंक, धातु एवं एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 283 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 94 अंक की मजबूती रही।



बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 283.29 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 83,734.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 83,770.05 अंक के उच्च स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 93.95 अंक यानी 0.37 प्रतिशत बढ़कर 25,819.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा स्टील, आईटीसी, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से बढ़त रही। इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी इंडिया और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

# नए स्नातकों की भर्ती करना चाहते हैं 73% नियोक्ता

मुंबई, एजेंसी

- भर्ती का निर्णय डिग्री के बजाय इंटर्नशिप-अनुभव पर आधारित

देश में जनवरी-जून, 2026 के दौरान 73 प्रतिशत नियोक्ता नए स्नातकों की भर्ती करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि अब भर्ती का निर्णय केवल डिग्री के बजाय इंटर्नशिप एवं वास्तविक परियोजना अनुभव पर अधिक निर्भर होता जा रहा है।

कौशल विकास एवं उद्योग-उन्मुख शिक्षा में सक्रिय फर्म टीमलीज एडटेक की जनवरी-जून, 2026 छमाही के लिए जारी रिपोर्ट के मुताबिक, कॉलेज से पढ़कर निकले युवाओं की भर्ती का इरादा पिछले छह माह की तुलना में तीन प्रतिशत अंक बढ़ा है। 'करियर आउटलुक रिपोर्ट' नवंबर, 2025 से जनवरी, 2026 के बीच भारत के विभिन्न शहरों एवं उद्योगों के 1,051 नियोक्ताओं के सर्वेक्षण पर आधारित है। क्षेत्रवार मांग के मामले में खुदरा क्षेत्र 91 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद ई-कॉमर्स एवं प्रौद्योगिकी स्टार्टअप (90 प्रतिशत) तथा विनिर्माण (85 प्रतिशत) का स्थान है। खुदरा क्षेत्र में 'डार्क स्टोर असिस्टेंट' और 'इन्वेंट्री मैनेजमेंट असिस्टेंट' की मांग अधिक है।

ई-कॉमर्स एवं प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में 'डिजिटल सेल्स एसोसिएट' और 'जूनियर वेब डेवलपर' पदों पर भर्ती हो रही है जबकि विनिर्माण में 'इन्वेंट्री एंड लॉजिस्टिक कोऑर्डिनेटर' और 'बैटरी असेंबली टेक्नीशियन' की मांग ज्यादा है। टीमलीज एडटेक के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शांतनु रूज ने कहा, नए स्नातकों की भर्ती करने का नियोक्ताओं का इरादा 73 प्रतिशत तक पहुंचना दर्शाता है कि नियोक्ताओं का युवा प्रतिभा पर भरोसा बढ़ रहा है। हालांकि, चयन प्रक्रिया अधिक व्यावहारिक कौशल आधारित हो गई है।

# गलगोटिया विश्वविद्यालय एआई समिट से बाहर

## चीनी रोबोट को अपना बताकर फजीहत कराने पर सरकार ने की कार्रवाई

- निजी विश्वविद्यालय को तुरंत एआई इम्पैक्ट समिट में स्टॉल खाली करने का आदेश

**नई दिल्ली।** निजी विश्वविद्यालय गलगोटिया को 'एआई इम्पैक्ट समिट' में अपना स्टॉल खाली करने के लिए कहा गया है। चीन में निर्मित एक रोबोटिक डॉग को खुद के नवाचार के तौर पर प्रदर्शित करने को लेकर हुए विवाद के बाद उसे प्रदर्शनी से हटने को कहा गया है।

सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने विवाद के बाद कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी प्रदर्शक ऐसी वस्तुओं का प्रदर्शित करे जो उसकी अपनी न हों। आयोजकों द्वारा गलगोटिया विश्वविद्यालय को अपना 'स्टॉल' खाली करने के लिए कहे जाने के बाद उन्होंने कहा, हम इस तरह की चीजों को प्रदर्शित करना जारी नहीं रखना चाहते। यह विवाद तब शुरू हुआ जब विश्वविद्यालय में संचार की प्रोफेसर नेहा सिंह ने मंगलवार को डीडी न्यूज को 'ओरियन' नामक एक 'रोबोटिक डॉग'को दिखाते हुए कहा था कि इसे गलगोटिया विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस द्वारा विकसित किया गया है।

वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद लोगों ने इस रोबोट के वास्तव में एक 'यूनिट्री गो2' होने की बात कही जिसे चीन की यूनिट्री रोबोटिक्स द्वारा निर्मित किया गया है। इसका इस्तेमाल आमतौर पर दुनिया भर में अनुसंधान एवं शिक्षा के लिए किया जाता है।विवाद अधिक बढ़ने पर विश्वविद्यालय को स्टॉल खाली करने के लिए कहा गया है। आलोचनाओं के बीच गलगोटिया और प्रो. नेहा सिंह दोनों ने बुधवार को कहा कि रोबोट, विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित नहीं है और संस्थान ने ऐसा दावा कभी नहीं किया है। हालांकि सूचना प्रौद्योगिकी सचिव कृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार यह बर्दाश्त नहीं करेगी कि किसी दूसरे के बनाए उत्पाद को अपना मौलिक उत्पाद बताकर प्रदर्शित करे।

गलगोटिया को 'एआई इम्पैक्ट समिट' में चीन में निर्मित एक रोबोटिक डॉग को खुद के नवाचार के तौर पर प्रदर्शित करने को लेकर हुए विवाद के बाद उसे प्रदर्शनी से हटने को कहा गया है। सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने विवाद के बाद कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी प्रदर्शक ऐसी वस्तुओं का प्रदर्शित करे जो उसकी अपनी न हों।

### स्टॉल खाली करने के आदेश की जानकारी नहीं : गलगोटिया




**नई दिल्ली।** प्रदर्शनी में गलगोटिया विश्वविद्यालय के स्टॉल पर बुधवार को कुछ भी प्रदर्शित नहीं किया गया। हालांकि, विश्वविद्यालय के छात्र स्टॉल पर नजर आए। गलगोटिया विश्वविद्यालय की प्रो. नेहा सिंह ने कहा, यह विवाद इसलिए खड़ा हुआ क्योंकि शायद बातों को स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं किया गया और इसके पीछे की मंशा को ठीक से समझा नहीं गया। सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को प्रदर्शनी क्षेत्र खाली करने के लिए कहे जाने के बारे में उन्होंने कहा, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। मुझे बस इतना पता है कि आज हम सभी यहां मौजूद हैं।

## राष्ट्रीय

# लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप हैं भाई-भतीजावाद और खुदगर्जी

## हरियाणा सरकार की आवासीय समिति में फ्लैटों के आवंटन में धांधली पर सुप्रीम टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने भाई-भतीजावाद और खुदगर्जी को लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप बताते हुए हरियाणा सरकार की एक आवासीय समिति की ओर से शासी निकाय के एक सदस्य और उनके अधीनस्थ को किए गए दो फ्लैटों का आवंटन रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें आवंटन प्रक्रिया में हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया गया था।

आदेश में कहा गया कि शासी निकाय के एक सदस्य और उसके अधीनस्थ को किए गए आवंटन मनमाने, पक्षपातपूर्ण थे और आवासीय समिति के खुद के पात्रता मानदंडों का उल्लंघन करते हैं। पीठ ने कहा, भाई-भतीजावाद और स्वार्थपरता लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रतिकूल हैं, विशेषकर तब जब यह ऐसे समाज के भीतर हो, जिसमें सरकारी सेवा के सदस्य शामिल हों और जो अपने सदस्यों को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराता हो। अदालत हुडा, शहरी संपदा और नगर एवं ग्रामीण योजना कर्मचारी कल्याण संगठन (एचईडब्ल्यूओ) के सदस्य दिनेश कुमार की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उच्च श्रेणी के दो सुपर डीलक्स फ्लैट के आवंटन को चुनौती दी गई थी।



- शासी निकाय के सदस्य, उसके अधीनस्थ को फ्लैट आवंटन रद्द
- मामले में हस्तक्षेप न करने का हाईकोर्ट का आदेश भी खारिज

शीर्ष अदालत ने कहा कि अपीलकर्ता ने विज्ञापन के तहत आवेदन किया था और वह सभी मानदंडों पर पात्र था, उसने प्रतिनियुक्ति अवधि और मूल वेतन दोनों आवश्यकताओं को पूरा किया था। पीठ ने कहा, उस शासी निकाय के सदस्य को कोई तरजीही आवंटन नहीं दिया जा सकता था, जो हुडा की सेवा में छह महीने की प्रतिनियुक्ति अवधि को भी पूरा नहीं कर रहा था।

### आदिवासी ईसाइयों के शव कब्र से निकालने पर रोक

- छत्तीसगढ़ का मामला, शवों को दफनाने से रोकने का भी आरोप

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार से उस याचिका पर जवाब मांगा है जिसमें आरोप लगाया गया है कि वहां के गांवों में आदिवासी ईसाइयों के शवों को जबरन कब्र से निकाला गया और फिर दफनाया गया। अदालत ने आगे शव निकालने पर रोक भी लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें दावा किया गया था कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी ईसाइयों को उनके गांवों में स्थित कब्रिस्तानों में अपने मृत परिवार के सदस्यों को दफनाने से रोका जा रहा है। 'छत्तीसगढ़ एसोसिएशन फॉर जस्टिस एंड इक्वैलिटी' और अन्य द्वारा अधिवक्ता सत्य मित्रा के माध्यम से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उनके मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस ने कहा कि याचिकाकर्ताओं में से एक की मां के शव को उनकी जानकारी के बिना कब्र से निकालकर कहीं और दफना दिया गया। एक अन्य याचिकाकर्ता के पति के शव को भी बहुसंख्यक समुदाय के ग्रामीणों द्वारा जबरन कब्र से निकाला गया और दूर किसी स्थान पर फिर से दफना दिया गया।

### नस्लीय हिंसा के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई से इन्कार, अटॉर्नी जनरल को विचार करने का निर्देश

- त्रिपुरा के एंजेल चकमा की हत्या के बाद दायर की गई थी याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्वोत्तर और अन्य क्षेत्रों के नागरिकों के खिलाफ भेदभाव और हिंसा रोकने संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। हालांकि टिप्पणी की कि नस्ल, क्षेत्र, लिंग और जाति के आधार पर व्यक्तियों की पहचान करना प्रतिगामी मार्ग पर चलने के समान होगा। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा, अपराध, अपराध है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को याचिका पर विचार करने और उसे उचित प्राधिकारी को भेजने का निर्देश दिया। इससे पहले याचिकाकर्ता वकील अनूप प्रकाश अवस्थी ने कहा कि यह मुद्दा संसद में उठाया गया था, लेकिन सांसदों ने इस तरह के घृणा अपराधों से निपटने के लिए कोई एजेंसी बनाने से इन्कार कर दिया। त्रिपुरा के 24 वर्षीय एमबीए छात्र अंजेल चकमा की देहरादून के सेलाक्वी इलाके में निर्मम हत्या के बाद पिछले साल 28 दिसंबर को जनहित याचिका दायर की गई थी। वकील ने कहा कि चकमा को बचाने के लिए कोई आगे नहीं आया।

# दिव्यांगता पेंशन पर टैक्स सेना के मनोबल पर गहरी चोट : कांग्रेस

- केंद्र पर नेहरू का आदेश पलटकर सैनिकों के सम्मान और अधिकारों में कटौती का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने बुधवार को केंद्र सरकार पर सैनिकों की दिव्यांगता पेंशन को आयकर के दायरे में लाने का आरोप लगाते हुए इस फैसले को सैन्य मनोबल पर चोट बताया। उन्होंने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू ने इसे आयकर मुक्त रखा था लेकिन मौजूदा सरकार ने यह फैसला पलट दिया।

कर्नल चौधरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमारे जवान व्यक्तिगत चिंताओं को त्यागकर देश की रक्षा करते हैं, तब नागरिक चैन की नींद सो पाते हैं। केंद्र का नया फैसला उनके मनोबल को प्रभावित करेगा। कांग्रेस नेता ने कहा, नई नीति के अनुसार केवल उन्हीं सैनिकों की दिव्यांगता पेंशन टैक्स मुक्त रहेगी जो युद्ध या सेवा के दौरान चोटिल होकर सेवा से बाहर हो चुके हैं। जो सैनिक चोट लगने के बाद भी सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उन्हें आयकर देना होगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि खुद को राष्ट्रवादी बताने वाली सरकार अब सैनिकों के सम्मान और उनके अधिकारों में कटौती कर रही है। कर्नल चौधरी ने बताया कि हाल ही में पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी से मुलाकात कर अपनी चिंताओं से अवगत कराया था।

# गोगोई ने हिंदू धर्म पर हिमंत को आमने-सामने बहस की चुनौती दी

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने बुधवार को कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने वाले लोग अपने राजनीतिक सफर में महत्वहीन हो गए। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा का भी यही हश्र होगा। बोरा के 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होने की संभावना है।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता ने गोगोई ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को हिंदू धर्म पर आमने-सामने बहस के लिए चुनौती दी, ताकि यह पता चल सके कि धर्म की मूलतत्त्व और सिद्धांतों को कौन बेहतर तरीके से जानता है। उन्होंने कहा, भाजपा में शामिल हुए लोग महत्वहीन हो गए। हम सर्वानंद सोनोवाल और कई अन्य लोगों का उदाहरण देख सकते हैं। अगप पार्टी (सोनोवाल की पूर्ववर्ती पार्टी) खत्म होने की कगार पर है। मुझे नहीं लगता कि मुझे भूपेन बोरा के भाजपा में शामिल होने के बारे में विशेष रूप से कुछ कहने की जरूरत है।

# राज्यपाल की नियुक्ति विधानसभा की सिफारिशों के आधार पर हो

चेन्नई, एजेंसी

- केंद्र-राज्य संबंधों पर गठित उच्चस्तरीय समिति ने की सिफारिश, कहा- 5 साल का हो कार्यकाल, इसका विस्तार न किया जाए

न्यायमूर्ति कुरियन जोसेफ की अध्यक्षता वाली केंद्र-राज्य संबंधों पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने सिफारिश की है कि राज्यपालों की नियुक्ति राज्य विधानसभा की ओर से अनुमोदित नामों के आधार पर की जानी चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को विधानसभा में यह रिपोर्ट पेश की गई। समिति ने रिपोर्ट में राज्यपालों के लिए पांच साल का कार्यकाल तय करने का सुझाव दिया है और इसका विस्तार न करने की सिफारिश की है।

समिति ने कहा, केंद्र और राज्यों के बीच एक तटस्थ संवैधानिक कड़ी के रूप में परिकल्पित राज्यपाल का कार्यालय, अपने इच्छित उद्देश्य से लगातार भटकता जा रहा है। राज्यपाल की ओर से की गई मनमानी की हर घटना जैसे सरकार गठन या पतन में हेरफेर करना, विधानसभा को बुलाने से इन्कार करना, मंजूरी को रोकना या अनिश्चितकाल तक विलंबित करना, निर्वाचित सरकार की सार्वजनिक रूप से आलोचना करना या राजभवन को केंद्र में सत्तारूढ़ दल का पक्षपात करने वाला एक स्थान बनाना, इस संस्था में विश्वास को कमतर करती है। समिति ने कहा कि उसका दृढ़ मत है कि भारतीय संघवाद को अब 1991 के आर्थिक सुधारों के समान महत्वाकांक्षी संरचनात्मक पुनर्स्थापना की आवश्यकता है।

केंद्र-राज्य संबंधों पर मंथन करने के लिए 15 अप्रैल 2025 को न्यायमूर्ति कुरियन जोसेफ की अध्यक्षता में समिति गठित की गई। इसने समकालीन संघीय चुनौतियों की विस्तृत अध्ययन करने के बाद 16 फरवरी को मुख्यमंत्री को अपनी पहली रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति ने संवैधानिक ढांचे के भीतर संघीय संतुलन को बहाल करने और वास्तविक सहकारी संघवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से कई सिफारिशें की हैं जिनमें संविधान के अनुच्छेद 155 में संशोधन करने की सिफारिश भी शामिल है ताकि राष्ट्रपति को राज्य विधानसभा की कुल सदस्यता के बहुमत की ओर से अनुमोदित तीन नामों में से एक को राज्य के राज्यपाल के रूप में नियुक्त करने के लिए बाध्य किया जा सके।

# साजिश के तहत क्रैश कराया गया था अजित पवार का विमान

- राकांपा विधायक रोहित पवार ने साजिश के पीछे राजनीतिक मकसद होने का लगाया आरोप

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के विधायक रोहित पवार ने गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार को ले जा रहे विमान को पायलट ने जानबूझकर क्रैश कराया था। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह कोई दुर्घटना नहीं बल्कि तोड़फोड़ की कार्रवाई थी।

पवार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कुछ जानकारियां साझा करते हुए कहा कि इससे उन्हें साजिश के पीछे का राजनीतिक संदर्भ पता चलता है। पवार ने विमान में ईंधन की अत्यधिक मात्रा को भी बड़ी साजिश का हिस्सा बताया। उन्होंने सवाल उठाया, मुंबई-बारामती की काफी छोटी यात्रा के लिए विमान में लगभग 3,500 लीटर ईंधन क्यों भरा गया था। इसके अलावा विमान के टॉयलेट के पास अतिरिक्त ईंधन रखा गया था। उन्होंने कहा, ये तथ्य एक बड़े धमाके और टक्कर के बाद आग लगने की साजिश का हिस्सा थे।

विधायक रोहित पवार ने पायलट सुमित कपूर और प्राइवेट एविएशन कंपनी वीआरएस पर गंभीर आरोप लगाए। दावा किया, मुंबई में उड़ान योजना के लिए जिम्मेदार गोपी नाम के एक मैनेजर ने शायद अजित पवार की फ्लाइट के इंतजाम में बदलाव किया होगा। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि कंपनी लीपापोती के तहत ज़रूरी दस्तावेज जमा करने में देरी कर रही है और शायद हादसे से जुड़े सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर रही है।

### शायद किसी को रास नहीं आया दोनों गुटों का एकीकरण, किया जा रहा था विरोध

रोहित पवार ने साजिश के पीछे राजनीतिक मकसद का जिक्र करते हुए कहा कि राकांपा के दोनों गुटों को फिर मिलाने की कोशिशें हो रही थीं। एकजुट पार्टी राजग में शामिल होकर सत्ता में साझेदारी कर सकती थी, जिसका कुछ गुटों ने विरोध किया था। उन्होंने कहा कि अजित पवार की शायद राजग को छोड़कर जमीनी आंदोलनों में शामिल होने की योजना रही होगी जो राजनीतिक हितों के कारण कुछ लोगों के लिए नामंजूर हो सकता था। रोहित के अनुसार, इससे भी अजित पवार की मौत के पीछे की साजिश का संदर्भ मिल सकता है।

### जांच पूरी होने तक हटाए जाएं विमानन मंत्री

**मुंबई।** रोहित पवार ने दावा किया कि वीएसआर कंपनी को बचाया जा रहा है, साथ ही मांग की कि जांच पूरी होने तक नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू को पद से हटा दिया जाए। आरोप लगाया कि नायडू और उनकी तेलुगु देशम पार्टी वीएसआर कंपनी के मालिकों के करीबी हैं। महाराष्ट्र के कुछ पूर्व मंत्रियों और आंध्र प्रदेश के शीर्ष तेदेपा मंत्रियों ने वीएसआर के मालिक वीके सिंह के बेटे रोहित सिंह की शादी में शिरकत की थी। रोहित ने कहा कि अभी तक प्रारंभिक जांच रिपोर्ट भी नहीं आई है और यह मानने का कारण है कि वीएसआर को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**सुनेत्रा ने की है सीबीआई जांच की मांग :** रोहित पवार ने कहा कि उनकी चाची सुनेत्रा पवार और राकांपा नेतृत्व ने देवेंद्र फडणवीस से मिलकर मामले की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की है। सुनेत्रा ने फडणवीस को पत्र सौंपा है, उसमें उनकी ओर से उठाए कई मुद्दों को भी शामिल किया गया है।

# एआई को विनियमित करना संयुक्त राष्ट्र का काम नहीं : संरा प्रमुख

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● गुतारेस बोले-वार्षिक वैश्विक वार्ता की बनाई जा रही योजना

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम मेधा (एआई) को विनियमित करना संयुक्त राष्ट्र का काम नहीं है। गुतारेस ने बताया कि एआई पर एक वार्षिक वैश्विक वार्ता की योजना बनाई जा रही है जिसमें सभी देशों, सरकारों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज की भागीदारी होगी।

गुतारेस जल्द भारत पहुंचेंगे और वहां वह इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे, जो ग्लोबल साउथ के किसी देश में आयोजित होने वाला कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर पहला शिखर सम्मेलन है। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। भारत की यात्रा से पहले गुतारेस ने एआई पर वैश्विक सहयोग के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय संगठन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत की और जोर दिया कि ये एआई शिखर सम्मेलन में प्रदर्शित उसकी रणनीति के पूरी तरह से अनुरूप हैं।


### वैश्विक समिति में भारत भी शामिल

गुतारेस ने वैश्विक एआई ढांचे में योगदान देने के लिए संयुक्त राष्ट्र में शुरू किए गए ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट के तहत तीन प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला। कृत्रिम मेधा पर एक नए उच्च स्तरीय स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक समिति का गठन होना है, जिसमें दुनिया भर के 40 विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसमें आईआईटी मद्रास में डेटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग के प्रमुख बालारमन रविंद्रन भी हैं, जिनकी सिफारिश गुतारेस ने की है।

## क्या एआई खा रहा रोजगार

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज केवल एक तकनीकी शब्द नहीं, बल्कि एक वैश्विक क्रांति बन चुका है जो हमारे काम करने के तरीकों को बुनियादी तौर पर बदल रहा है। यह एक ऐसा मोड़ है जहां डर और उम्मीद दोनों साथ-साथ चल रहे हैं। जहां एक ओर एआई को 'नौकरी खाने वाली मशीन' के रूप में देखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इसे उत्पादकता का नया इंजन माना जा रहा है। ऐतिहासिक रूप से, हर नई तकनीक जैसे इंटरनेट या औद्योगिक क्रांति ने शुरुआती दौर में विस्थापन का डर पैदा किया था, लेकिन अंततः उन्होंने नए और बेहतर रोजगार के अवसर सृजित किए। वर्तमान में एआई के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। विभिन्न शोध संस्थाओं और बैंकों की रिपोर्ट्स एआई के प्रभाव को लेकर अलग-अलग लेकिन महत्वपूर्ण संकेत दे रही हैं।

## आशंका और उम्मीदें




### कहां पर अधिक प्रभाव

● सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र : डेटा एंट्री, सॉफ्टवेयर टेस्टिंग, एचआर एडमिनिस्ट्रेशन और कस्टमर सर्विस जैसे क्षेत्रों में मांग कम हो रही है क्योंकि ये कार्य एआई टूल्स द्वारा आसानी से किए जा सकते हैं।

● नए अवसरों का उदय : एआई विशेषज्ञों, मशीन लर्निंग इंजीनियरों, डेटा एनालिस्ट, एआई एथिक्स अधिकारियों की मांग में भारी वृद्धि देखी जा रही है।

● भारत पर प्रभाव : नीति आयोग के अनुसार, भारत के आईटी क्षेत्र में लगभग 20 लाख नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं, लेकिन अगले पांच वर्षों में 40 लाख नई नौकरियों के सृजन की भी संभावना है।

### क्या कह रहीं रिपोर्ट

● गोल्डमैन सैक्स : इनकी रिपोर्ट के अनुसार, एआई दुनिया भर में 30 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों को प्रभावित कर सकता है। अमेरिका और यूरोप में करीब एक चौथाई काम पूरी तरह से एआई द्वारा किए जा सकते हैं।

● वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम : फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2030 तक लगभग 9 .2 करोड़ नौकरियां खत्म हो सकती हैं, लेकिन अच्छी खबर यह है कि इसी दौरान 17 करोड़ नई नौकरियां पैदा होने की भी उम्मीद है।

● गार्टनर : एक चौंकाने वाला तथ्य यह है कि 2026 के अंत तक, लगभग 20% बड़े संगठन मध्य-प्रबंधन के आधे से ज्यादा पदों को एआई के जरिए खत्म करने की योजना बना रहे हैं।

● अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष : उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में 60% नौकरियां एआई के खतरे के दायरे में हैं, जबकि विकासशील देशों में यह जोखिम कम (करीब 26%) है।

नई दिल्ली एआई इम्पैक्ट समिट 2026में विशेषज्ञों ने कहा कि एआई नौकरियों को खत्म नहीं करेगा, बल्कि उन्हें अनबंडल करेगा।

### तो क्या करें

● री और अप-स्किलिंग : यह सबसे प्रभावी समाधान है। कर्मचारियों को एआई टूल्स का उपयोग करना सीखना होगा। रिपोर्ट कहती है कि एआई कौशल वाले पेशेवरों को औसत से 28% से 56% अधिक वेतन मिल रहा है।

● यूनिवर्सल बेसिक इनकम : विस्थापित श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए सरकारें यूबीआई जैसे पायलट प्रोजेक्ट शुरू कर सकती हैं।

● शिक्षा प्रणाली में सुधार : शिक्षा को रटने के बजाय समस्या समाधान और डिजिटल माइंडसेट पर केंद्रित करना होगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### खुद की गाड़ी में ही चलेंगे पीएम रहमान

**ढाका।** बांग्लादेश के नवनियुक्त प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने सादगी और जन-सुविधा की मिसाल पेश करते हुए सरकारी वाहन के बजाय अपने निजी वाहन का उपयोग करने का अनोखा फैसला लिया है। उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की मीडिया सेल के सदस्य अतीकुर रहमान रुमोन ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री अपनी निजी टोयोटा कार, निजी ड्राइवर और अपने खर्च पर खरीदे गए ईंधन का उपयोग करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के लिए आवंटित किसी भी सरकारी वाहन का उपयोग न करने का फैसला किया है।

### सलीम खान की तबीयत में सुधार

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज पटकथा लेखक एवं अभिनेता सलमान खान के पिता सलीम खान की तबीयत में सुधार हो रहा है। सलीम खान को तबीयत बिगड़ने पर मंगलवार को उनके पारिवारिक चिकित्सक डॉ. संदीप चोपड़ा उन्हें लीलावती अस्पताल लेकर पहुंचे थे। नब्बे वर्षीय सलीम खान को मंगलवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉ. जलील पारकर ने बताया कि खान को थोड़ा सा ब्रेन हेमरेज हुआ था। सर्जरी की जरूरत नहीं है। आज सुबह उनका एक प्रोजीसर न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे ने किया है।

### बुल्गारिया में 19 अप्रैल को मध्यावधि चुनाव

**सोफिया।** बुल्गारिया की राष्ट्रपति इलियाना इओतोवा ने बुधवार को घोषणा की कि देश में 19 अप्रैल को मध्यावधि संसदीय चुनाव आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मनोनीत कार्यवाहक प्रधानमंत्री आंद्रेई गुरोव ने कार्यवाहक सरकार की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव दिया है, जिसके पर वह एक आधिकारिक आदेश जारी करेंगी। उन्होंने यह बयान तब दिया, जब टेलीविजन पर सीधे प्रसारित एक बैठक के दौरान गुरोव ने उन्हें कार्यवाहक सरकार की सूची सौंपी।

### वाहन दुर्घटनाग्रस्त शिक्षिका की मौत

**सवाना।** अमेरिका के जॉर्जिया में संघीय आव्रजन अधिकारियों द्वारा रोके जाने के बाद भागने की कोशिश कर रहे ग्वाटेमाला के चालक ने एक अन्य वाहन में टक्कर मार दी जिससे एक शिक्षिका की मौत हो गई। आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग (आईसीई) के अनुसार, हादसा सवाना के बाहरी इलाके में हुआ, आरोपी चालक ऑस्कर वास्केज लोपेज पर लापरवाही से गाड़ी चलाने और बिना वैध लाइसेंस के गाड़ी चलाने सहित कई आरोप हैं।

# दोनों पक्षों के बीच बनी आम सहमति अब तैयार होगा समझौते का मसौदा

## परमाणु मुद्दे पर अमेरिका से दूसरे दौर की वार्ता के बाद बोले ईरानी विदेशमंत्री अराघची

● अराघची बोले-ज्यादा सकारात्मक रही दूसरे दौर की बातचीत

काहिरा, एजेंसी



अमेरिका के साथ हुई दूसरे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि यह बातचीत ओमान की राजधानी मस्कट में हुई पहले दौर की वार्ता से बेहतर और ज्यादा रचनात्मक थी। अराघची ने मंगलवार को सरकारी प्रसारक इरिब (इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टर) के साथ विशेष बातचीत में कहा कि दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बन गई है और जल्द ही एक संभावित समझौते का मसौदा तैयार करने की दिशा में बढ़ेंगे।

ओमान की मध्यस्थता में स्विट्ज़रलैंड की राजधानी जिनेवा में ओमानी दूतावास में हुई इस बैठक के बाद उन्होंने कहा कि एक बार मसौदा तैयार होने पर दोनों पक्ष तीसरे दौर की बातचीत के लिए तारीख निर्धारित करेंगे। अराघची ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच की खाई पाटने में समय लगेगा। अराघची ने बैठक के बाद संयुक्त राष्ट्र के एक निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बातचीत से एक टिकाऊ समाधान के लिए एक नया रास्ता खुल गया है जो ईरान के अधिकारों का सम्मान करते हुए पूरे क्षेत्र और सभी पक्षों के हितों की रक्षा करेगे।

बैठक की मध्यस्थता करने वाले ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हम्माद बिन हमूद अलबुसैदी ने कहा कि बातचीत रचनात्मक थी और दोनों पक्षों ने तकनीकी मुद्दों एवं सामान्य उद्देश्य पहचानने में अच्छी प्रगति की है। साथ ही अंतिम समझौते के मार्गदर्शक सिद्धांतों को शक्ल देने के लिए महत्वपूर्ण कोशिशें की गईं। इससे पहले जैसे ही वार्ताकार जिनेवा में मिले, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने होर्मुज की खाड़ी में स्मार्ट कंट्रोल ऑफ़ द स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज नाम का अभ्यास शुरू कर दिया था।

### राष्ट्रपति ट्रंप की कुछ बातों को मानना होगा

इस बीच, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स ने मीडिया को बताया कि मंगलवार की बातचीत के कुछ पहलू सकारात्मक थे, लेकिन ईरान ने अभी तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कुछ बातों को नहीं माना है, और इनसे पीछे नहीं हटा जा सकता। उन्होंने कहा कि सब कुछ अभी भी टेबल पर है। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में ईरान के साथ हुए पहले के परमाणु समझौते से हट गए थे। लेकिन दूसरे कार्यकाल में उन्होंने ईरान पर अधिकतम दबाव बनाया है और बार-बार चेतावनी दी है कि वह ईरान की परमाणु कार्रवाई रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ईरान ने भी इसके जवाब में कहा है कि वह किसी भी हमले का उसी तरह जवाब देगा।

### शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक नहीं छोड़ेंगे

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने कहा कि ईरान अपनी शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक नहीं छोड़ेगा, लेकिन यह साबित करने के लिए किसी भी तरह के सत्यापन के लिए तैयार है कि उसका कार्यक्रम हथियार बनाने के मकसद से नहीं है। उम्मीद जताई कि अमेरिका और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय उन अफवाहों को खारिज कर देगा जिनमें यह दावा किया जाता है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने ट्रंप की सैन्य हमलों की हालिया धमकियों का जवाब देते हुए कहा कि पूर्व के अमेरिकी राष्ट्रपतियों की तरह ट्रंप भी ईरान के इस्लामिक गणराज्य को हराने में नाकाम रहेंगे।

## बांग्लादेश में अब भीड़ संस्कृति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : सरकार

**ढाका।** बांग्लादेश की नई सरकार ने बुधवार को कहा कि भीड़ द्वारा की जाने वाली हिंसा और अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले बढ़ने को ध्यान में रखते हुए भीड़ संस्कृति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की नव गठित सरकार में सबसे वरिष्ठ मंत्री मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि कानून व्यवस्था का मुद्दा तीन प्राथमिकताओं में से एक है और प्रशासन भीड़ द्वारा की जाने वाली हिंसा पर नकेल कसने के लिए कदम उठाएगा। उनसे जब पूछा गया कि क्या नया प्रशासन इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाएगा, तो उन्होंने कहा, बिल्कुल। आलमगीर बीएनपी महासचिव भी हैं और उन्हें स्थानीय शासन मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया है।

उन्होंने कहा कि भीड़ द्वारा की जाने वाली हिंसा पर नकेल कसा जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति चाहे कितनी भी बिगड़ गई हो, हमें उसमें सुधार लाने का प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने बुधवार को अपने नवगठित मंत्रिमंडल की पहली बैठक की अध्यक्षता की।

# विविध क्षेत्रों में संबंध और प्रगाढ़ करेंगे भारत-सर्बिया



नई दिल्ली में सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

● मोदी-वुचिच में रक्षा सहित कई मुद्दों पर सहयोग पर वार्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने आए सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्ज़ेंडर वुचिच ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को प्रगाढ बनाने के उपायों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने विशेष रूप से रक्षा, विनिर्माण, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उर्वरक और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाने के बारे में विस्तार से बात की।

मुलाकात के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के अवसर पर राष्ट्रपति अलेक्ज़ेंडर वुचिच से मुलाकात हुई। हमने रक्षा, विनिर्माण, डीपीआई, उर्वरक और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और सुदृढ़ करने पर चर्चा की। कई वर्षों से भारत-सर्बिया ने मिलकर कार्य किया है और मुझे विश्वास है कि भविष्य में हमारे संबंध और अधिक गति प्राप्त करेंगे।

### कई अन्य देशों के प्रमुख मोदी से मिले

**नई दिल्ली।** एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार करिस और क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज़ प्लेंकोविक ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढाने के बारे में बातचीत की। मोदी और करिस ने भविष्य की प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा प्रबंधन, कौशल विकास और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज़ प्लेंकोविक से सार्थक चर्चा हुई।

## अभिनेता जयसूर्या की 39 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

**कोच्चि।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले की जांच के तहत मलयालम अभिनेता जयसूर्या की 39 लाख रुपये मूल्य की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है। संघीय जांच एजेंसी ने अभिनेता और उनकी पत्नी से सेव बॉक्स नामक एक ऑनलाइन बोली ऐप्लीकेशन के जरिए ठगी के मामले में दिसंबर 2025 में पूछताछ की थी। बताया जा रहा है कि स्वाति रहीम नामक एक व्यक्ति ने यह कथित निवेश योजना चलाई। सूत्रों ने बताया कि ईडी की जांच त्रिशूर ईस्ट पुलिस द्वारा दर्ज चार प्राथमिकी से जुड़ी है। केरल में जयसूर्या को दी गई 39.01 लाख की अचल संपत्ति को जब्त करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मंगलवार को अंतरिम आदेश जारी किया गया।

## कूनो राष्ट्रीय उद्यान में तीन चीता शावकों का जन्म

श्योपुर (मप्र), एजेंसी

● अब भारत में कुल चीतों की संख्या बढ़कर 38 हुई

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएमपी) में चीता 'गामिनी' ने तीन शावकों को जन्म दिया है, जिससे भारत में चीतों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। यादव ने इसे चीतों को भारत में फिर से बसाने के सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की शानदार सफलता करार देते हुए कहा कि यह देश के दृढ़ और ऐतिहासिक संरक्षण प्रयासों का शक्तिशाली प्रतीक है।

भारत में चीतों को पुनः बसाने के लिए 2022 में आरंभ महत्वाकांक्षी परियोजना के हिस्से के रूप में गामिनी को दक्षिण अफ्रीका से भारत स्थानांतरित किया गया था। चीते दशकों पहले भारत में विलुप्त हो गए थे। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कूनो तीन नए शावकों का स्वागत करता है। दक्षिण अफ्रीका से चीतों के आगमन के 3 साल पूरे होने के अवसर पर कूनो में एक नया अध्याय। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में जश्न का माहौल है क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी चीता और दूसरी बार मां बनने वाली गामिनी ने 3 शावकों को जन्म दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर यह नौवें शावक का जन्म है और इसके साथ ही भारत में जन्मे शावकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है।

## कनाडा ने घोषित की पहली रक्षा औद्योगिक नीति

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने देश की पहली रक्षा औद्योगिक रणनीति की घोषणा कर दी है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना, उच्च वेतन वाली नौकरियों का सृजन करना और तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में कनाडा की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करना है।

कार्नी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था के कमजोर पड़ने और प्रौद्योगिकी के कारण संघर्षों के विस्तार ने कनाडा की रक्षा नीति में बदलाव को आवश्यक बना दिया है। उन्होंने कहा, कनाडा की नयी सरकार कनाडाई सशस्त्र बलों (सीएएफ) के पुनर्निर्माण, पुनःसज्जा, पुनर्निवेश पर केंद्रित है।

## तकाइची फिर से संभालेंगी जापानी प्रधानमंत्री का पद

तोक्यो, एजेंसी

● पिछले सप्ताह हुए चुनावों में भारी बहुमत से दर्ज की थी जीत



जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची के पिछले सप्ताह चुनाव में भारी बहुमत से जीत दर्ज करने के बाद बुधवार को देश की संसद उन्हें फिर से प्रधानमंत्री नियुक्त करेगी और वह अपने दूसरे कार्यकाल के लिए मंत्रिमंडल का गठन करेंगी। तकाइची जापान की सैन्य क्षमता और हथियारों की बिक्री को मजबूत करना चाहती हैं और आव्रजन नीतियों को सख्त करना चाहती हैं।

तकाइची ने घरेलू जीवन यापन की लागत को कम करने के लिए खाद्य उत्पादों पर दो साल के लिए बिक्री कर में कटौती का प्रस्ताव रखा है। विशेषज्ञों का मानना है कि उनकी उदार राजकोषीय नीति से कीमतों को बढ़ोत्तरी हो सकती है और जापान के भारी राष्ट्रीय ऋण को कम करने की दिशा में प्रगति में देरी हो सकती है। तकाइची अगले महीने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ होने वाले एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन की तैयारी में जुटी हैं। ट्रंप अप्रैल में चीन का दौरा करेंगे।


## रूस ने कीव पर दागीं 29 मिसाइलें और 400 ड्रोन

**कीव।** स्विटजरलैंड की राजधानी जिनेवा में नये सिरे से शुरू हुई शांति वार्ता के पहले ही दिन रूस ने ताकत का प्रदर्शन करते हुए यूक्रेन के 12 क्षेत्रों में 29 मिसाइलें और लगभग 400 ड्रोन दागे, जिससे कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा। यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया है, जिससे कूटनीतिक प्रयासों की नाजुक स्थिति उजागर होती है। बातचीत के पहले दिन के बाद, रूसी मीडिया ने मंगलवार को एक अनजान सूत्र के हवाले से बताया कि बातचीत तनावपूर्ण थी और छह घंटे तक चली। यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार रुस्तेम उमेरोव ने कहा कि बातचीत व्यावहारिक मुद्दों पर केंद्रित रही।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 19 फरवरी, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया 15 .58 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण, ऋतु- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पूर्व भाद्रपद 20 .52 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज इंटरव्यू आदि में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। विवाह योग्य संतान का विवाह तय हो सकता है। आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे। ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं। परिवार में तालमेल शानदार रहने वाला है।

**वृष** — आज आपकी आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आप से अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। विदेश से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आपके साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — आज आध्यात्मिक विषयों में आप रुचि लेंगे। दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नई परियोजनाओं को लेकर आप अत्यधिक सक्रिय रहने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है। वैवाहिक जीवन में संवादहीनता हो सकती है।

**कर्क** — आज भाग्य का साथ न मिलने से आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। यात्रा के दौरान बड़ी परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। अकारण लोगों से विवाद होने की आशंका है। लेन-देन में त्रुटि होने के कारण आर्थिक नुकसान हो सकता है।

**सिंह** — आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत निर्मित कर सकते अपनी कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार कर लेंगे। हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है।

**कन्या** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेमीजन के साथ पर्यटन की योजना बना सकते हैं। सुबह काम का तनाव रहेगा, लेकिन शाम तक आप काफी शांत मूड में आ जाएंगे। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**तुला** — आज दिन काफी अच्छा रहेगा। शेयर मार्केट से होने वाले नुकसान की भरपाई करने के लिए दिन अच्छा है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। व्यापार को लेकर आपके मन में पूरे दिन आइडियाज आते रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज नए ज्ञान को सीखने का प्रयास करेंगे, लेकिन धन की कमी के कारण आपके काम रुक सकते हैं। विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। वाहन में खराबी आ सकती है। कानूनी मामलों में उलझन की आशंका है।

**धनु** — आज नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अत्यंत शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए।

**मकर** — आज आप लोगों की सहायता करने के लिए उधार दे सकते हैं। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। किंतु आपको उनसे झगड़ने के बजाय उन्हें अपनी बातें मनानी चाहिए।

**कुंभ** — आज आपको नौकरी में उच्च पद मिल सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। जीवनसाथी आपकी निष्ठा से बहुत प्रभावित होगी। किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित होने की संभावना है। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

**मीन** — आज व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। अनुशासनहीनता पूर्ण व्यवहार से आपको बचना चाहिए। बढ़ते खर्चों को नियंत्रित करने के लिए आप काम करेंगे। कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। घर में उत्साह का वातावरण रहेगा।

## सुडोकू -66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 9 | | | 7 | | |
| | | 8 | | | | | | 9 |
| | 7 | | 4 | | 2 | | 6 | |
| | 9 | | | | 8 | | 4 | |
| | | 2 | 7 | | | 8 | | |
| | 8 | | 5 | | | | 3 | |
| | 1 | | | 3 | 5 | | 7 | |
| 7 | | | | | | 1 | | 5 |
| | | 6 | | | 4 | | | 3 |

### सुडोकू - 65 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 8 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 | 4 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 |



“जम्मू–कश्मीर में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन वहां एक उचित व्यवस्था की जरूरत है। जब मैंने प्रशासक का पद संभाला था, तब यह इतना आसान नहीं था। टीम को पटरी पर लाने के लिए जो भी जरूरी था, वह किया।

–मिथुन मन्हास, बीसीसीआई अध्यक्ष


# स्टेडियम

हल्द्वानी, गुरुवार, 19 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| इटली–वेस्टइंडीज | पूर्वाह्न 11 बजे |
| श्रीलंका–जिम्बाब्वे | दोपहर 3 बजे |
| अफगानिस्तान–कनाडा | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### इटली पर बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा वेस्टइंडीज

**कोलकाता।** दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज की टीम गुरुवार को यहां इटली के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अपने टीम संयोजन को और बेहतर बनाने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज ने एक दशक पहले इसी मैदान पर अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीतने के बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसने शुरू से लय पकड़ ली थी और वह इसे जारी रखने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगा। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वेस्टइंडीज का प्रदर्शन भी बेहतर होता जा रहा है। सुपर आठ में वेस्टइंडीज 23 फरवरी को मुंबई में जिम्बाब्वे और 26 फरवरी को अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा।

### ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करना चाहेंगे श्रीलंका और जिम्बाब्वे

**कोलंबो।** पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीम गुरुवार को यहां जब टी20 विश्व कप के मैच में आमने–सामने होगी तो उनका लक्ष्य ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल करना होगा। श्रीलंका ने स्थानीय परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए ओमान और आयरलैंड को हराया और फिर ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर खुद को खिताब के एक मजबूत दावेदार के रूप में पेश किया है। दूसरी ओर जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया पर अपनी अप्रत्याशित जीत और खराब मौसम की बदौलत पहली बार सुपर आठ में जगह पक्की कर ली। आयरलैंड के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था जिससे उसे एक अंक मिला। इससे ऑस्ट्रेलिया की आगे बढ़ने की उम्मीद पर पानी फिर गया। दासुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंका की टीम सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करने के बावजूद किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहेगी। वह अपनी जीत की लय को बनाए रखने और ग्रुप में शीर्ष पर रहने का लक्ष्य रखेगी।

### औपचारिक मुकाबले में कनाडा से भिड़ेगा अफगानिस्तान

**चेन्नई।** दर्शकों को अपने जज्बे और जोश भरे खेल से रोमांचित करने के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो चुके अफगानिस्तान और कनाडा बृहस्पतिवार को यहां टी20 विश्व कप के अपने अंतिम मुकाबले में आमने–सामने होंगे तो दोनों टीम जीत के साथ टूर्नामेंट का अंत कर एक मजबूत छाप छोड़ना चाहेंगी। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए यादगार ''डबल सुपर ओवर'' मुकाबले में अफगानिस्तान ने शानदार प्रदर्शन से प्रशंसकों का दिल जीत लिया था। हालांकि उन्हें अंतत: दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। कनाडा के किशोर बल्लेबाज युवराज सामरा ने चेन्नई में अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट जगत का ध्यान आकर्षित किया और टी20 शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने।

# शिवम की तूफानी पारी से भारत ने नीदरलैंड्स को 17 रनों से हराया

## टी-20 विश्व कप : फिर नहीं चला अभिषेक का बल्ला, शून्य पर आउट




अहमदाबाद, एजेंसी

शिवम दुबे के तूफानी अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में बुधवार को यहां नीदरलैंड्स को 17 रनों से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम धीमी शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 193 रन बनाए। दुबे ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 31 गेंद में छह छक्कों और चार चौकों से 66 रन की पारी खेलने के अलावा हार्दिक पंड्या (21 गेंद में 30 रन, तीन छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 35 गेंद में 76 रन की साझेदारी की जिससे भारत अंतिम पांच ओवर में 75 रन जोड़ने में सफल रहा।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (34) और तिलक वर्मा (31) ने भी उपयोगी पारियां खेली। नीदरलैंड की ओर से तेज गेंदबाज लोगान वान बीक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 56 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने 19 रन देकर दो विकेट हासिल किए। सूर्यकुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अभिषेक शर्मा का मौजूदा विश्व कप में खाता खुलने का इंतजार जारी रहा और वह लगातार तीसरे मैच में बिना रन बनाए पवेलियन लौट गए। वह आर्यन की सीधी गेंद को पूरी तरह से चूककर बोल्ड हुए। तिलक ने वान बीक पर छक्का मारा जबकि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे इशान किशन (18) ने भी इस तेज गेंदबाज पर चौका जड़ा।



विकेट का जश्न मनाते वरुण चक्रवर्ती, विकेटकीपर ईशान किशन और कप्तान सूर्यकुमार यादव।

**भारत**

**193/6 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो दत्त | 00 |
| ईशान किशन बो दत्त | 18 |
| तिलक वर्मा का वान डेर मर्व बो वान बीक | 31 |
| सूर्यकुमार का स्थानापन्न बो क्लेन | 34 |
| शिवम का स्थानापन्न बो वान बीक | 66 |
| हार्दिक का वान डेर मर्व बो वान बीक | 30 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 06 |

गेंदबाजी : दत्त 4-0-19-2, वान बीक 4-0-56-3, एकरमैन 3-0-36-0, क्लेन 4-0-38-1, डि लीडे 4-0-28-0, वान डेर मर्व 1-0-15-0

इशान ने कोलिन एकरमैन का स्वागत छक्के के साथ किया जबकि अगले ओवर में दत्त पर भी चौका जड़ा लेकिन इस ऑफ स्पिनर की अगली गेंद उनकी जांघ और फिर कोहनी से टकराकर विकेटों में समा गई। भारत ने पावर प्ले में दो विकेट पर 50 रन बनाए। सूर्यकुमार 13 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब वान बीक की गेंद पर माइकल लेविट ने उनका कैच टपका दिया। वान बीक के इसी ओवर में हालांकि रोलोफ वान डेर मर्व ने लॉन्ग ऑफ पर शानदार कैच लपककर तिलक की पारी का अंत किया। सूर्यकुमार ने 12वें ओवर में बास डि लीडे पर छक्के के साथ बाउंड्री के सूखे को खत्म किया जबकि शिवम ने अगले ओवर में एकरमैन पर दो छक्के और एक चौके के साथ टीम के रनों का शतक पूरा किया।

सूर्यकुमार हालांकि तेज गेंदबाज काइल क्लेन के अगले ओवर में बाउंड्री पर कैच थमाकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने 28 गेंद की अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का मारा। भारत ने 15 ओवर में चार विकेट पर 118 रन बनाए।

दुबे ने बाएं हाथ के स्पिनर वान डेर मर्व की फुलटॉस को दर्शकों के बीच पहुंचाया जबकि हार्दिक ने इस शॉट को दोहराया। दुबे ने 17वें ओवर में वान बीक पर दो छक्कों और एक चौके से 25 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। हार्दिक ने19वें ओवर में क्लेन पर दो छक्के मारे। दुबे ने भी वान बीक की पहली गेंद पर छक्का जड़ा।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी कोर्बिन बॉश। एजेंसी

# गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका विजयी

- यूएई को छह विकेट से हराया कोर्बिन बॉश ने किए तीन शिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कोर्बिन बॉश की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के अपने आखिरी ग्रुप लीग मैच में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात को छह विकेट से हराकर सुपर आठ की तैयारी पुख्ता कर ली। पिछली उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में 22 फरवरी को अहमदाबाद में मौजूदा चैम्पियन और मेजबान भारतीय टीम से खेलना है। वहीं यूएई की टीम ने इस हार के साथ टूर्नामेंट से विदा ली।

हल्की बूंदाबांदी और ठंडे मौसम के बीच भारतीय टीम का मैच नहीं होने के बावजूद अरुण जेटली स्टेडियम पर 12000 से अधिक दर्शक यह मैच देखने मौजूद थे। पहले गेंदबाजी करते हुए बॉश के तीन विकेट की मदद से यूएई को छह विकेट पर 122 रन पर रोकने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उसके लिये सबसे बड़ी राहत की बात 'जूनियर एबी डिविलियर्स' कहे जाने वाले डेवाल्ड ब्रेविस का फॉर्म में लौटना रहा जिन्होंने 36 रन बनाए।

यूएई ने गेंदबाजी की शुरुआत अच्छी की और पहले ओवर में ध्रुव पाराशर ने सिर्फ एक रन दिया। कप्तान एडेन माक्ररम ने हालांकि दूसरे ओवर में जुनैद सिद्दीकी को दो चौके जड़कर दबाव हटाया। तीसरे ओवर में उन्होंने हैदर अली शाह को नसीहत देते हुए तीन चौके और एक छक्का लगाया लेकिन आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए।

मार्करम ने 11 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 28 रन बनाए। नए बल्लेबाज रियान रिकेलटन ने छठे ओवर में मोहम्मद जवादुल्लाह को दो चौके लगाकर दक्षिण अफ्रीका का पचासा पूरा किया लेकिन इसी ओवर में क्विंटोन डिकॉक ने हैदर शाह को कैच थमा दिया। पावरप्ले के बाद स्कोर दो विकेट पर 56 रन था। इस साल एसए 20 में 370 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे ब्रेविस ने टूर्नामेंट में पहली बार खुलकर खेलते हुए पहले आठवें ओवर में जवादुल्लाह को मिडविकेट के ऊपर और फिर अगले ओवर में हैदर को लांग आन पर छक्का लगाया।

# अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी-20 मुकाबला आज
- तेज गेंदबाजों ने बढ़ाया टीम का आत्मविश्वास

कैनबरा, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां जब दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी तो वह पहले मैच में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पहले मैच में चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी को झकझोर दिया था। ऑस्ट्रेलिया की टीम 20 ओवर भी पूरे नहीं खेल पाई और केवल 133 रन पर आउट हो गई।

भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि बारिश के कारण खेलने का खास मौका नहीं मिला। भारत ने यह मैच डकवर्थ-लुईस प्रणाली के आधार पर जीता जिसमें केवल सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ही कुछ समय क्रीज पर बिता पाईं। लेकिन भारत की बल्लेबाजी मजबूत है और उसके खिलाड़ियों ने हाल में महिला प्रीमियर लीग में खेला था जिससे वह अच्छी तैयारी के साथ ऑस्ट्रेलिया आई है। भारत एक बार फिर शेफाली की तूफानी शुरुआत पर निर्भर रहेगा, जिन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा मंधाना की करिश्माई बल्लेबाजी तथा कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। इस साल इंग्लैंड में होने वाले महिला टी20 विश्व कप को देखते हुए भारत के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है। तीन मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज जीतने से भारत को आत्मविश्वास मिलेगा। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह का प्रदर्शन उत्साहजनक रहा, जिन्होंने चार किफायती ओवर फेंके और दो विकेट लिए।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम का अभियान बहुत खराब रहा: पोंटिंग

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने आईसीसी टी20 विश्व कप से ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद कहा कि यह बहुत खराब अभियान रहा और मौजूदा टीम में वह चमक नहीं है जो वैश्विक टूर्नामेंट में पिछली टीमों में हुआ करती थी। आईसीसी रिव्यू में पोंटिंग ने कहा कि कागज पर यह टीम उन पिछली ऑस्ट्रेलियाई टीम जैसी प्रभावशाली नहीं दिखती जिन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट में दबदबा बनाया था।

पोंटिंग ने कहा जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई टीम को कागज पर देखते हैं, तो उसमें वह आभा नजर नहीं आती जो कई अन्य ऑस्ट्रेलियाई टीम में आईसीसी टूर्नामेंट और विश्व कप से पहले दिखाई देती थी। इन टूर्नामेंटों में आगे बढ़ने और जीतने के लिए आपके सर्वश्रेष्ठ और सबसे अनुभवी खिलाड़ियों को बड़े मौकों पर प्रदर्शन करना होता है। उन्होंने शीर्ष क्रम के निराशाजनक प्रदर्शन की ओर इशारा किया जिसमें कैमरन ग्रीन और टिम डेविड शामिल थे।

# पाकिस्तान ने पूरी की सुपर-8 की लाइनअप

- फरहान के शतक के बाद स्पिनरों ने की मारक गेंदबाजी

कोलंबो, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (नाबाद 100) के पहले शतक के बाद स्पिनर शादाब खान (19 रन देकर तीन विकेट) और उस्मान तारिक (16 रन देकर चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान ने बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के 'करो या मरो' के ग्रुप मैच में नामीबिया को 102 रन से हराकर सुपर आठ में प्रवेश किया।

फरहान की 11 चौके और चार छक्के जड़ित 58 गेंद की पारी की बदौलत पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 199 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फरहान को 50 से 100 रन तक पहुंचने में महज 20 गेंद लगी। वह विश्व कप में शतक जड़ने वाले पाकिस्तान के दूसरे खिलाड़ी बन गए। इससे पहले 2014 में मीरपुर में अहमद शहजाद ने बांग्लादेश के खिलाफ शतक लगाया था।

पाकिस्तान ने 'मिस्ट्री' स्पिनर तारिक और लेग स्पिनर शादाब के स्पिन जाल से दबदबा बनाते हुए नामीबिया की टीम को 17.3 ओवर में महज 97 रन पर समेट दिया। सलमान मिर्जा और मोहम्मद नवाज ने भी एक एक विकेट झटका। इस तरह नामीबिया का अभियान चारों मैच में हार के साथ समाप्त हुआ। इस जीत से पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के अगले चरण के लिए अपना क्वालीफिकेशन भी सुनिश्चित किया जो 2028 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सह मेजबानी में खेला जाएगा। यह टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी है।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम साइम अयूब (14 रन) का विकेट गंवाकर पावरप्ले में महज 47 रन ही बना सकी। पर फरहान ने कप्तान सलमान आगा (38 रन) के साथ मिलकर 67 रन जोड़े जबकि शादाब खान (नाबाद 36 रन) के साथ 81 रन की भागीदारी निभाई। पाकिस्तान ने ख्वाजा नफे को मध्यक्रम में शामिल कर अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दी जबकि खराब फॉर्म में चल रहे शाहीन शाह अफरीदी को बाहर किया।

पाकिस्तान ने शुरू में रक्षात्मक बल्लेबाजी की जो उनके स्कोर से जाहिर हो रहा है। लेकिन कप्तान सलमान ने नौवें ओवर की शुरुआत में विलेम माइबर्ग की गेंद पर छक्का लगाकर रन गति बढ़ाने की कोशिश की। इसके बाद उन्होंने लांग-ऑन पर एक और छक्का लगाया। फिर अपने कप्तान से प्रेरित होकर फरहान ने लेग-स्पिनर माइबर्ग की गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर से एक बड़ा छक्का मारा और फिर उनकी गुगली को फिर उसी जगह भेजा। एक ओवर में तीन छक्कों से पाकिस्तान का रन रेट बढ़ गया।



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते पाकिस्तानी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान। एजेंसी

**रणजी ट्रॉफी**

67 साल में पहली बार हासिल की उपलिब्ध, हुबली में कर्नाटक के खिलाफ होगा खिताबी मुकाबला

# जम्मू–कश्मीर ने रचा इतिहास, पहली बार फाइनल में

कल्याणी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

जम्मू कश्मीर ने सेमीफाइनल के चौथे दिन दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। फाइनल 24 फरवरी से हुबली के केएससीए स्टेडियम में कर्नाटक के खिलाफ खेला जाएगा।

बंगाल ने जम्मू कश्मीर के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था। जम्मू कश्मीर में 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से वंशज शर्मा ने नाबाद 43 और अब्दुल समद ने नाबाद 30 रन बनाए।

इससे पहले तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में नौ विकेट लेकर बंगाल की जीत की संभावनाओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया था। आकिब नबी के शानदार प्रदर्शन और आईपीएल स्टार अब्दुल समद की बेखौफ बल्लेबाजी ने यह सुनिश्चित किया कि जिस टीम को कभी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाली टीम के रूप में जाना जाता था वह अब खिताब से सिर्फ एक कदम दूर है। समद ने 22 वर्षीय वंशज को विजयी रन बनाने का मौका दिया और इस युवा बल्लेबाज ने मुकेश कुमार की गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का मारकर जम्मू कश्मीर की टीम में जबरदस्त जश्न का माहौल बना दिया। जम्मू कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सत्र में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और तब से लेकर अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था।



जम्मू और कश्मीर के वंशज शर्मा (दाएं) और अब्दुल समद। एजेंसी

### कर्नाटक के रविचंद्रन स्मरण ने दूसरी पारी में भी ठोका शतक, 802 रनों की विशाल बढ़त

**लखनऊ, अमृत विचार।** लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में कर्नाटक ने उत्तराखंड के खिलाफ मैच पर पूरी तरह शिकंजा कस लिया है। चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक कर्नाटक ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 299 रन बना लिए हैं। उसकी कुल बढ़त 802 रन तक पहुंच गई है। इससे पहले उत्तराखंड ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 149 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन पूरी टीम 88 .5 ओवर में 233 रन पर सिमट गई। लक्ष्य रायचंदानी 55 रन बनाकर विजय कुमार की गेंद पर बोल्ड हुए, जिसके बाद विकेटों का पतन शुरू हो गया। निचले क्रम में आदित्य रावत ने 38 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 45 रन बनाकर संघर्ष जरूर दिखाया। कर्नाटक की ओर से विद्याधर पाटिल और विजय कुमार ने तीन–तीन विकेट लिए। उत्तराखंड को फॉलोआन न देते हुए कर्नाटक ने दूसरी पारी खेलने का फैसला किया। टीम को शुरुआती झटके लगे। मयंक अग्रवाल (21), श्रेयस गोपाल (0) और करुण नायर (8) सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद कृतिक कृष्णा (52) ने पारी को संभाला। पहली पारी के शतकवीर रविचंद्रन ने दूसरी पारी में 149 गेंदों पर 127 रनों की दमदार पारी खेली।



# विनीसियस जूनियर ने लगाए नस्लीय दुर्व्यवहार के आरोप

- चैंपियंस लीग में विजयी गोल करने के बाद बताई घटना



मैड्रिड, एजेंसी

ब्राजील के खिलाड़ी विनीसियस जूनियर ने चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के प्लेऑफ के मुकाबले में रियल मैड्रिड की तरफ से बेनफिका के खिलाफ विजयी गोल करने के बाद नस्लीय दुर्व्यवहार के आरोप लगाए। खेल को तब रोक दिया गया जब विनीसियस ने दावा किया कि रियाल मैड्रिड की 1-0 से जीत के दौरान एक प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी करके उनका अपमान किया।

रियल मैड्रिड के डिफेंडर ट्रेंट अलेक्जेंडर अर्नोल्ड ने मैच के बाद कहा अपने करियर के दौरान उन्हें कई बार इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा है और उन्होंने इसे बखूबी संभाला है। लेकिन उनके प्रति इस तरह का व्यवहार जारी रहना और आज रात ऐसा होना फुटबॉल के लिए शर्मनाक है। इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को मोनाको के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। पीएसजी एक समय दो गोल से पीछे चल रहा था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी डेज़ायर डूए के शानदार प्रदर्शन से वह आखिर में 3-2 से जीत हासिल करने में सफल रहा। अन्य मैचों में गैलाटासराय ने युवेंटस को 5-2 से हराया जबकि बोरुसिया डॉर्टमुंड ने अटलांटा के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की विनीसियस ने स्टेडियम ऑफ लाइट में बेनफिका के खिलाफ प्लेऑफ के पहले चरण में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाने के बाद रेफरी फ्रांकोइस लेटेक्सियर को नस्लवादी टिप्पणी की जानकारी दी। उन्होंने अर्जेंटीना के खिलाड़ी जियानलुका प्रेस्टियानी की ओर इशारा किया। बेनफिका के कोच जोस मोरिन्हो ने हालांकि कहा कि उनके खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी करने के आरोपों से इनकार किया है। मोरिन्हो ने कहा उन्होंने मुझे अलग-अलग बातें बताईं। लेकिन कुछ तो गड़बड़ है क्योंकि हर बार ऐसा होता है। जहां भी विनीसियस खेला, वहां हमेशा कुछ न कुछ हुआ।